वर्ष : 31 | अंक :110
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 21 फरवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक
लोकमित्र
सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

योगी सरकार ने पेश किया 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ का बजट

श्रीबांके बिहारी जी मंदिर मथुरा-वृन्दावन कॉरिडोर के निर्माण व भूमि क्रय हेतु 150 करोड़ रुपये प्रस्तावित

- छात्राओं को फ्री में मिलेगी स्कूटी
- युवाओं को ब्याज मुक्त लोन
- चार नए एक्सप्रेस-वे

लखनऊ,एजेंसियॉं। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के बजट का आकार 8,08,736 लाख रुपये, जो पिछले बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि राज्य के वित्त वर्ष 2025-26 बजट में 22 प्रतिशत राशि अवस्थापना विकास के लिए, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि व संबद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत राशि आवंटित की गई।

यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी उपलब्ध कराने के लिए 400 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की। बजट में सरकार का मुख्य फोकस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आईटी पर भी है।

कन्या विवाह सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों की दो पुत्रियों को अंतर्जातीय विवाह करने पर 55,000 रुपये तथा अंतर्जातीय विवाह करने पर 61,000 रुपये देने का प्रावधान है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 49.86 लाख स्मार्टफोन/टैबलेट दिए गए हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु 225 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। पीएम मित्र योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से संबंधित खर्च के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।वित्त मंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में हुए विकास का उल्लेख करते हुए की। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए इसे न केवल एक सांस्कृतिक तथा धार्मिक आयोजन बताया, बल्कि इसे भारत की प्राचीन आस्था व सांस्कृतिक अखंडता का प्रतीक करार दिया। खन्ना ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल बजट परिव्यय वित्त वर्ष 2025 के बजट परिव्यय से 9.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के बजट का आकार 7,36,437 करोड़ रुपये था जिसमें 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाएं शामिल थीं। वित्त मंत्री ने 'आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स सिटी' के निर्माण और 'टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रान्सलेशन पार्क' की स्थापना की नई योजनाओं की भी घोषणा की। राज्य के बजट में विधानसभा के आधुनिकीकरण के साथ-साथ विद्यालयों तथा 'पॉलिटेक्निक' में स्मार्ट कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के विकास का भी प्रावधान है। खन्ना ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को आदर्श स्मार्ट नगर निकाय के रूप में विकसित करने का काम जारी है। इसके लिए एक नगर निकाय के लिए 2.50 करोड़ रुपये यानी कुल 145 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों में कामगारों/श्रमिकों के लिए शिविर बनाने की योजना पर काम किया जाएगा, जिसमें कैंटीन, पेयजल, स्नानघर व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।योगी सरकार ने बजट 2025-26 में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण का निर्णय लिया है। आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसका ऐलान किया। इसके तहत, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जायेगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।इसके साथ ही, गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चन्दौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। यही नहीं, मेरठ को हरिद्वार से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके साथ ही, बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जायेगी।

गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित यूपी का बजट योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश सरकार का विधान सभा में बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप है। बजट गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न को साकार करते हुए वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है।मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ रुपये से अधिक (8,08,736.06 करोड़ रुपये) का है। वर्ष 2024-25 के बजट के सापेक्ष इसमें 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश के बजट के आकार में यह बढ़ोत्तरी राज्य के सामर्थ्य के अनुरूप है। यह बजट अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुल व्यय में 02 लाख 25 हजार 561 करोड़ 49 लाख रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर सम्मिलित है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश की जीडीपी 12.89 लाख करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 27.51 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

भाजपा की दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी

रेखा गुप्ता के हाथों में बागडोर

- जेड श्रेणी सुरक्षा मिली

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आज दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता दिल्ली की बागडोर संभालने वालीं नौवीं मुख्यमंत्री बन गई।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य और दिव्य समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके घर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता दिल्ली में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वो वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं।शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक में 19 फरवरी को 50 वर्षीय रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। उन्होंने इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना से राज निवास में मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल कर आम आदमी पार्टी के लंबे शासन का अंत किया है। रेखा गुप्ता ने 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति में कदम रखा। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़ी रही हैं।

रामनवमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी : चंपत राय

अयोध्या (आरएनएस)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक के दौरान आगामी रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से यहां की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। खासकर पानी की आपूर्ति को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके लिए जन्मभूमि पथ पर पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट और इंजीनियरों संग इसका मुआयना भी किया गया है।चंपत राय ने पत्रकारों से बताया कि रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लगभग एक सप्ताह तक रोकने का निर्णय लिया गया है। 6 अप्रैल को रामनवमी है और 3 अप्रैल से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि शुरू हो जाएगी। यह माना जा रहा है कि 7 अप्रैल तक अयोध्या में भीड़ कम हो जाएगी, जिससे निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गर्मियों में जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक श्रद्धालुओं के पैरों में जलन की समस्या आई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्थायी जर्मन हैंगर लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। इस काम को पुणे की एक कंपनी और राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा था। लेकिन, भीड़ के कारण यह काम रुक गया था। अब इस कार्य को पूरा करने के लिए नई तैयारी की जा रही है।उन्होंने बताया कि राम मंदिर को रोजाना 2 घंटे लाइटों से जगमग करने की योजना बनाई जा रही है, जैसे राष्ट्रपति भवन शाम को रोशन होता है। मंदिर को ठंड में शाम 6 बजे से 10 बजे तक और गर्मियों में 7 बजे से 10 बजे तक रोशन किया जाएगा। इस योजना पर भी मंथन किया गया है।उन्होंने बताया कि इस बार अयोध्या में जो श्रद्धालु आ रहे हैं, वह पहले के मुकाबले ज्यादा हैं। रोज करीब 4 से 5 लाख लोग राम जन्मभूमि के दर्शन करने आ रहे हैं, और अनुमान है कि कुल संख्या 7 लाख तक पहुंच सकती है। इससे यातायात में बहुत दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि हजारों बसें आ रही हैं और सड़कें भी भीड़ से भरी हैं।

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, (हि.स.)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है।मुंबई पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था। इसकी जानकारी मिलते ही इस ई-मेल को भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी तरह का ई-मेल आज फिर से मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी आया है। इसलिए इस तरह का ई-मेल भेजने वालों की छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे की सुरक्षा की समीक्षा भी की गई है ।

जौनपुर में दो जगह सड़क हादसा, 09 लोगों की मौत

29 घायल, पांच की हालत गंभीर, दिल्ली व झारखंड के निवासी हैं घायल

जौनपुर, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बुधवार की देर रात दो जगह हुए मार्ग दुर्घटनाओं में अब तक नौ लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 लोग घायल हुए है। ये सभी श्रद्धालु काशी विश्वनाथ, रामलला के दर्शन को जा रहे थे।पहली घटना बुधवार की देर रात करीब डेढ़ बजे की है। जौनपुर से सुलतानपुर जा रही टाटा सूमो को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 11 यात्रियों में से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं, एक पुरुष और एक नाबालिग बच्चा हैं। इनमें दो की पहचान झारखंड के हजारीबाग की निवासी कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) के रूप में हुई है। तीन अन्य की शिनाख्त की जा रही है। शेष छह घायलों को जिला अस्पताल जौनपुर में भर्ती कराया गया है।

दूसरा हादसा उसी रात तीन बजे का है, जहां एक ट्रक ट्रेलर में पीछे से बस जा घुसी। हादसे में बस चालक मोनू सिंह और उनके दो परिजन एवं एक अन्य की मौत हो गई। दोनों वाहनों में कुल 29 लोग घायल हुए है। घायलों कांति देवी, नितेश कुमार,ड्राइवर मोनू सिंह, ड्राइवर के दो परिजन, राधा देवी, गीतांजलि, तारा देवी, कमलेश, मनसा, हरिश्चंद्र, मीना देवी, बबली, सुभाष, दिनेश, रंजीत, दिनेश कुमार चौबे, कविता, हरिश्चंद्र, भगवान सिंह, मायावती, प्रेमचंद, किशोरी लाल, लक्ष्मी, सुरेश, सुशीला देवी, सरस्वती देवी, आशीष, शकुंतला, सुशीला घायल है। पांच लोगों की हालत गंभीर बताते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। बाकी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।यात्री बिमला देवी ने बताया कि वे काशी विश्वनाथ के दर्शन और महाकुंभ में स्नान करके रात 11 बजे निकले थे। चालक को झपकी आने से दुर्घटना हुई। यात्री सुशीला ने बताया कि वे कुंभ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन जा रहे थे। जिला अस्पताल के डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि बदलापुर से नौ शव आए हैं। इनमें पांच महिलाएं तीन पुरुष और एक बच्चा है।पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि जिले में कुछ ही घंटों में दो दुर्घटनाएं हुई। हादसे में अब तक नौ लोगों की जान चली गई है, 29 घायल हैं। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी परिवार को दे दिया है। घायलों में झारखंड, दिल्ली के रहने वाले हैं।

हिंदी किताब भेज रहा हूं

महाकुंभ को लेकर अखिलेश का योगी आदित्यनाथ पर तंज

लखनऊ,एजेंसियॉं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा कुंभ मेला अध्ययन पर एक पुस्तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट करेंगे। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने पहले आदित्यनाथ को सजावट के उद्देश्य से पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण भेजा था, लेकिन अब वह हिंदी संस्करण भेजेंगे ताकि वह वास्तव में इसे पढ़ सकें। यादव ने कहा कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा कुंभ पर अध्ययन स्पीकर के माध्यम से सीएम को भेजा गया था...यह अंग्रेजी में था। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें पढ़ने के लिए हिंदी में एक भेज रहा हूं।इससे पहले अखिलेश ने एक्स पर लिखा था कि अच्छी किताब पढ़ना होती है अच्छी आदत, सीखकर इससे पाएं आयोजन की महारत। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को जब बताया तब ये समाचार प्रकाश में आया कि प्रयागराज में गंगा जी का 'जल मल संक्रमित' है। लखनऊ में सदन के पटल पर इस रिपोर्ट को झूठ साबित करते हुए कहा गया कि सब कुछ 'नियंत्रण' में है। दरअसल लखनऊवालों का मतलब था 'प्रदूषित पानी' के समाचार को फैलने से रोकने के लिए मीडिया पर नियंत्रण है। जनता पूछ रही है कि 'न्यायालय की अवमानना' की तरह किसी पर 'सरकारी बोर्ड या प्राधिकरण की अवमानना' का मुक़दमा हो सकता है क्या? यूपीवाले पूछ रहे हैं = दिल्ली-लखनऊ के बीच ये चल क्या रहा है?उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि संगम का जल स्नान और आचमन दोनों के योग्य पाया गया है। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए खासतौर से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में शून्यकाल में समाजवादी पार्टी के सदस्यों की कार्यस्थगन की मांग (नियम-56 के तहत सदन की कार्यवाही रोक कर चर्चा कराने की मांग) के दौरान आरोपों का जवाब देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा,''उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड लगातार जल की गुणवत्ता की निगरानी कर रहा है तथा ताजा रिपोर्ट के अनुसार, संगम का जल स्नान और आचमन दोनों के योग्य पाया गया है।''

यूएसएड पर श्वेतपत्र जारी करे केन्द्र सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) को भारतीय चुनावों के लिए 21 मिलियन डॉलर के फंड पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विस्मयकारी टिप्पणी को बेतुका बताया है। हालांकि ट्रंप के बयान पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार से इस मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आज एक्स पोस्ट में कहा कि 'यूएसएड' इन दिनों काफी चर्चा में है। इसकी स्थापना 03 नवंबर 1961 को हुई थी। वैसे तो अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं, फिर भी, भारत सरकार को जल्द से जल्द एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए

सोशल मीडिया पर बेचे जा रहें महाकुंभ में नहाते और कपड़े बदलती महिलाओं के वीडियो, पुलिस ने लिया एक्शन

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाकुंभ में 55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके है। इस बीच कुछ लोग ऐसे है जो घिनौनी हरकतों को अंजाम दे रहे है। महिलाओं के संगम स्नान के वीडियो को सोशम मीडिया पर बेचा जा रहा है।साइबर पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि महाकुंभ में आई कुछ महिलाओं के स्नान करने और कपड़े बदलते समय का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया जा रहा है। पुलिस ने एक ऐसे ही इंस्टाग्राम अकाउंट ञ्ठठ्ठद्गद्ध्र1224872024 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। इस अकाउंट के माध्यम से महिला स्नानार्थियों के अशोभनीय वीडियो पोस्ट किया गया था। महिलाओं के वीडियो टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड किए जा रहे है और बेचा भी जा रहा है।प्रयागराज पुलिस ने महिला स्नानार्थियों की अमर्यादित वीडियो को पोस्ट करने और बेचने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया- महिला श्रद्धालुओं की अशोभनीय वीडियो, फोटो शेयर करने और टेलीग्राम पर बेचने का दावा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब पुलिस टीम आरोपियों की वास्तविक पहचान करते हुए गिरफ्तारी करेगी।

मायावती आज कल क्यों ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं -राहुल गांधी

रायबरेली,(हि.स.)। अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी गुरुवार को छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने रायबरेली में मूल भारती छात्रवास में छात्रों से सवाल किया। पूछा- मायावती आज कल क्यो ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे बहन जी बीजेपी के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़ें। अगर तीनो पार्टियां एक साथ हो जातीं तो बीजेपी कभी चुनाव न जीतती। मायावती बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रहीं हैं। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया कि कोई नहीं, तो गांधी ने उससे पूछा, क्यों नहीं। दूसरे युवा ने जवाब दिया, क्योंकि हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं।राहुल गांधी ने कहा कि आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी।

सुप्रीम कोर्ट का दखल- हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ लोकपाल के आदेश पर रोक

नई दिल्ली,(हि.स.) । सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के जजों पर लोकपाल के फैसले पर बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने लोकपाल के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि यह फैसला परेशान करने वाला है।सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर लोकपाल को सुनवाई का अधिकार घोषित करने वाले लोकपाल के 27 जनवरी के आदेश पर रोक लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल में शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को निर्देश दिया कि उन्होंने जिस जज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है उसका नाम सार्वजनिक नहीं करें। शिकायतकर्ता ने लोकपाल से शिकायत की थी कि एक निजी फर्म उस जज का पहले मुवक्किल रह चुका है जब वो वकालत करते थे।दरअसल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल की बेंच ने 27 जनवरी के अपने आदेश में हाई कोर्ट के जज के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। आज सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकपाल ने कानून की गलत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के जज को लोकपाल की परिधि में नहीं लाया गया है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी लोकपाल के आदेश की आलोचना की और कोर्ट से इस पर रोक लगाने की मांग की।

महाकुम्भ : 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद भी अल्कलाइन वाटर से भी बेहतर गंगा जल

गंगा नदी के जल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने प्रयोगशाला में झूठा साबित किया

महाकुंभनगर। महाकुम्भ में अब तक 57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इसके बावजूद गंगा जल की शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने अपनी प्रयोगशाला में यह सिद्ध कर दिया है कि गंगा का जल न केवल स्नान योग्य है, बल्कि अल्कलाइन वाटर जैसा शुद्ध है। गंगा नदी के जल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने अपनी प्रयोगशाला में झूठा साबित कर दिया है।

उन्होंने अपने सामने गंगा जल लेकर प्रयोगशाला में जांचने की खुली चुनौती भी दी है। साथ ही कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो, वह मेरे सामने गंगा जल ले और प्रयोगशाला में जांचकर संतुष्ट हो जाए। मोती उगाने की दुनिया में जापानी वर्चस्व को चुनौती देने वाले शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक ने संगम और अरैल के साथ एक दो नहीं बल्कि पांच घाटों से गंगा जल कलेक्ट किया है। डॉ. सोनकर के लगातार तीन महीने के शोध में यह साबित किया कि गंगा जल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। प्रयोगशाला में इसकी शुद्धता की पूरी तरह से पुष्टि हो गई है। बैक्टीरियोफेज के कारण गंगा जल की अद्भुत स्वच्छता क्षमता हर तरह से बरकरार है।देश के शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने महाकुम्भनगर के संगम नोज और अरैल समेत अलग-अलग पांच प्रमुख स्नान घाटों से खुद जाकर जल के नमूने इकट्ठा किए। इसके बाद उन्हें अपनी प्रयोगशाला में सूक्ष्म परीक्षण के लिए रखा। डॉ. अजय के अनुसार आश्चर्यजनक रूप से करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ देखी गई और न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। यही कारण है कि गंगा जल में 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने के बाद भी उसका पानी दूषित नहीं हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ संस्थाओं और लोगों ने जनता में एक तरह का भ्रम फैलाया। जिसमें गंगा जल को आचमन और स्नान के लिए अयोग्य बताया गया था। वहीं डॉ. सोनकर के शोध ने इस दावे को पूरी तरह गलत साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। विभिन्न घाटों पर लिए गए सैंपल को प्रयोगशाला में 8.4 से लेकर 8.6 तक पीएच स्तर का पाया गया है। जो काफी बेहतर माना गया है।

गंगा का जल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. सोनकर ने यह भी स्पष्ट किया कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है, बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते। दावा है कि कोई भी व्यक्ति उनके साथ घाटों पर जाकर जल के नमूने इकट्ठा कर सकता है और प्रयोगशाला में उनकी शुद्धता की पुष्टि कर सकता है।

महाकुम्भ में 57 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान के बावजूद गंगा जल आज भी अपनी प्राकृतिक शक्ति से रोगमुक्त बना हुआ है।

गंगा जल प्रदूषित होता तो अब तक मच गया होता हाहाकार

डॉ. सोनकर ने कहा कि यहां महाकुम्भ को लेकर एक बात बहुत ध्यान देने वाली है और वो यह कि जिस प्रकार गंगा के जल को महाकुम्भ के पहले से ही अति दूषित बताकर दुष्प्रचार किया जा रहा है, लेकिन यदि ऐसी स्थिति सच में हुई होती तो अब तक दुनिया में हाहाकार मच गया होता। अस्पतालों में कहीं पैर रखने की जगह भी नहीं बची होती। ये मां गंगा की स्वयं को शुद्ध कर लेने की अद्भुत शक्ति है कि 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान कर लेने के बाद भी किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। भ्रम फैलाने वालों से पूछा जाना चाहिए कि यदि गंगा जल दूषित है तो इन 57 करोड़ श्रद्धालुओं में से एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की बीमारी की कोई शिकायत क्यों नहीं पाई गई।

बैक्टीरिया की संख्या 37 डिग्री इंक्यूबेशन कंडीशन में भी नहीं बढ़ी

डॉ. सोनकर के अनुसार पानी में बैक्टीरिया की वृद्धि पानी को अम्लीय बना देते हैं। कई बैक्टीरिया अपने चयापचय के हिस्से के रूप में अम्लीय उपोत्पाद उत्पन्न करते हैं, जो पानी के पोटेंशियल आफ हाइड्रोजन (पीएच) स्तर को कम करता है। जैसे ही बैक्टीरिया पोषक तत्वों का उपभोग करते हैं वे लैक्टिक एसिड या कार्बोनिक एसिड जैसे अम्लीय यौगिकों को छोड़ते हैं। जिसकी वजह से पीएच गिर जाता है। लेकिन जांच में पांचों नमूने अल्कलाइन पाए गए, जिसकी पीएच वैल्यू 8.4 से 8.6 रिकॉर्ड हुई है। जो बैक्टीरिया के अप्रभाव को साबित करता है। साथ ही जल के नमूने में जीवित बैक्टीरिया बहुत कम संख्या में थे, जो जैविक रूप से अपनी आबादी बढ़ाने योग्य नहीं पाए गए। 37 डिग्री सेल्सियस पर इंक्यूबेशन कंडीशन में भी बैक्टीरिया की संख्या नहीं बढ़ी है।

महाकुम्भ में 2 लाख से अधिक श्रद्धालु ले चुके हैं लेजर लाइट शो का आनंद

प्रयागराज और महाकुम्भ की कथा लेजर शो में देखते हैं प्रतिदिन 5 हजार से अधिक श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुंभनगर। प्रयागराज में सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम, महाकुम्भ का दिव्य - भव्य आयोजन पिछले 38 दिनों से चल रहा है। महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज में कई तरह के भव्य आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रयागराज में यमुना बोट क्लब के काली घाट पर लेज़र लाइट शो का प्रदर्शन 11 जनवरी से हो रहा है। अब तक लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालु लेजर लाइट शो का आनंद ले चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग की ओर से ये लेजर शो प्रयागराजवासियों के लिए एक सौगात है। प्रयागराज के माहात्म्य और महाकुम्भ की गाथा पर आधारित लेजर शो शहर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। इसका प्रदर्शन महाकुम्भ के बाद भी नियमित तौर पर होता रहेगा।

5 हजार से अधिक श्रद्धालु रोज देखते हैं लेजर शो

महाकुम्भ का दिव्य ङ्क भव्य आयोजन एक ओर तो प्रयागराजवासियों के लिए आत्मसम्मान और गौरव का विषय है, साथ ही महाकुम्भ शहर वालों को कई तरह की सौगात भी दे जाता है। महाकुम्भ की ऐसी ही सौगात है लेजर लाइट शो। जिसका प्रदर्शन यमुना बोट क्लब के पास काली घाट पर शाम 7 बजे और 8 बजे नियमित तौर पर हो रहा है। 40 मिनट की अवधि का लेजर शो तीर्थराज प्रयागराज के महात्म और महाकुम्भ की पौराणिक कथा पर आधारित है। शो की आर्गनाइजर टेम्फ्लो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अंकुर चौधरी का कहना है कि 11 जनवरी से लेजर शो का नियमित प्रदर्शन हो रहा है। प्रत्येक दिन कम से कम 5 से 6 हजार लोग शो का आनंद लेते हैं।

कभी - कभी ये संख्या 10 हजार से भी अधिक हो जाती है। अब तक महाकुम्भ में लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालु लेजर शो को देख और सराह चुके हैं।

महाकुम्भ के बाद भी चलता रहेगा लेजर लाइट शो

अंकुर चौधरी का कहना है कि लेजर शो का आयोजन उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से हो रहा है। प्रयागराज के महात्म की गाथा का ये लेजर शो महाकुम्भ के बाद भी नियमित तौर पर चलता रहेगा। प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आने वाले दिनों में भी ये शो आकर्षण का केंद्र होगा। काली घाट, यमुना जी के तट पर इस शो का प्रदर्शन दर्शकों के लिए पूरी तरह फ्री आफ कॉस्ट है। उन्होंने बताया कि शाम के समय फ्लोटिंग रेस्टोरेंट कालिंदी और बोट क्लब के पास शो का प्रदर्शन प्रयागराजवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों को एक नया अनुभव दे रहा है। वाटर स्क्रीन पर लेजर लाइट से प्रयागराज और महाकुम्भ की कथा का प्रदर्शन दर्शकों को आस्था, भक्ति के साथ सुखद अनुभूति भी दे रहा है। साथ ही ये शो युवा पीढ़ी को नई तकनीकी के माध्यम से सनातन आस्था की प्राचीन परंपरा से जोड़ने का एक अनूठा और सफल प्रयास भी साबित हो रहा है।

सूखने लगे तालाब, पोखर कैसे प्यास बुझाएंगे जानवर

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। गर्मी के सूर्य के तीखे तेवर से शुरुआती दौर में ही क्षेत्र के कई गांवों में तालाबों में पानी सूख गए हैं। कई में पानी सूखने के कगार पर हैं। इससे आने वाले समय में पशु - पक्षियों को पीने के पानी के लिए दिक्कत होने की आशंका है । हर साल गेहूं पकने और गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है ।इसके बचाव के लिए तालाबों में पानी होना वरदान साबित होता है । जिससे आवश्यकता पड़ने पर लोगों को तुरंत तालाब से पानी मिल जाता है । प्रशासन की लापरवाही और लोगों में जागरूकता के अभाव के चलते तालाबों में पानी नहीं भरा जा रहा है । मात्स्य पालन करने वाले लोग मछलियों को बचाने के लिए ही तालाबों में पानी भरते हैं । जिससे पशु - पक्षियों को भी पीने के लिए पानी मिल जाता है । पिछले साल औसतन बारिश कम होने से बहुत से तालाब सूख गए हैं । लेड़ियारी के आसपास गांवों में बस्ती के बीच में तालाब स्थित है । जिससे पानी भरने के लिए रास्ता नहीं है । ग्रामीणों का कहना है कि नहर से तालाब में पानी भरने के लिए नाली बनाई जानी चाहिए । लेड़ियारी के सगरा तालाब में पानी भरने के लिए सड़क के किनारे से नाली बनी ही नहीं है । लेकिन नारीबारी कोरांव स्टेट राजमार्ग बनाए जाने के कारण तालाब में पानी भरने का रास्ता पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया है । जिसके लोगों ने उपजिलाधिकारी कोरांव से तालाब में पानी भरने के लिए नहर से तालाब को जोड़ने के लिए तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया।

पांच दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

मऊआइमा (प्रयागराज)। ब्लॉक संसाधन केंद्र मऊआइमा में खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में समेकित शिक्षा के अंतर्गत इन सर्विस ट्रेंनिंग आफ नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय कार्यशाला सकुशल संपन्न हुई। कार्यशाला में 45 नोडल टीचर ने प्रतिभाग किया। स्पेशल एजुकेटर आशा मिश्रा, कुसमा द्विवेदी, अजय कुमार ने कार्यशाला के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी।

महाकुंभ में गूंजा देशभक्ति का जयघोष : पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का हुआ सम्मान

कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 सैनिकों की पत्नियों और 11 पूर्व सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया

महाकुंभनगर। महाकुंभ के पावन अवसर पर सेक्टर-7 में समाज कल्याण विभाग के पांडाल के ऑडिटोरियम में गुरुवार को पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सेना के प्रति आम जनता में जागरूकता, सम्मान और समर्पण की भावना विकसित करना है और पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनके पुनर्वास को लेकर जागरूकता फैलाना भी है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अपने बयान में कहा कि कुंभ सिर्फ आस्था का ही नहीं बल्कि विचारों के आदान प्रदान का भी संगम है।

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 वीर सैनिकों की पत्नियों को सम्मानित किया गया, जो अपने परिजनों की शहादत के बावजूद राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। इसके अलावा 11 पूर्व सैनिकों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में सेना देश की रक्षा करती है। समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुंभ में निराश्रित वृद्धजनों के लिए 100 बेड का एक अस्थाई वृद्धाश्रम भी बनाया गया है, जहां प्रदेश भर से बुजुर्गों को लाकर संगम स्नान कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बुजुर्गों को सुनने की मशीन, छड़ी, कमर के लिए बेल्ट आदि उपकरण भी प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के कल्याण, उनके पुनर्वास और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई।

इस आयोजन में कर्नल एके मिश्रा, रजत बंबानी, अमित सिंह और अनिल भार्गव प्रमुख रहे। इसके अलावा, वारंट ऑफिसर श्रीराम शिवहरे, टीपी वर्मा, पीबी सिंह, प्रमोद शुक्ला, डीबी सिंह, सूबेदार संजीव चौरसिया और मदन वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

एशिया-प्रशांत में कैंसर रोकथाम हेतु आईसीपीसी के सहयोग से शुआट्स में अंतर्राष्टीय सम्मेलन प्रारम्भ

देश–विदेश के विशेषज्ञ, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों ने दिये महत्वपूर्ण सुझाव

EQUITY IN ACTION
DRIVING PROGRESS
IN CANCER CARE
20-21 February 2025
le Cancer

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में अंतर्राष्टीय कैंसर रोगी गठबंधन (आईसीपीसी) द्वारा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कैंसर रोकथाम व इलाज के उद्देश्य से 'कार्रवाई में समानता- कैंसर देखभाल में प्रगति को बढ़ावा देना' विषय पर दो दिवसीय वैश्विक शिक्षर सम्मेलन का उद्घाटन बृहस्पतिवार को हुआ। राज्य सभा सांसद डा. सस्मित पात्रा, आईसीपीसी के महासचिव प्रोफेसर (डॉ.) डेनिस होर्गन, शुआट्स कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. बिश्वरूप मेहरा, कुलसचिव प्रो. रानू प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डा. डेनिस होर्गन ने मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के निर्माण, रोगियों, समुदायों की कैंसर देखभाल को उन्नत और न्यायसंगत व सशक्त बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से एक फ्रेमवर्क विकसित किया जायेगा जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सभी तरह के कैंसर का जल्द पता लगाने की प्रणाली विकसित करने, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों में डिजिटल स्क्रीनिंग पर जोर देना, 2030 तक कैंसर का प्रारंभिक पता लगाने की दरों में 15 प्रतिशत वृद्धि, कैंसर रोकथाम पहल को बढ़ावा देने हेतु 5 मिलियन डॉलर फण्ड एकत्रित करना, 2027 तक कृत्रिम बुद्धि (ए.आई.) संचालित निदान व टेलीमेडिसिन हेतु 500 कैंसर विज्ञानी को प्रशिक्षित करना, अनुसंधान व विकास में निवेश बढ़ाना आदि है। उन्होंने कैंसर से निदान हेतु पब्लिक एवं प्राईवेट सेक्टर को एक साथ कार्य करने व हेल्थ केयर सिस्टम को सपोर्ट करने वाली नीति निर्माण को समय की जरूरत बताया।

उड़ीसा से राज्य सभा सांसद डा. सस्मित पात्रा ने कैंसर इलाज हेतु आयुष्मान भारत में 5 लाख वार्षिक धनराशि को बढ़ाने, कैंसर निदान व रोकथाम हेतु ग्लोबल प्रोटोकाल स्थापित करने, आयात होने वाली महंगी दवाओं का निर्माण भारत में किये जाने की बात कही, साथ ही जीवनशैली व खानपान में बदलाव, प्लास्टिक का उपयोग करने का सुझाव भी दिया। राजनीतिक गोलमेज सत्र के दौरान सांसद ने विभिन्न सवालों के उत्तर दिये।

सम्मेलन में आनलाईन जुड़ी सांसद डा. फौजिया खान ने टेलीमेडिसिन, सस्ती जाँच, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पर जोर देने व कैंसर को अधिसूचित बीमारी घोषित करने की बात कही। ग्रामीण क्षेत्र में कैसर जागरूकता बढ़ाने का सुझाव दिया।

अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. डा. राजेन्द्र बी. लाल ने बतौर कृषि वैज्ञानिक अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में कार्य के दौरान उन्होंने मिट्टी की सतह से पानी में मिलने वाले केमिकल की जांच की। उन्होंने कहा कि जैविक खाद्य पदार्थ का प्रयोग बीमारी से दूर जरूर रखता है लेकिन केमिकल के डर में नहीं रहना चाहिये। उन्होंने परमेश्वर पर विश्वास करके सदाचार जीवन व उच्च स्तर की जीवनशैली को अपनाने की बात कही।

आईसीपीसी बोर्ड सदस्य एवं प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल ने कहा कि महाकुंभ मेला जिसमें प्रयागराज शहर में सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग लिया, हमें सिखाता है कि सामूहिक कार्य बड़े बदलाव ला सकता है

जिससे प्रेरणा लेकर इस अंतर्राष्टीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सम्मेलन में शामिल होने वाले नीति निर्माता, स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञ, रोगी अधिवक्ता, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता के सुझाव से कैंसर देखभाल पर एशिया-प्रशांत घोषणा के माध्यम से समान देखभाल के लिए कार्रवाई योग्य रूपरेखा और औपचारिक प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा मिलेगा।

सम्मेलन में विकसित होने वाले फ्रेमवर्क में कैंसर नीतियों को संरेखित करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने हेतु 'क्षेत्रीय टास्क फोर्स' का शुभारंभ, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रव्यापी जीनोमिक प्रोफाइलिंग को मॉडल बनाने, मृत्यु दर को 20 प्रतिशत तक कम करने वाले थाईलैंड के एआई-संचालित प्रारंभिक पहचान कार्यक्रम को अपनाने, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से संसाधनों को जुटाने, फिलीपींस कैंसर कोएलिशन फाउंडेशन जैसे रोगी अधिवक्ता समूहों का समर्थन किये जाने को शामिल किया गया। उद्घाटन समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ। तकनीकी सत्र को फिलीपीन के डा. मारीकर सबेनियानो, फोर्टीस अस्पताल दिल्ली के डा. सौरभ गुप्ता, वेंकटेश्वर अस्पताल दिल्ली के डा. सुनील कु0 गुप्ता, बर्सीलोना यूनिवर्सिटी स्पेन के प्रो. करीम लेकादीर, भुवनेश्वर से स्वास्थ्य निदेशक डा. लतातेन्दू सारंगी, बेंगालूरू से वरिष्ठ सलाहकार डा. बी.एस. श्रीनाथ, अपालो लखनऊ के डा. सतीष कुमार अनन्दन, लखनऊ से डा. कर्नल अभिषेक पाठक ने सम्बोधित किया।

गजबः अधिकतर सार्वजनिक शौचालयों पर लटक रहे ताले

स्वच्छता अभियान में लापरवाही ग्रामीणों ने की शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों और कस्बों में सार्वजनिक शौचालय बनवाए गए हैं । ताकि खुले में शौच पर अंकुश लगाया जा सके । मगर अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के यह अभियान भी फेल होता दिख रहा है। ज्यादातर शौचालयों में ताले लटक रहे हैं । और बाकी में भयानक गंदगी का अंबार लगा हुआ है । ऐसे में ग्रामीणों को खुले में शौच जाना मजबूरी ही है । विकास खंड कोरांव के डीही खुर्द , देवीबांध , पवांरी , चैलारी , नीबी , लेड़ियारी , कोलसरा आदि गांवों में भी यही हाल है । कुछ गांवों में सड़कों के बगल सार्वजनिक शौचालय बनवाए जाने के बावजूद बस्ती के लोगों व आमजन मानस को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है । कोरांव के आसपास गांवों में ज्यादातर शौचालयों में ताला लगा रहता है । इस सड़क के अगल-बगल भारी गंदगी का अंबार होता चला जा रहा है । दूर- दराज से आए अनजान राहगीरों को समुचित सुविधा व्यवस्था न होने के कारण सड़क के बगल शौच के लिए जाना मजबूरी सी बन गई है । साधन सहकारी समिति लेड़ियारी अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह सुनील कुमार ने तहसील प्रशासन के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए सरकार की छवि धूमिल करने वाले आरोप लगाया है । उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय का ताला न खुलवाना सरकार विरोधी की हरकत है । सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में शौचालय बनवाए गए हैं । इसके बावजूद ग्रामीणों व आने - जाने वाले राहगीर हर यात्रियों और खासतौर पर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । प्रशासन से इस संबंध में कई बार अवगत कराया गया लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम प्रधान जबरन ताला बंद किए जाने के कारण शौचालय बनाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है ।

कुम्भ मेला के दौरान नहीं रहती दो जून रोटी की चिंता, पूरा परिवार मिलकर मांगता है भीख

लेड़ियारी (प्रयागराज)। किसी ने सही कहा है कि भगवान जिस किसी को भी इस दुनिया में भेजता है उसके जीने का भी रास्ता बना देता है।यह बात अलग है कि सबको बराबर से नहीं लेकिन कुछ न कुछ जीने और खाने को जरूर देता है।समझ में भिक्षु समाज पहले से ही रहस्यमय रहा । इसके बाद भी समाज में उसे धिक्कार के साथ-साथ कुछ न कुछ सहानुभूति के रूप में मिलता ही है ।ऐसा ही प्रयागराज में चलने वाला लगभग पैतालीस दिन का धार्मिक कुंभमेला सैकड़ो लोगों के लिए यहां रोजगार लेकर आता है । वही किसी न किसी के दो जून के भोजन का इंतजाम भी कर देता है । धार्मिक आस्था के लिए आने वाले श्रद्धालु यहां पूजा पाठ तो करते ही है। साथ ही दान - पुण्य में भी पीछे नहीं रहते । दान - पुण्य का दूसरा स्वरूप भिक्षुओं की मदद करना है । एक वक्त की रोटी की जुगाड़ में दर - दर भटकने वाले भिखारियों के लिए माघ मेला उन्हें जीवन के लिए हर साल वरदान लेकर आता है । जिसमें भिक्षुओं को थोड़ी से प्रयास से दोनों समय का भरपेट भोजन मिल जाता है । पैसों के साथ - साथ पुराने कपड़ों में मिल जाया करते हैं । माघ मेले में जहां दुनिया के कोने - कोने से लोग जुटे रहे हैं । वहीं देशी। - विदेशी पर्यटन भी आ रहे हैं । दूसरी ओर जिले के ही बल्कि जनपद के आस - पास के शहरों से भी भिखारी मेले में मौजूद हैं । हकीकत तो यह है कि सड़कों के किनारे रेलवे एवं बस स्टेशनों के आसपास खाना बदोशी की जिंदगी व्यतीत करने वाले भिक्षुओं के परिवार व खानदान के एक-एक सदस्यों की माघ मेले का इंतजार रहता है । इनकी माने तो माघ मेले में एक - एक सदस्य भीख मांगता है । लेकिन उसका सुपरविजन परिवार का मुखिया ही करता है और इतना इंतजाम हो जाता है कि बड़े आराम से साल छह महीने ये अपने दोनों वक्त के रोटी का जुगाड़ कर लेते हैं । जब इनसे वार्ता की और दिनचर्या जानी तो हाथ पैर से मजबूर देईबांध निवासी शिव प्रसाद ने बताया कि उसकी जिंदगी अंतिम पड़ाव पर है । तीन पीढ़ियों से गुजर - बसर हो रहा है । उनके नाती पोता सभी इसी पेशे से जुड़े हैं । भिक्षा और नौकरी का सवाल पर आंखों से झलकते आंसू को पोछते हुए शिव प्रसाद कहते हैं कि यह सब उनके लिए एक सपना है । त्यौहार एवं पर्व पर भले ही उसकी मुराद पूरी हो जाए । लेकिन आम दिनों में कई दिनों तक तो आधे पेड़ भोजन ही जुट पता है । और कभी - कभी तो पानी पीकर ही सो जाना पड़ता है । लड़के और लड़कियों के शादी - विवाह से जुड़े सवाल पर शिव प्रसाद अचानक चुप हो गया और फिर अपमान की तरफ देखते हुए अपने दैनिक प्रक्रिया में खो गया ।

केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति को निर्धारित करेगा- वाईपी सिंह

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित केंद्रीय बजट संगोष्ठी व पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

भारतीय जनता पार्टी, जिला-कौशाम्बी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। वित्त वर्ष 2025 2026 का केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य रखता है या बजट स्वीकार करता है कि किसी देश की शक्ति उसके भूमि में नहीं बल्कि उसके लोगों में होती है और इस प्रकार सभी वर्गों में समावेशी विकास के माध्यम से मोदी सरकार की सबका साथ सबका विकास की प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित करती है यह बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है कराधान, ऊर्जा क्षेत्र ,शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र,नियामक सुधार, और खनन इस बजट का लक्ष्य एक व्यापक अच्छा आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है जिसमें विकास को गति देना समावेशी विकास को सुरक्षित करना भारत के मध्यम वर्ग के शक्ति को बढ़ावा देना निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावनाओं को सशक्त करना शामिल है।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है ताकि उसकी क्षमता को बढ़ाया जा सके वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कटौती की सीमा को वर्तमान में 50000 से दोगुना कर एक लाख कर दिया गया है इसी प्रकार किराए पर टीडीएस की वार्षिक सीमा 240000 से बढ़कर 6 लाख कर दी गई है इसके अतिरिक्त विदेशी प्रश्न पर संग्रह टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़कर 10 लाख कर दी गई है मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग पढ़कर भोज को कम करने के मार्ग को जारी रखा है 12 लाख तक के समान आए वाले करदाताओं को कर छूट दी जा सकती है जो स्लैप दर में कमी के कारण होने वाले लाभ के अतिरिक्त होगी जिससे उनका कोई कर दे नहीं होगा 12 लाख किया वाले का डाटा को 80000 का कर लाभ मिलेगा जो मौजूदा दलों के अनुसार 100ः कर देता के बराबर है इसी प्रकार 18 लाख की आय वाले व्यक्ति को 70000 का कर लाभ प्राप्त होगा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहा है सरकार सुशासन के माध्यम से नागरिकों के जीवन को आसान बनाने और उनके महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है इस बजट में आधारित सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित हल्का नियम की ढांचा प्रस्तुत किया गया है इससे आने वाले दशकों में उत्पादकता और रोजगार में वृद्धि होगी नियम की सुधारो की उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी और गैर मिट्टी क्षेत्र की सभी नियमा वलियों प्रमाण पत्रों लाइसेंसों और अनुमतियों की समीक्षा करेगी इसका उद्देश्य विश्वास आधारित आर्थिक प्रशासन को मजबूत करना और निरीक्षण एवं अनुपालन के मामलों में व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाना है 2025 में निवेश अनुकूलता सूचकांक लॉन्च किया जाएगा इससे प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना को बढ़ावा मिलेगा इसके अतिरिक्त मोदी सरकार जनविश्वास अधिनियम 2.0 पेश करेगी इसके अंतर्गत सबसे अधिक विधायी प्रावधानों में अपराधों को गैर अपराधीकरण किया जाएगा इसका उद्देश्य व्यवसाय करने में आसानी बढ़ाना और नागरिकों के समग्र कल्याण को सुनिश्चित करना है। इस मौके पर काशी क्षेत्र से उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी,सह संयोजक व जिला मंत्री प्रदीप पांडेय शीलू,जिला उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय, चक्रेश मिश्रा,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चंद्र दिवाकर, कॉपरेटिव के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, रमेश अग्रहरि, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा,सभी वरिष्ठ अधिवक्तागण, जनपद के तमाम व्यापारीगण,किसान, मजदूर, महिलाएं उपस्थित रहीं।

अपने सहयोगियों से बिछड़ी महिलाओं का पुलिस ने मिलाया

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। महाकुम्भ-2025 में स्नान हेतु आयीं सीता प्रजापति पत्नी रामधारी प्रजापति निवासी बरगवा सिगरौली म0प्र0 महाकुम्भ में अपने सहयोगियों से बिछड़कर, रास्ता भूल कर भटकते हुए मंझनपुर चौराहा आ गयी थीं। जिन्हे बैरियर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल द्वारा पूछताछ कर महिला हेल्प डेस्क पर बैठाया गया एवं परिजनों से वार्ता कर उन्हे बुलाकर उनकी सुपुर्दगी में देकर गन्तव्य के लिए रवाना किया गया।

यूपी बजट पर जिला कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। यूपी के इतिहास का सबसे बड़े बजट में महिलाओं ,छात्राओं के लिए आजीविका मिशन, लखपती योजना मेधावी छात्राओं के स्कूटी योजना स्वागत योग्य है। मेधावी छात्रों को भी स्कूटी देने की घोषणा होनी चाहिए। 58 नगर पालिका को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा, दो नए नए एक्सप्रेस वे और कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा स्वागत योग्य है। हाइवे पर टोल की राशि घटाया जाना चाहिए था। किसानों को विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड क्षेत्र में बदहाली से बचाने के लिए प्रस्तुत बजट में कोई ठोस योजना नहीं है। उक्त प्रकिया राम प्रकाश मिश्रा एडवोकेट अध्यक्ष, जिला कर अधिवक्ता संघ कौशाम्बी ने दी है।

उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं- गौरव पांडेय

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार ने जो बजट पेश किया है वह बजट कहीं प्रदेश के हित में नहीं है। जिस प्रकार इस बजट में बेरोजगारी, महंगाई एवं प्रदेश की विकास की चर्चा नहीं की गई है जब तक महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं की जाएगी तब कब तक उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है। सरकार को इस पर विचार विमर्श करना पड़ेगा इस बजट का हम पूर्णता विरोध करते हैं।

जनहित के कई कार्यों को लेकर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को सौंपा मांगपत्र

जल्द ही सड़क और लाइट का काम न दुरूस्त हुआ तो होगा धरना प्रदर्शन- अजय सोनी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन खुर्द, ग्राम तुलसीपुर में जिला पंचायत के द्वारा निर्माण कराई जा रही सड़के और कई गांवो में खराब हाई मास्ट लाइट के सुधार को लेकर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने आवाज उठाई है। अपर मुख्य जिला पंचायत कमलेश सिंह को एक मांगपत्र सौंपकर तत्काल समुचित कार्यवाही करने की मांग की है अन्यथा धरना प्रदर्शन करने की बात कही है।

गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने वार्ड की जनहित की कई समस्यायों के समाधान को लेकर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह से मिले और उन्हें सड़क एवं लाइट की समस्या से अवगत कराया। साथ ही एक मांगपत्र सौंपकर तमाम समस्यायों के समाधान कराए जाने की मांग की।

सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन खुर्द में जिला पंचायत द्वारा सड़क निर्माण होने के बाद तुरंत उखड़ने की जांच और दोषियों पर कार्रवाई सहित उक्त सड़क के पुनर्निर्माण कराए जाने, ग्राम तुलसीपुर में करीब दो सालों से निर्माणधीन सड़क के जल्द निर्माण पूरा कराए जाने, ग्राम बडनपुर घाटमपुर के नवनिर्मित सीसी रोड के तालाब साइड वाल निर्माण, ग्राम शमसाबाद, मलाक पिंजरी, उदहिन बुजुर्ग, फत्तेपूर बेला और बारा तफ्रीक में खराब हाई मास्ट के सुधार करवाने और जिला पंचायत द्वारा गांव गांव लगवाई गई स्ट्रीट लाइटों के खराब होने की जांच और उनके स्थान पर नई स्ट्रीट लाइट लगवाने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह ने सभी मांगों पर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, जुम्मन अली आदि उपस्थित रहें।

जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कुल 03 लोगों को किया जिला बदर आयुध अधिनियम के तहत लोकशान्ति व लोक सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र लाइसेन्स किया गया निरस्त

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला मजिस्ट्रेट मधुसूदन हुल्गी ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत कुल 03 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिला बदर होने वालों में-रवि कुमार तिवारी पुत्र लल्लन तिवारी निवासी भद्दुरपुर थाना मंझनपुर, मो0 नियाज उर्फ नियाज अहमद पुत्र जहीर निवासी-तूतीपुर थाना करारी एवं उमानाथ पाल पुत्र राम आधार निवासी चूहापीरन थाना कड़ाधाम को जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने लाइसेन्स निरस्तीकरण आयुध अधिनियम के तहत योगन्द्र सिंह उर्फ महेन्द्र पुत्र चन्द्रपाल निवासी-कन्नूपुर मजरा डोरमा थाना सैनी जनपद कौशाम्बी का लाइसेन्स नम्बर-10645 राइफ्ल 315 बोर नम्बर-ए0बी0-11-06414 को लोकशान्ति व लोक सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र लाइसेन्स निरस्त किया।

सराय अकिल पुलिस ने चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित चार आरोपियों को गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चार आरोपियों को चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो के साथ रक्सराई नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। वाहन की जमातलाशी से कब्जे से 77 अदद चोरी के घण्टा घण्टी, 02 अदद कटर व 4600 रुपये बरामद किया गया। पूछताछ से आरोपियों द्वारा बताया गया कि 02 दिवस पूर्व थाना सराय अकिल अन्तर्गत ग्राम जुगराजपुर में देवस्थान से तथा 02 माह पूर्व थाना सैनी अन्तर्गत ग्राम शाखा में बुढवा बाबा मन्दिर एवं थाना पश्चिम शरीरा अन्तर्गत पूरब शरीरा से झारखण्डी मन्दिर में चोरी की घटना को अन्जाम दिया था। बरामद वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपियों को भेजा जा रहा है।

हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित शमीम अहमद मंसूरी निवासी ग्राम बसेढ़ी थाना संदीपनघाट को ग्रीन सिटी रोड ग्राम मलाक मोहिउद्दीनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

आगजनी की घटना से सम्बन्धित तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित राम विशाल, दयाराम, गंगाराम निवासीगण कशिया पूर्व थाना संदीपनघाट को सरवर अजीज के ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मन्नू निवासी गोविन्दपुर मजरा ताजमल्लहन थाना कड़ाधाम को 30 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले81वाहनों का ई-चालान किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बी0आर0सी0-सरसवां एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

NIPUN BHARAT

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा आज विकारा खण्ड-सरसवां के कुल-05 विद्यालयों के साथ बी0आर0सी0-सरसवां एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय-सरसवां का निरीक्षण किया गया। जिसमें सहायक अध्यापक-08, शिक्षामित्र 01. अनुदेशक 02 एवं चौकीदार 01 अनुपस्थित पाये गयें। निरीक्षण के समय कम्पोजिट विद्यालय-दलेलागंज, वि0ख0-सरसवों में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश, सहायक अध्यापक अर्चना सिंह, सहायक अध्यापक गीतांजली, अनुदेशक आरती देवी, कम्पोजिट विद्यालय-जमुनापुर, वि0ख0 सरसवां में सहायक अध्यापक राधिका सिंह, सहायक अध्यापक हमांशु अग्रहरि, सहायक अध्यापक कोमल सरोज, अनुदेशक सुमन वर्मा, शिक्षामित्र कान्ती देवी, कम्पोजिट विद्यालय-महेवाघाट, वि0ख0 सरसवां में सहायक अध्यापक वेद प्रकाश, सहायक अध्यापक वन्दना सिंह, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय-सरसवां में चौकीदार बैजनाथ बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये उक्त शिक्षक शिक्षणेत्तार कर्मचारियों का निरीक्षण तिथि का वेतनध्मानदेय अवरुद्ध किया गया। कम्पोजिट विद्यालय दलेलागंज- वि0ख0 सरसवों का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय समय से नहीं आती है, शिक्षक डायरी सही से नहीं भरी जाती है और न ही शिक्षण कार्य के प्रति कोई रुचि ली जा रही है। छात्र नामांकन 304 के सापेक्ष मात्र 17 छात्र उपस्थित पाये गये, छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक कितने छात्रों की डी0बी0टी0 का कार्य और छात्र-छात्रा का अलग-अलग नामांकन कितना है का उत्तर तक नहीं दे सके। एम0डी0एम0 रजिस्टर दिनांक 17 फरवरी 2025 से नहीं भरी गयी जिससे प्रतीत होता है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालयीय कार्यो में रुचि नहीं ली जाती है। कम्पोजिट विद्यालय-जमुनापुर का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि शिक्षकध्शिक्षिकाएं विद्यालय समय से नहीं आती है। छात्र नामांकन 230 के सापेक्ष मात्र 61 छात्र उपस्थित पाये गये, छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक श्याम लाल सोनकर टैबलेट पर कोई कार्य नहीं कर पा रहे थे, अध्यापक उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित अध्यापकों का कालम खाली छोड़ा गया था और न ही इसका अंकन लॉग बुक में ही किया गया, डी0बी0टी0 230 छात्र के सापेक्ष 207 की ही हो पायी है, दूध, चिक्की, फल का वितरण नहीं किया जाता, टी0एल0एम0 का प्रयोग नहीं किया जाता। कम्पोजिट विद्यालय-बैरागीपुर के निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय में कही विद्यालय का यू-डायस कोड नहीं लिखा था, 47 छात्र-छात्राओं की डी0बी0टी0 का काम बाकी है। एम0डी0एम0 के अन्तर्गत चिक्की आदि का वितरण नहीं किया जाता है। कम्पोजिट विद्यालय-महेवाघाट के निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षक ध् शिक्षिकाएं विद्यालय समय से नहीं आती है, छात्र नामांकन 304 के सापेक्ष मात्र 188 छात्र उपस्थित पाये गये, छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के समय पाया गंगा कि कोई भी अध्यापक के अनुरुप कार्य नहीं कर रहें थे। लॉग बुक सही से नहीं भरी गयी थी। एम0डी0एम0 के चार्ज हस्तांतरण हेतु अजय कुमार स0अ0, को कई बार निर्देशित किया गया लेकिन उनके द्वारा अभी तक वर्तमान प्रधानध्यापक को एम0डी0एम0 का चार्ज हस्तांतरण नहीं किया गया। अजय कुमार कक्षा-07 के अध्यापक है और गणित विषय पढ़ाते है, बच्चों ने बताया कि गणित में अभी तक केवल 06 पाठ तक ही पढ़ाया गया है, बच्चों का शैक्षिक स्तर न्यून पाया गया। उक्त लापरवाही के लिए स0अ0 अजय कुमार एवं स0अ0 वेद प्रकाश का माह फरवरी-2025 का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध किया गया। कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय-सरसवों में आर0ओ0 मशीन एवं वाशिंग मशीन, मल्टीपल हैण्डवास खराब पाया गया। इं0 वार्डेन, शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापक डायरी नहीं भरी जा रही है। निरीक्षण में पायी गयी उक्त कमियों पर प्रधानाध्यापकों प्रभारी प्रधानाध्यापकों, वार्डेन प्रभारी वार्डेन को नोटिस निर्गत करते हुए निर्देशित किया गया कि निरीक्षण में पायी गयी कमियों को तत्काल सुधारते हुए अपना स्पष्टीकरण 02 कार्य दिवस में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा को उपलब्ध करायें।

शिव साधिका मां विश्वरूपा संग सेल्फी लेकर बनाए यादगार पल

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। भारत दर्पण महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मां शिव साधिका विश्वरूपा जी प्रयागराज के महाकुंभ से बुधवार की रात अपने सहयोगियों के साथ दिल्ली स्थित अपने आश्रम लौट वापस लौट रही थी इस दौरान मां विश्वरूपा सैनी कोतवाली के अटसरॉय में स्थित प्रयागराज रेस्टोरेंट में रुकने के पश्चात भोजन ग्रहण किया। जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की सराहना करते हुए विभिन्न मुद्दों पर वार्ता किया। इस दौरान शिव साधिका मां विश्वरूपा ने बताया कि आज ही उनको जगतगुरू को उपाधि मिली है। शिव साधिका मां विश्वरूपा जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह बदलाव खुद लाना होगा कि जब हम आत्मा और परमात्मा के बनाए रास्ते पर चलना चाहिए।

चक्रपाणि महाराज के साथ लोगो ने ली सेल्फी

सिराथू, (कौशाम्बी)। अखिल भारतीय हिंदू संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज एक ऐसा नाम है, जिसे सुर्खियों में बना रहना आता है, हर दिन गंभीर मुद्दों पर अपनी बाते रखने में माहिर है। स्वामी चक्रपाणि महाराज वो सख्श है जिन्होंने दाऊद इब्राहिम की कार को बीच रोड में आग लगा दी थी। स्वामी चक्रपाणि महाराज बुधवार की रात अपने काफिले के साथ प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौटते समय सैनी कोतवाली के अटसरॉय स्थित प्रयागराज ढाबा में रुके जहां उन्होंने भोजन वगैरह करने के बाद मौजूद लोगो के साथ सेल्फी खींचाते हुए अपने विचार रखे। सेल्फी लेने वालों में मो सैफ , मो गुफरान आदि लोग मौजूद रहें।

परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति पत्नी के आपसी विवाद का कराया समझौता

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र टीम द्वारा 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया। दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी की सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया मासिक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव व जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के साथ जिला कारागार कौशाम्बी का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई तथा जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए व साफ-सफाई आदि के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

महिला के सीने में गोली मारने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के बसेढ़ी गांव में बुधवार की रात घर के अंदर महिला के सीने में गोली मारने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

बसेढ़ी गांव निवासी अब्दुल ताहा के मुताबिक बुधवार को वह पिता मोहम्मद अफजल के साथ काम से प्रयागराज गया हुआ था। घर पर उसकी मां अजरा उर्फ गुड़िया अकेली थी। इसी बीच देर शाम गांव का ही युवक तमंचा लोड कर उसके घर पहुंच गया। आरोप है कि वह दरवाजा खुलवाने के बाद मां से भूमि विवाद को लेकर बहस करने लगा। बात बढ़ने पर वह तमंचे से मां के सीने में गोली मार दी। फायर की आवाज सुनकर परिजनों को आता देख वह भाग निकला। सूचना पाकर आई पुलिस ने गंभीर हालत में घायल महिला को इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर दोनो के रंजिश चल रही थी। घायल महिला के बेटे अब्दुल ताहा की तहरीर पर शमीम अहमद मंसूरी पुत्र लल्लन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धर पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

जमीनी विवाद में जेठ ने भयाहू को पीटा, दी जानलेवा धमकी

पट्टी प्रतापगढ। जमीनी विवाद में जेठ ने भयाहू को जमकर मारा-पीटा और जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के करैला गांव की रहने वाली ममता यादव पत्नी राजू ने गुरुवार को दिन में 11~30 बजे के आसपास पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि उसकी बाग की भूमि जिसका बंटवारा अभी नहीं हुआ है में उसका जेठ जबरन नाली का निर्माण कर रहा है। विरोध करने पर आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फावड़ा लेकर दौड़ा लिया। पीड़ित महिला ने आरोपी पर पूर्व में भी मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बावजूद आरोपी उसे व उसके बच्चों को जान से मार देने की धमकियां दे रहा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

लीलापुर प्रतापगढ़। नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में लालगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राजेन्द्र राम ने मय हमराह कां0 विशाल यादव, कां0 विशाल वर्मा द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त सूरज सरोज पुत्र मग्धू सरोज निवासी ग्राम कान का पुरवा बेलहा थाना लालगंज को थानाक्षेत्र लालगंज के रामपुर बावली चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने बताया कि नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, और जेल भेजा जा रहा है।

खनन माफियाओं की सक्रियता से रात भर गरजती है जेसीबी

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। भट्ठा संचालकों द्वारा रॉयल्टी के नाम पर इस समय क्षेत्र में अवैध खुदाई बेतरतीब ढंग से संचालित हो रही है। रात्रि में ट्रैक्टरों पर मिट्टी लोड होकर दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए हाईवे पर धड़ल्ले से भागते देखे जा सकते हैं । जहां प्रशासन महाकुंभ को लेकर पूरी तरह अलर्ट है, वहीं दूसरी तरफ खनन माफिया प्रशासन की चौकसी के बावजूद भी आंख में धूल झोंक कर बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली से बेखौफ होकर मिट्टी की ढुलाई करवा रहे हैं। प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर महाकुंभ के दौरान ट्रैक्टर से हुए हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन सीख नहीं ले रहा है । प्रशासन की अनदेखी के कारण ट्रैक्टर चालक ग्रामीण इलाकों के रास्ते अपने गंतव्य को बेखौफ निकल जा रहे हैं ।

पीएम किसान निधि की 19वीं किस्त 24 फरवरी को करेगें जारी, जनपद में होगा सजीव प्रसारण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि दिनांक 24 फरवरी 2025 को भागलपुर (बिहार) में आयोजित होने वाले ''किसान सम्मान समारोह'' में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान निधि की 19वीं किस्त जारी की जायेगी जिसका सजीव प्रसारण कृषकों के मध्य जनपद के समस्त विकास खण्ड कार्यालयों/राजकीय कृषि बीज भण्डारों, ग्राम पंचायतों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किया जायेगा जिसका प्रसारण लिंक ीजजचेरूध्ध्चउपदकपूमइबेंजणदपबण्पद है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कर्मचारियों/अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित कर दिया है। उन्होने बताया है कि जनपद में कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड सभागार कुण्डा, बिहार, बाबागंज, लालगंज, सांगीपुर, रामपुर संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर, शिवगढ़, गौरा, पट्टी, बाबा बेलखरनाथधाम, मंगरौरा, आसपुर देवसरा, मानधाता व सण्ड़वा चन्द्रिका में तथा विकास खण्ड कालाकांकर के कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर व विकास खण्ड सदर के कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन परिसर प्रतापगढ़ में किया जायेगा।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को उठाये लाभ, 05 मार्च तक करें आवेदन

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अन्तर्गत जनपदीय रिसोर्स पर्सन के रूप में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है। उन्होने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 21 फरवरी से 05 मार्च 2025 तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी में आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमन्य लाभ प्राप्त करने के लिये न्यूनतम योग्यता प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय/संस्थान से खाद्य प्रौद्योगिक/खाद्य अभियंत्रण में डिप्लोमा/स्नातक डिग्री होनी चाहिये। प्रौद्योगिकी उन्नयन नये उत्पाद विकास, गुणवत्ता आश्वासन खाद्य सुरक्षा प्रबन्धन के लिये खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में कंसल्टेन्सी सेवायें प्रदान करने में 03 से 05 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग बैकिंग, डीपीआर की तैयारी और प्रशिक्षण में अनुभव वाले व्यक्ति होने चाहिये।

दुष्कर्म व पास्को एक्ट का वांछित भेजा गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के बेलहा कान का पुरवा निवासी सूरज सरोज पुत्र मग्घू सरोज दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। गुरूवार की सुबह गश्त के दौरान उप निरीक्षक राजेन्द्रराम ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर रामपुर बावली चौराहे के समीप से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी से कोतवाली में पूछताछ के बाद देर शाम जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि आरोपी की दुष्कर्म के मामले में तलाश थी। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

शादी में हंगामा करने वाले को ले गयी पुलिस, बाद में दोनों पक्षों में हुआ समझौता

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के झलिहा मधुकरपुर गांव में बीती अठारह फरवरी को एक युवती की शादी के लिए बारात आनी थी। इस बीच एक युवक युवती के घर पहुंचकर हंगामा करने लगा। हंगामा करने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को अपने साथ लेकर लौट गयी। बाद में दोनों पक्षों के बीच चली बातचीत के बाद आपस में सुलह समझौता हो गया। रानीगंज कैथौला चौकी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि घटना को लेकर कोई तहरीर नही मिली है। दोनों पक्षो मे आपसी समझौता कर लिया है।

प्रदेश का बजट युवाओं, किसानों तथा महिलाओं व आम आदमी के लिए प्रमोद तिवारी व मोना ने बताया निराशाजनक

कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने डबल इंजन की सरकार के प्रदेश बजट को दिखावा व नाटक दिया करार

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये आम बजट को क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार के बजट को युवाओं, किसानों, महिलाओं तथा आम आदमी के लिए निराशाजनक करार दिया है। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने बजट को इवेण्ट बना दिया है। कांग्रेस नेताद्वय ने कहा कि जब बजट की धनराशि जमीन पर खर्च ही नही हो रही है तो ऐसे में बजट की संख्या बढ़ाना सिर्फ दिखावा और नाटक है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पिछला बजट भी मात्र बावन से चौवन प्रतिशत खर्च हुआ है। नेताद्वय ने कहा कि अब फिर पेश बजट में संख्या बढ़ाने से प्रदेश की जनता को कोई फायदा नही होने वाला है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सरकार पर बजट को लेकर तगडा हमला बोलते हुए कहा कि जब बजट पेश किया जा रहा था तो सदन में प्रदेश सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव मौर्य अनुपस्थित रहे। नेताद्वय ने कहा कि इससे यह साबित होता है कि सरकार के द्वारा पेश किये गये बजट के प्रति मंत्रिमण्डल सामूहिक रूप से कितना उदासीन है। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बजट में किसानों को निराशा मिली है।

वहीं नेताद्वय ने कहा कि बजट में युवाओं को भी रोजगार को लेकर कोई ठोस नीति न बनाकर सिर्फ आउटसोर्सिंग पर छोडकर धोखा दिया गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि इस बजट में सबसे बड़ा धोखा प्रदेश की आधी आबादी महिलाओं को मिला है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक बजट में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ वादा किया था उसी तरह इस बजट में भी गैस सिलेण्डर तथा स्कूटी का झूठा वायदा किया गया है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि यह बजट उसी पुराने बजट की फोटोकॉपी दिखलायी पड़ती है। वहीं आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह भी सवाल दागा है कि इस बजट में शिक्षा के लिए तेरह प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए ग्यारह प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छः प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के चार प्रतिशत की धनराशि आवंटित की गयी है। नेताद्वय ने सरकार से पूछा है कि वह आखिर पिछले बजट का हिसाब जनता को क्यों नही दे रही है। नेताद्वय ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सरकार बजट खर्च नही कर पायी। इसके कारण अस्पतालों में बेड व दवा नहीं है, स्कूलों में शिक्षक नही हैं और सामाजिक सुरक्षा के नाम पर दलितों तथा पिछड़ों पर अत्याचार हो रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि सरकार का ध्यान प्रदेश के विकास पर न होकर सिर्फ बजट का आकार बड़ा करने पर केन्द्रित है। नेताद्वय ने कहा है कि सरकार ने पिछले बजट में खर्च न कर पाने के लिए आखिर क्या अब प्रदेश की जनता से अपनी असफलता के लिए माफी मांगेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि सच्चाई यह है कि बड़े बजट का सपना दिखाकर प्रदेश के लोगों को गुमराह किया जा रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश के बजट में सरकार ने महिला थानों एवं महिला अत्याचारों को रोकने के लिए फास्ट टैऊक्र कोर्ट की स्थापना के क्षेत्र में भी नाकाफी धनराशि बजट में आवंटित किया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बजट पर तंज कसा कि डबल इंजन आपस में लड़ रहे हैं और अफसरशाही भ्रष्टाचार में मौज काट रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा कहती है कि हमारी डबल इंजन सरकार है लेकिन पिछले वित्तीय वर्ष का आधा बजट तक खर्च नही हो पाया। नेताद्वय ने कहा है कि अब दोबारा प्रत्येक वर्ष की भांति बजट में आंकड़ो की बाजीगरी प्रदेश सरकार जनता को धोखा देने का काम कर रही है। नेताद्वय ने बतौर उदाहरण कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ का बजट इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि बजट बढाया गया लेकिन अव्यवस्था चरम पर आ पहुंची।

रास्ते के विवाद में मारपीट, चार के खिलाफ केस दर्ज

रखहा प्रतापगढ़। एक सप्ताह पूर्व रास्ते के विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर देवर,देवरानी सहित चार के खिलाफ मारपीट करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के जगदीशगढ़ निवासिनी आशा देवी का कहना है कि बीते 12 फरवरी को सुबह लगभग सात बजे आने जाने वाले रास्ते में उसके देवर सुरेश, मनोज एवं देवरानी रेखा सहित चार लोग बांस बल्ली गाड़कर रास्ता बंद कर रहे थे। मना करने पर हुई कहासुनी के बाद लाठी डंडा एवं लोहे की मोटी राड लेकर उसके ऊपर हमला बोल दिया। इस दौरान जब उसकी 17 वर्षीय पुत्री रानी और 15 वर्षीय पुत्री स्नेहा उसे बचाने दौड़ी तो आरोपितों ने उसके ऊपर भी हमला बोलकर तथा मारपीट करके घायल कर दिया । आरोप है कि घर में घुसने पर हमलावर ने घर में घुसकर तोड़फोड़ किया।एसओ दिलीपपुर शत्रुघन वर्मा ने बताया कि आशा देवी की तहरीर पर केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

पत्रकारिता व शिक्षा के माध्यम से स्व. पाण्डेय जी ने समाज का किया मार्गदर्शन - डीएम

▶▶ वरिष्ठ पत्रकार स्व.अरुण कुमार पाण्डेय की स्मृति में सद्भावना दिवस समारोह आयोजित

स्व. श्री अरुण कुमार पाण्डेय जी
की स्मृति में आयोजित
"सदभावना दिवस समारोह
PRABHU. COM.
SABJI MANDI PBH
Mob-9451352953

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार स्व. अरुण कुमार पाण्डेय की स्मृति में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन लीला पैलेस में किया गया । जिसमें स्व. पाण्डेय जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करने के साथ ही, उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । समारोह के मुख्य अतिथि शिव सहाय अवस्थी जिलाधिकारी व विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य मौजूद रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति डॉ. यू.पी. सिंह व संचालन अनूप %अनुपम% ने किया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत प्रबंधक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने किया। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती तथा स्व. पाण्डेय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई। ततपश्चात वरिष्ठ कवयित्री मीरा तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । अतिथियों के प्रति स्वागत गीत आयुषी पाण्डेय व स्तुति पाण्डेय ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया।बतौर मुख्य अतिथि सद्भावना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को ज्ञान, नैतिकता, समाजिक मूल्यों और सही व्यवहार की सीख दिलाती है । संस्कार के द्वारा व्यक्ति अपनी प्रवृतियों का विकास करके अपना तथा समाज दोनों का हित करता है । अच्छे संस्कार इस जीवन में ही व्यक्ति को पवित्र नहीं करते, बल्कि पारलौकिक जीवन को भी पवित्र बनाते हैं। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी हैं। पत्रकारिता व शिक्षा के माध्यम से स्व. पाण्डेय जी ने समाज का मार्गदर्शन किया, इसलिए वे अनुकरणीय हैं और रहेंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का अभिनन्दन कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनूप पाण्डेय व उपस्थित अतिथियों ने राजेन्द्र कुमार द्विवेदी, अशोक कुमार सिंह व परमानन्द मिश्र को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह आदि भेंटकर, संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम को सूर्यकांत मिश्र निराला, राज नारायण शुक्ल राजन, इं. विशाल नाथ तिवारी, सुरेश त्रिपाठी, पूनम इंसान, अर्चना सिंह, दिनेश गुक्कज, प्रेम कुमार त्रिपाठी, डॉ. पीयूष कांत शर्मा, राजेश कुमार मिश्र, चिंतामणि पाण्डेय आदि ने सम्बोधित किया । इस दौरान प्राचार्य डॉ. विजय त्रिपाठी, मनोज तिवारी, प्रथमेश सेनानी, राधेकृष्ण त्रिपाठी, रतन जैन, संजीव आहूजा, शरद केसरवानी, प्रधानाचार्य डॉ. राघवेंद्र पाण्डेय, राम आसरे तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, नागेंद्र नाथ तिवारी, रामकृष्ण मिश्र गुड्डु, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र, संजय श्रीवास्तव, बृजेन्द्र सिंह, संजय द्विवेदी, अजय ओझा, राम प्रसाद तिवारी, हरिश्चंद्र शुक्ल, रमेश चंद्र पाण्डेय, विनय पाठक, आशुतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम के अंत में डॉ. अमित पाण्डेय ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

मांगों को लेकर लोको पायलटों ने शुरू की भूख हड़ताल

▶▶ प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर लॉबी के सामने शुरु किया अनशन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मांगों को लेकर आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय आह्वान पर रेल कर्मियों ने गुरुवार को 36 घंटेकी भूख हड़ताल शुरू की है। जो शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर लॉबी के सामने शाखा मंत्री रमेश गुप्ता के नेतृत्व में अनशन पर बैठे लोको पायलट और गार्डों का कहना है कि सरकार पुरानी पेंशन लागू करे। रनिंग भत्ते की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाय। सत्तर किलोमीटर भत्ते को आयकर से मुक्त किया जाए। रात ड्यूटी दो रात्रि तक ही सीमित की जाय और साप्ताहिक अवकाश 46 घंटे का किया जाय। अनशन पर अजय कुमार, अमित श्रीवास्तव, राजीव रंजन, वसीम,सुजीत,सुधाकर,संतोष, अजय, नवीन, अमर बहादुर, अमर नाथ तिवारी, मो आरिफ और सुधाकर सिंह समेत कई रेल कर्मी मौजूद थे। मंत्री रमेश गुप्ता ने बताया कि 22 फरवरी को भी भूख हड़ताल करेंगे।

क्रिकेट मैच की तैयारी में पसीना बहा रहे रेल कर्मी

▶▶ रेलवे ग्राउंड में कर रहे हैं अभ्यास, 24 को लखनऊ में होगा मुकाबला

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। लखनऊ में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के रेल कर्मियों की टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे ग्राउंड में दो दिनों से अभ्यास के दौरान खिलाड़ी पसीना बहा रहे हैं।24 फरवरी को लखनऊ में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे की ओर से किया गया है। जिसमें अन्य जिले के रेल कर्मियों की टीम भी प्रतिभाग करेगी। मैच के दौरान जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतापगढ़ रेलवे की टीम भी मैदान में ताल ठोकने को आतुर है। इसके लिए टीम के खिलाड़ी अभ्यास में जुटे हुए हैं। टीम कुछ इस तरह से है। राजेश रावत कप्तान, धीरेंद्र उपकप्तान हैं। केतन शुक्ला, शिवा सरोज, हसनैन, रामाश्रय, शिवम्, जैसपाल और इमरान खान समेत चौदह खिलाड़ी शामिल हैं। मेंस यूनियन के शाखा मंत्री अनिल शुक्ला, उपाध्यक्ष मोहम्मद अनीश, वीके तिवारी, विनय मिश्रा समेत यूनियन के कई नेता मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं।

वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजन आज विश्व कल्याण के लिए संगम में लगाएंगे डुबकी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। वृद्धाश्रम महुली में निवासरत दादा-दादी के साथ एलायंस क्लब के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने एक आवश्यक बैठक करके सभी दादा-दादी को 21 फरवरी को संगम स्नान करने की जानकारी दी। साथ ही कहा कि 144 वर्ष बाद यह संयोग महाकुंभ का बना है। सभी वृद्धजनों से निवेदन किया गया कि सभी लोग कल अपने बच्चों और विश्व के कल्याण के लिए संगम में डुबकी लगाएं और पूण्य के भागीदार बने। सुबह 7~00 बजे वृद्ध दादा दादी जो चलने लायक हैं तैयार रहे। बस द्वारा सभी को संगम स्नान करने के लिए वृद्धाश्रम परिवार अपने साथ ले जाएगा। वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने कहा कि सभी वृद्धजनों को संगम जाने तक का पास भी मिल गया है।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, वरिष्ठ भाजपा नेता गोकुल श्रीवास्तव जी का पूरा सहयोग वृद्धाश्रम परिवार को मिल रहा है। जिससे वृद्ध दादा दादी के कुंभ में स्नान का सपना पूरा हो रहा है। इस अवसर पर जय राम, शिव बाबू, आशिक अली, लालता प्रसाद, शिवचंद्र शुक्ला, रामबोद, राम बहादुर मौर्य, शीला, ललिता, प्रभु देवी, गोमती देवी, राम गरीब, धर्मेंद्र, पंकज, अमित, आदर्श, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

रामपुर खास में विकास तथा सुरक्षा का सदैव दिखेगा सुदृढ़ वातावरण- प्रमोद तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरूवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर व्यापारियों तथा प्रधानों व कार्यकर्ताओं व लोगों से मुलाकात कर विकास योजनाओं के संचालन में सहयोग मांगा। रानीगंज कैथौला बाजार में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व व्यापारियों तथा क्षेत्रीय प्रधानों की बैठक में बोलते हुए राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास में विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से व्यापारिक क्षेत्र को विकास तथा सुरक्षा का सुदृढ़ वातावरण मजबूत बनाया रखा जाएगा। बैठक में मौजूद जयप्रकाश जायसवाल, पवन अग्रहरि, श्यामलाल जायसवाल, ददन सिंह, राजू केसरवानी की अगुवाई में व्यापारियों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बाजार में जनसुविधाओं के साथ बाजार के स्वरूप को सुरक्षित बनाए रखने में विशेष योगदान को लेकर सामूहिक आभार जताया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। यहां दर्शन पूजन कर आगामी महाशिवरात्रि के पर्व पर होने वाले राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों का अवलोकन किया। लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। यहां कार्यकर्ताओं की बैठक में तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को सफल बनाए जाने को लेकर टिप्स दिये। इस मौके पर प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, अनिल महेश, राजू सिंह, विभाकर नाथ शुक्ल, अशोक सिंह, निसार अहमद, विपत्ति लाल पटेल, शेरू खां, पन्नेलाल पाल, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

पईसा थाना में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

सिराथू, , (कौशाम्बी)। महाशिवरात्रि, होली व रमजान के पर्व को लेकर बृहस्पतिवार को पईसा थाना में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पिस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे कोतवाली प्रभारी रोशन लाल ने संभ्रांत नागरिकों व ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि , होली व रमजान आदि त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ आपसी तालमेल के साथ मनाने को कहा साथ ही उन्होंने शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन को बताते हुए कहा कि अगर कोई समस्या होती है तो पुलिस को अवगत कराए उन्होंने कहा कि अगर अराजकतत्व या अफवाह फैलाता है तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर उप निरीक्षक लोकेश कुमार शर्मा, अजय कुमार यादव, अफजलपुरवारी चौकी प्रभारी संतोष चौरसिया, चंद्रकांत मिश्रा , किफायत उल्ला, ग्राम प्रधान रियाज अहमद , हरिश्चंद्र मौर्य , रवि कुमार सहित पुलिस स्टॉफ व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

राजकीय विद्यालय की एक छात्रा बाथरुम में गिरकर घायल, दूसरी बीमार

चायल, (कौशाम्बी)। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फकोइलहा गांव स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की एक छात्रा गुरुवार को नहाते समय बाथरूम में गिरकर घायल हो गई जबकि दूसरी छात्रा बीमार हो गई। दोनों को इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से चायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया है।रसूलाबाद उर्फकोइलहा गांव स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय से दो छात्राओं राधिका और पायल को गुरुवार की दोपहर इलाज के लिये एंबुलेंस से चायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। उनका प्राथमिक उपचार चिकित्सकों ने किया। पायल के नाजुक अंगों में गहरी चोट होने के कारण और राधिका के पेट का अल्ट्रासाउंड होने की जरूरत बताते हुए चिकित्सकों ने एमआरआई कराने के लिए उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ मुक्तेश द्विवेदी का कहना है कि छात्राओं के तकलीफ बताने के अनुसार एक बाथरूम में स्नान करने के है। जबकि दूसरे के पेट में पथरी होने के कारण तेज दर्द था। लिहाजा उन्हें एसआरएन में अल्ट्रासाउंड और एमआरआई कराने के लिए भेजा गया है।

मेठ से एडवांस लेकर मजदूरों ने ईंट भट्टा पर मजदूरी करने से किया इंकार

घायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र में ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के नाम पर मजदूरों ने मेठ से हजारों रुपये ऐंठ लिया। दो दिन ईंट भट्टे पर मजूदरी करने के बाद भाग निकले। रुपये मांगने पर वह गाली गलौज करने लगे। पीड़ित मेठ ने थाने जाकर आरोपी मजदूरों के खिलाफ तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।लालपुर गांव निवासी आशीष कुमार ईंट भट्टे में मजदूर उपलब्ध कराता है। उसके मुताबिक पखवाड़े भर पहले वह काजू गांव के हरिश्चंद्र को तीन मजदूरों के काम करने के लिए 47 हजार रुपये एडवांस दिया था। वह एक मजदूर के साथ ईंट भट्टे पर दो दिन काम करने के बाद सप्ताह भर पहले घर में बीमारी का बहाना कर 20 हजार रुपये और लेकर काम करने नहीं जा रहा है। बुधवार को जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो वह गाली गलौज कर उसे धमकाने लगा। पीड़ित ठेकेदार ने गुरुवार को थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

संदिग्ध दशा में किशोरी का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के सुधवर गांव में बुधवार की शाम संदिग्ध दशा में किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराये बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सुधवर गांव निवासी राम दुलारे मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। बुधवार शाम किसी बात को लेकर 15 वर्षीय बेटी कोमल को डांट दिया था। इसी बात को लेकर वह नाराज हो गई। कुछ देर के बाद किशोरी ने कमरे में जाकर दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटककर जान दे दी। परिजनों ने किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने डायल 112 पुलिस को फोन कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि किशोरी की मौत बीमारी के कारण हुई है। परिजनों ने आनन फानन में किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में एसओ जगदीश कुमार का कहना है कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर गई थी। परिजनों ने बीमारी से किशोरी की मौत का कारण बताया है। किसी ने तहरीर नहीं दी है। शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत किये गये रूट डायवर्जन स्थलों पर पहुँचकर वस्तुस्थिति का लिया जायजा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी महाकुम्भ-2025 से सम्बन्धित कानपुर एवं चित्रकूट की तरफ से आने वाले वाहनों को निकालनेध्पास कराने के लिए किये गये रूट जायवर्जन स्थलों पर पहुँचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले एवं वापस आने वाले श्रृद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने श्रृद्धालुओं एवं उनके वाहनों को रूकने के लिए बनाए गए आकस्मिक वाहन पार्किंग स्थलों पर पहुँचकर किये गये आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभ आरंभ

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, (कौशाम्बी)। डॉ. ए. एच. रिजवी डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं स्वयं सविकाओ ने प्राथमिक विद्यालय अगियौना विकास खण्ड मंझनपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ हुआ। विशेष शिविर का शुभआरंभ महाविधालय के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी ने दीप प्रज्ज्वालित एवं गाँधी जी एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर महाविधालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबू तलहा अंसारी, चीफ प्राकटर डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रेमलता सिंह ने भी माल्यार्पण किया। विशेष शिविर के शुबारंभ के अवसर पर प्रबंधक महोदय ने स्वयं सेवक एवं सविकाओ को संबोधित करते हुए कहा की समाज सेवा ही देश की प्रमुख सेवा है।

इसमें बढ़चढ़ कर सभी को भाग लेना चाहिए, ताकि राष्ट्राय के नागरिकों को समाज के प्रति जागरूक किया जा सके।

महाविधालय के कर्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना ने स्वयं सेवक एवं सविकाओ को पूरे एक सप्ताह ग्रामवासियों को स्वच्छता, नशाखोरी, इत्यादि के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबू तलहा अंसारी ने अपने संबोधन में कहा की विशेष शिविर 20 फरवरी से 26 फरवरी तक रहेगा।

जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति रैली, वृक्षारोपण, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ, साईबर अपराध, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के मध्यम से अगियोना ग्राम वासियों को रैली व नुक्कड़ नाटक के मध्यम से जागरूक करेंगे।

इस अवसर पर महाविधालय के शिक्षक डॉ. अशरफ अब्बास, सुनील अग्राहरी, गुलनाज नकवी व प्राथमिक विद्यालय अगियोना के शिक्षक राकेश अग्राहरी, रीना कौर, फरहत नसीर, शमीम फातिमा आदि उपास्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, सनसनी

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, (कौशाम्बी)। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के शीतलाधाम में गुरुवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हनुमान घाट पानी टँकी के नीचे पड़ा मिला।शव मिलने की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी कड़ाधाम पुलिस को दी।पुलिस की शिनाख्त के दौरान

मृतक की पहचान गांव के ही मल्हू फकीर पुत्र गुलाब उम्र करीब 35 वर्ष के रूप में हुई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक शराबी किस्म का था और अक्सर पानी टंकी पर चढ़कर मदिरा का सेवन करता था।आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान नशे में धुत होने के कारण पानी टँकी से गिरकर युवक की मौत हुई हो वहीं परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।घटना की बाबत थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।पीएम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ब्लॉक सभागार सिराथू में आंगनबाड़ी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। विकास खंड सिराथू के ब्लॉक सभागार में श्पोषण भी पढ़ाई भीश् कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयो का प्रशिक्षण बृहस्पतिवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन सीडीपीओ मनोज वर्मा व एआरपी मनोज सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयो से कहा कि श्पोषण भी पढ़ाई भीश् कार्यक्रम जिले के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषण पर भी विशेष जोर देता है। सीडीपीओ मनोज वर्मा ने प्रशिक्षण में 0-3 वर्ष और 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए नव चेतना और आधारशिला कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित करना है, जहां बच्चों की प्रारंभिक देखभाल, शिक्षा और पोषण पर समान रूप से ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में 35 आंगनबाड़ी को प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान एआरपी मनोज सिंह , सुपरवाइजर गैस रानी सहित आंगनबाड़ी मौजूद रही। इसी तरह ब्लॉक संसाधन केंद्र सिराथू में एआरपी पीयूष कुमार ने प्रशिक्षण दिया।

सिराथू कस्बे में धूमधाम से निकाली गई मां दुर्गा जी की शोभायात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू कस्बे में स्थापित संकट मोचन मंदिर में दुर्गा जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान भक्तों ने दुर्गा जी की शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण कराया। बृहस्पतिवार की अपराह्न 12 बजे सिराथू कस्बे के संकट मोचन मंदिर से गाजे बाजे के साथ मां दुर्गा जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मंदिर से होकर कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए संकट मोचन मंदिर में समाप्त हुई।

जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। वहीं डीजे की धुन पर महिलाओं और युवाओं ने जमकर ठुमके लगाए। भक्तों ने जगह जगह शोभायात्रा रोककर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया । भक्तों ने दर्शन करने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य यजमान श्याम नारायण केसरवानी व रानी बिट्टी केसरवानी, राजेश पाण्डेय, अशोक केसरवानी, पवन केसरवानी, रामजी जायसवाल, मनोज कुमार, पवन चौरसिया, शिव बाबू , सुशील कुमार, सुनील कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहें।

महाकुंभ में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को गंगा गोमती संस्था ने किया सम्मानित

लोकमित्र बयूरो

कौशाम्बी। कुंभ नगरी प्रयागराज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों , पत्रकारों एवं अधिवक्ताओं द्वारा महाकुंभ में किए गए सेवा कार्य को लेकर गंगा गोमती टेक्निकल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट तपोभूमि कड़ा धाम कौशांबी उत्तर प्रदेश संस्था के अध्यक्ष विनय पांडे एक कार्यक्रम के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वालों में सीएचसी अधीक्षक डा मो साऊद , पत्रकार रवि अग्रहरि , के साथ हाईकोर्ट अधिवक्ता जी एन मौर्य , शासकीय अधिवक्ता शशीकांत मौर्य , जगजीत सिंह , फूल सिंह यादव , नन्हे लाल त्रिपाठी , गिरजेश त्रिपाठी , सर्वेश पांडे , अनिल कुमार सिंह , विजय प्रताप सिंह , अमित कुमार मिश्रा , सुनील कुमार आदि अधिवक्ताओं को संस्था के अध्यक्ष विनय पाण्डेय ने सम्मानित किया।

खादी ग्रामोद्योग द्वारा उदीहीन खुर्द में लगाया गया सहायता शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। विकासखंड सिराथू क्षेत्र के उदहिन खुर्द गांव में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड कौशांबी द्वारा विकास सहायता योजना अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, शिविर का उद्देश्य है कि बेरोजगारों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराना । कार्यक्रम में जिला ग्राम उद्योग अधिकारी अंबुज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और राज्य सरकार की मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना आदि में इच्छुक व्यक्ति सम्मिलित होकर लाभ ले सकते हैं ।

उज्जवल कुमार ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि योजना में पात्र लाभार्थियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र ,

प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ग्राम प्रधान के इकाई स्थल का अनापत्ति प्रमाण पत्र ,आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आदि दस्तावेज लेकर कभी भी कक्ष संख्या 44 विकास भवन मंझनपुर में मिलकर इसका लाभ ले सकते हैं। शिविर में ग्राम प्रधान उदहिन खुर्द दशरथ लाल , श्यामलाल , राजेश सिंह , विवेक सिंह , रणवीर सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

सैनी बस स्टॉप में मासूम पर बंदर ने किया हमला, जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। कानपुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के सैनी बस स्टेशन में बंदर ने हमला कर महाराष्ट्र के एक मासूम को जख्मी कर दिया। तीन वर्षीय बालक परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ जा रहा था। महाराष्ट्र के महाराजगंज जनपद के बदलापुर थाना अंतर्गत चंद्रपुर निवासी राकेश परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे। बृहस्पतिवार की दोपहर सैनी बस स्टेशन में उतारकर चाय नाश्ता करने लगे इस दौरान तीन वर्षीय बेटे सारांश पर बंदरों ने हमला बोल दिया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने लाठी डंडे से बंदरों को खदेड़ा। घायल सारांश को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया गया है।

जीपीएस इंटर कालेज देवीगंज में आयोजित हुआ विदाई समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, (कौशाम्बी)। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के अंतर्गत श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज देवीगंज में गुरुवार को कक्षा दस एवं बारह के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे नायब तहसीलदार सिराथू अंकिता पाठक व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद एवं समाजसेवी राजू गौतम उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश मिश्रा व नागेंद्र भट्ट ने किया।अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुवात हुई।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।इस दौरान नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने छात्रों को जीवन में सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने की सीख दी।

उन्होंने कहा कि जीवन का हर पल महत्वपूर्ण होता है। छात्रों को अपनी बुद्धि और शक्ति का सही प्रयोग करते हुए परिवार, समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।शिक्षक रणविजय निषाद ने कहा कि स्कूल विद्या का आंगन है, जहां हर छात्र एक-दूसरे का सहपाठी होता है। उन्होंने सीनियर छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने अनुभव जूनियर्स के साथ साझा करें उन्होंने बोर्ड परीक्षा में कैसे बेहतर करें उसके लिए गुरुमंत्र भी दिया वहीं समाजसेवी राजू गौतम ने छात्रों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि आप सभी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करें।विद्यालय के प्रबंधक रमेश साहू व प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए छात्रों से कहा कि उनके साथ बिताया गया हर पल गर्व महसूस कराता है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने हमेशा विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार उर्फ मुन्ना साहू, राजा खान, उमेश श्रीवास्तव, शिवशरण अवस्थी, हनुमत सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

दरवाजा लगाने के लिए हुए मारपीट में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कसेंदा, (कौशाम्बी)। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के इंगुआ उर्फकाठगांव में बुधवार की दोपहर दरवाजा लगाने के विवाद में महिलाओं सहित पांच लोगों की पिटाई मामले में गुरुवार को पुलिस ने पांच अज्ञात अधिवक्ताओं समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

इंगुआ उर्फ काठगांव निवासी तरन्नुम बेगम पत्नी मोहम्मद राशिद ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपने घर पर थीं। इसी दौरान गांव के साकिब, शन्नू, पुत्रगण कादिर, मोनिस, अरमान, सोनू पुत्रगण महबूब, अमन पुत्र बाबुल और पांच अज्ञात अधिवक्ताओं को लेकर पहुंचे और गली में जबरन दरवाजा लगाने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उन सभी ने घर में घुस कर महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए। साथ ही मारपीट करने लगे। हमलावरों ने लाठी डंडे से घर के पांच सदस्यों को जमकर पीटा। जिसमें सरताज, बुआ तरन्नुम बेगम, मोहम्मद निजाम, हाफिज महबूब, हसीब अहमद और शमा परवीन घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार की सुबह हालात में सुधार होने के बाद घायलों ने पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता तरन्नुम बेगम की तहरीर पर पुलिस ने पांच अज्ञात अधिवक्ताओं समेत कुल 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

सम्पादकीय

भगदड़ प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में अठारह लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक घायल हुए हैं। प्रयागराज और मगध एक्सप्रेस के अतिरिक्त विशेष ट्रेनों से महाकुंभ जाने वालों की भीड़ स्टेशन पर बढ़ती जा रही थी।रेलवे प्रशासन अत्यधिक भीड़ बढने की वजह से यह घटना घटी बता रहा है। चश्मदीदों और यात्रियों का कहना कि पैदल पुल पर बेतहाशा बढ़ती भीड़ के कारण भगदड़ हुई। रेलवे पर कुछ ट्रेनों के अचानक रद्द करने का आरोप है। हैरत की बात है, रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जिससे भीड़ को बाहर ही रोका जा सके। लोगों ने ज्यादा टिकट बुक कराई तब भी रेल-प्रशासन नहीं चेता। कुचल कर मरने की ऐसी घटनाएं प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता हैं। इनकी लगातार पुनरावृत्ति बताती है, हम अभी भी उन्नीसवीं सदी में जी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दंभ भरने वालों को इस भीषण भगदड़ में मारे जाने वालों के प्रति तनिक क्षोभ नहीं होता। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा अयोध्या और वाराणसी में भी प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के दौरान भी हो रहा है। मगर वहां की अव्यवस्था को लेकर भी खबरें न के बराबर आ रही हैं। निःसंदेह इतनी भारी भीड़ को संभालने में मुट्ठी भर पुलिसकर्मी कभी सफल नहीं हो सकते। कुंभ के दरम्यान मची भगदड़ के बाद की तरह इस बार भी विपक्ष द्वारा सरकार पर मृतकों और घायलों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया जा रहा है। अपनी नाकामी छिपाने तथा सच्चाई पर परदा डालने की बजाय सरकार को इन मौतों से सबक लेने के प्रयास करने चाहिए। भीड़ को नियंत्रित करने और सटीक अंदाजा लगाने वालों को प्रथम पंक्ति में लाना होगा। अक्षम अधिकारियों पर सख्ती करनी होगी, उन्हें सिर्फ घुड़की देने की रवायत के बाद हाथ झाड़ कर नहीं बैठना चाहिए। इस तरह के किसी भी बड़े आयोजन के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को स्पष्ट दायित्व दिए जाने चाहिए। जनता की जान की कीमत कम कर आंकने की आदत पर सरकार को पश्चाताप करना चाहिए। श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने और जबरदस्त प्रचार करने वालों को भारी संख्या में आने वालों को संभालने का तरीका भी खोजना होगा। अपनी पीठ खुद थपथपाने वालों को संवेदनशीलता से विचार करना ही होगा ताकि इस तरह की किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। खासकर पर्व आयोजन जैसे अवसरों पर पूरी तैयारी जरूरी है।

रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना जरूरत या मजबूरी

अशोक भाटिया

दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर हो रहे राजनीतिक शोर-शराबे पर अब पूर्णविराम लग गया जब भाजपा की रेखा गुप्ता ने दिल्ली का मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करली । चुनाव नतीजों के बाद से ही रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाये जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, जिसपर अब मुहर लग गई है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आखिर रेखा गुप्ता के सीवी में ऐसा क्या था कि भाजपा ने पहली बार की विधायक पर भरोसा जताया है। भारतीय जनता पार्टी इससे पहले भी कई राज्यों में मुख्यमंत्री के तौर पर नये चेहरे को लॉन्च कर चौंकाती रही है। जिसका उदाहरण, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा है। भाजपा जिस भी नेता को मुख्यमंत्री बनाती है, ये जरूर देखती है कि उन पर करप्शन का दाग नहीं हो। दिल्ली में मुख्यमंत्री का चुनाव करते हुए भी इस बात का ध्यान रखा गया है। भाजपा उन नेताओं को आगे कर रही है, जिनमें पद का लालच न हो और जो जनता के बीच रहकर काम कर सकें। इससे नीचे के कार्यकर्ताओं में सकारात्मक संदेश जाता है। अक्सर यह देखा गया है कि जिन नेताओं का आरएसएस और संगठन पर पकड़ रहता है, उन्हें भाजपा में जरूर मौका मिलता है। रेखा गुप्ता भी आरएसएस की सक्रिय सदस्य रह चुकी हैं। वह कॉलेज टाइम से आरएसएस से जुड़ी हुई हैं, जिस वजह से वह भाजपा की पहली पसंद बनकर उभरीं। भाजपा की 21 राज्यों में सरकार है, लेकिन कहीं भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। नये मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही रेखा गुप्ता वर्तमान में भाजपा की पहली महिला मुख्यमंत्री बन जाएंगी। शालीमार बाग सीट परप्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी रेखा गुप्ता के लिए प्रचार किया था। इसी से संकेत मिल रहे हैं कि ऋस्स् चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता को चुन चुका था।बताया जाता है भाजपा की ओर से रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगने के पीछे एक वजह ये भी है कि वह वैश्य समाज से आती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी इसी समुदाय से आते हैं। यह समुदाय भाजपा का कोर वोटर माना जाता है और प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी कई भाषणों इसका जिक्र कर चुके हैं। रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा अब महिला मुख्यमंत्रियों की विरासत को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। दिल्ली ने कई महिला मुख्यमंत्री देखी हैं, जिनमें कांग्रेस की शीला दीक्षित का 15 साल का शासन भी शामिल है। दिल्ली में आप की आतिशी और भाजपा की सुषमा स्वराज भी मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। कालकाजी से विधायक आतिशी भी पांच महीने तक कुर्सी पर रहीं। सितंबर 2024 में केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली थी।वैसे मुख्यमंत्री पद की रेस में अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा से लेकर दिल्ली के अनुभवी नेता विजेंद्र गुप्ता जैसे कई दिग्गजों के नाम चल रहे थे। बावजूद इसके पार्टी ने रेखा गुप्ता पर दांव लगाया है। भाजपा 13 राज्यों में सत्ता में है लेकिन अब तक पार्टी की कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। हालांकि पहले भाजपा की ओर से कई राज्यों में महिला मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। बताया जाता है कि रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाने का फैसला भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का एक मास्टरस्ट्रोक है। इसके अनेक आयाम हैं। यह एक तीर के कई निशाने की तरह हैं। भाजपा की पॉलिटिक्स केवल दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को चौतरफा घेरने तक सीमित नहीं है बल्कि आने वाले समय में इस फैसले का असर बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल चुनाव तक पड़ने वाला भी माना जा रहा है। 27 साल बाद भाजपा दिल्ली में सत्ता में लौटी है तो पार्टी ने बड़ी बिसात बिछाई है। भाजपा अपने उस मिशन को पूरा करना चाहती है, जिसे उनसे सन् 1998 में अधूरा छोड़ा था। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने के पीछे कई वजहें हैं। मुख्यतौर पर पहली वजह महिला कार्ड है। एक महिला मुख्यमंत्री की सत्ता से विदाई के बीच भाजपा ने एक अन्य महिला को ही दिल्ली संभालने का मौका दिया है। दिल्ली के चुनाव में महिला वोटर्स को लेकर भाजपा और आप में काफी होड़ दिखी थी। भाजपा ने रखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर अरविंद केजरीवाल को भी राजनीतिक रूप से बड़ा जवाब दिया है, जिन्होंने चुनाव में जीत मिलने पर आतिशी को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बनने का ऐलान किया था।

रेखा गुप्ता दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री हैं। अंतरिम सरकार के दो मुख्यमंत्री को जोड़ लें तो वह 10वीं मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली में इससे पहले आतिशी, अरविंद केजरीवाल, शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज, साहिब सिंह वर्मा, मदनलाल खुराना, गुरमुख निहाल सिंह और ब्रह्म प्रकाश को मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला। आखिरी बार जब सन् 1998 में दिल्ली में भाजपा की सरकार थी, तब भी यहां सुषमा स्वराज के तौर पर महिला मुख्यमंत्री थीं। अब पार्टी ने लंबे वनवास के बाद एक बार फिर से दिल्ली की कमान महिला को सौंपा है तो इसका संकेत साफ है। भाजपा को साल 1993 से 1998 तक पांच साल के दौरान ही तीन मुख्यमंत्री बनाने पड़े थे। पहले मदनलाल खुराना और साहिब सिंह वर्मा के बाद भाजपा ने दिल्ली की सत्ता सुषमा स्वराज को सौंपी। तब भाजपा का दिल्ली में मिशन अधूरा रह गया था। बार बार मुख्यमंत्री बदलने पर भाजपा को आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था।अब 27 साल बाद भाजपा को दिल्ली में सरकार बनाने का मौका मिला है।दरअसल भाजपा की जीत होती है तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा? इसे %आप% की ओर से बड़ा मुद्दा बनाया गया था। अरविंद केजरीवाल ने बार-बार भाजपा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के नाम की घोषणा करने की चुनौती दी थी। %आप% ने इसे अपने कैंपेन का हिस्सा बनाते हुए पूछना शुरू कर दिया कि %भाजपा का दूल्हा% कौन है? पार्टी ने एक अनोखा तरीका अपनाते हुए दिल्ली में कई जगह बैंड-बाजे के साथ खाली घोड़ा भी घुमाया। भाजपा ने बार-बार एक ही जवाब दिया कि सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा और मुख्यमंत्री पद की घोषणा चुनाव बाद विधायक दल की बैठक में होगी।बैठक भी हो गई और दूल्हा भी चुना गया और दूल्हा घोड़े पर भी बैठ गया । अब खिसयानी बिल्ली खंबा नोचे वाली स्थिति हो गई हैं । पूर्व मुख्यमंत्री आतशी आगे बढ़ कर दुल्हे का स्वागत कर रही है । अब 2025 में इतिहास एक बार फिर से खुद को दोहराता दिख रहा है। सत्ता का हस्तांतरण आम आदमी पार्टी की पूर्व महिला मुख्यमंत्री आतिशी से भाजपा की रेखा गुप्ता के पास हो रहा है। दिल्ली में एक महिला की सत्ता को दूसरी महिला के हाथों सौंपे जाने की ये कहानी वाकई संयोग से कम नहीं।इस प्रकार रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने दिल्ली ही नहीं बल्कि बिहार और पश्चिम बंगाल तक निशाना साधा है। दिल्ली में करीब 7 फीसदी वैश्य वोट है। रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं। दिल्ली में बनिया होने के नाते भी अरविंद केजरीवाल के प्रति वैश्य वोट का झुकाव रहा है। अब रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने से तस्वीर बदल सकती है। इसके अलावा एक खास संयोग यह भी देखें कि बनिया समुदाय से आने वाली रेखा गुप्ता का संबंध भी हरियाणा से है तो उन्हीं के समाज से आने वाले अरविंद केजरीवाल भी हरियाणा से ताल्लुक रखते हैं। यानी किसी भी मोर्चे पर भाजपा ने मैदान को खाली नहीं छोड़ा है। आम आदमी पार्टी फिलहाल इस राजनीति में बहुत पीछे रह गई है। भाजपा सभी मोर्चे पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को उन्हीं की भाषा और रणनीति में घेरने और शिकस्त देने की कोशिश कर रही है।आपको बता दें कि रेखा गुप्ता शालीमार बाग से पहली बार भाजपा की विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी की नेता वंदना कुमारी को शिकस्त दी थीं। दिल्ली में भाजपा के साथ लंबे समय से जुड़ी रही हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय की सक्रिय छात्र राजनीति का हिस्सा रही हैं। एबीवीपी की सचिव रह चुकी हैं। इसके अलावा पार्षद रहीं और पार्टी के महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष भी। यानी दिल्ली की वास्तविक जरूरतों को रेखा गुप्ता भी बिजेंद्र गुप्ता और डॉ। हर्षवर्धन जैसे पार्टी के दिग्गज नेताओं की तरह भली-भांति जानती और समझती हैं। उन्होंने दिल्ली की सड़कों पर उतर जमीनी लड़ाइयां लड़ी हैं। ऐसे में उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने से पार्टी को जो कई लाभ मिलेंगे, उनमें सबसे पहला तो यही होगा कि राजधानी में भाजपा का जनाधार पहले से और भी मजबूत होगा। पार्टी दूरगामी विजन को साध सकेगी।दिल्ली की राजनीति में हार-जीत के लिए जितना दलित और मुस्लिम का मुद्दा प्रमुख रहा है, उतना ही महिला मुद्दा भी। बस में फ्री यात्रा या मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाओं से दिल्ली में आम आदमी पार्टी शुरू से ही महिलाओं के वोट बैंक को साधती रही है। इस बार के चुनाव में आप ने सभी महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह देने का ऐलान किया तो भाजपा ने भी उसकी काट निकाली और महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया। इसी क्रम में कांग्रेस ने भी महिलाओं को लुभाने की भरपूर कोशिश की। इसका नतीजा मतदान प्रतिशत पर भी दिखा। 70 विधानसभा सीटों में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने 0.72 फीसदी ज्यादा मतदान किया। चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक महिलाओं ने कुल 60.92 फीसदी जबकि पुरुषों ने 60.20 फीसदी वोट किये। चूंकि महिलाओं ने वोटिंग में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तो महिला मुख्यमंत्री के फैसले को महिलाओं के हक नई सौगात भी कह सकते हैं।दिल्ली में तकरीबन 46 फीसदी महिला मतदाता हैं। भाजपा को प्रचार अभियान के दौरान ग्राउंड जीरो पर यह फीड बैक मिला कि महिलाओं की एक बड़ी तादाद अब भी आम आदमी पार्टी की तरफ है। हालांकि नतीजों से यह बात सामने आई कि जिन 40 सीटों पर महिलाओं का वोटिंग फीसदी ज्यादा रहा, उनमें से 29 सीटों पर भाजपा को जीत मिली, इसके बावजूद भाजपा ने महिला चेहरा को ही बतौर मुख्यमंत्री सामने रखा है। भाजपा पर अक्सर यह आरोप लगते रहे हैं कि महिला चेहरा को मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं मौका दिया जाता या फिर उसकी सत्ता बदल दी जाती है। मध्य प्रदेश में उमा भारती का मसला हो या दिल्ली में सुषमा स्वराज का। यहां तक कि राजस्थान में भी वसुंधरा राजे सिंधिया को इस बार सत्ता से दूर रखा गया और दीया कुमारी को डिप्टी मुख्यमंत्री पद तक सीमित रखा गया। इस तरह दिल्ली में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने इन हमलों से खुद को फिलहाल बचा लिया है। देश में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद दूसरी महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ही होंगी।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

सरोकार

साफ होनी चाहिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी

प्रियंका सौरभ

कुछ लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफी मांग लेते हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफ़ी मांग लेना काफ़ी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? ऐसे लगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन साथ ही में जनता उनके सभी चैनलों का बहिष्कार करेगी तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। इन लोगों को सजा मिलनी आवश्यक है तभी बाकी इस प्रकार के मानसिक दिवालिया वाले लोग सुधार पाएंगे। ऐसे सारे कार्यक्रम, ओटीटी, टीवी, आदि पर भी हैं। सब बंद होना चाहिए। ऐसा बलग़र कंटेंट्स हमारे देश की संस्कृति को खत्म कर देगी।.यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए गलत भी। ऐसे लोग हमारा सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे है। इनको सजा होनी चाहिए ताकि आने वाले समय ऐसी नीच हरकत और सोच रखने वाले ऐसी हरकत करने से पहले 10 बार सोचना पड़े। इस सब प्रकार की घिनौनी मानसिकता को देखना और सुनना आज के समाज का भी कसूर है। इन जैसे लोगों का समाज से बहिष्कार करना चाहिए। गंदी भाषा वाले बहुत सारे नाटक और फ़िल्में दिखाई जाती हैं। उन्हें भी बंद कर देना चाहिए। ओटीटी पर तो बहुत ज्यादा अश्लीलता परोसी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की %इंडियाज गॉट लैटेंट% पर %आपत्तिजनक% टिप्पणियों की निंदा की। सर्वोच्च न्यायालय ने अल्लाहबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे ÷उनके दिमाग की गंदगी÷ कहा। अल्लाहबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, अल्लाहबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से ÷पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा÷। यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है। समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं हो जाएगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातों-रात नहीं बिखर जाता - इसकी शुरुआत असहनीय को सहन करने, घृणित को ÷सिर्फ हास्य÷ के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है।कानूनी कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएं कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप 'यह सिर्फ़ एक मज़ाक है' के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति कितने सुन्न हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई करना बहुत ज़रूरी है। आपका यह तर्क कि हमें %मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए% मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है। %मजाक% कहलाने वाली हर बात हानि रहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब %घटिया मानसिकता% रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। स्वतंत्रता का अभिप्राय है, सही समय पर सही यानि नैतिक कार्य करने की स्वतंत्रता। इसी प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है- उचित समय पर उचित बात कहने की स्वतंत्रता। इसके विपरीत कुछ भी, कभी भी कह देने की स्वतंत्रता, स्वतंत्रता नहीं स्वच्छंदता है। स्वच्छंदता को ही अराजकता कहा जाता है। अतः स्वतंत्रता एक कानूनी प्रक्रिया है, इसके विपरीत स्वच्छंदता गैरकानूनी है। अतः अभिव्यक्ति की कानूनी स्वतंत्रता के तहत अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता की अनुमति गैरकानूनी है। अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता को प्रश्रय, सोशल मीडिया की गुणवत्ता की जगह मात्रा को अहमियत देने की व्यवस्था ने दिया है। लोग ज्यादा व्यूज के लिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। अगर यूट्यूब, मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करे, तो ऐसे ओछे प्रयास बंद हो जायेंगे। आजकल लोग किसी भी तरह से पैसा और शोहरत हासिल करना चाहते हैं। और इस तरह की उत्तेजना पैदा करने वाली बातें युवा वर्ग को आकर्षित करती हैं। इसलिए लोग इस तरह के भद्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। वृक्ष की पहचान उसके फल से होती है और माता पिता की पहचान उसके संतान से होती है।

राशिफल

मेष	आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है
वृष	आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें कि दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बातें शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे।
मिथुन	आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा।
कर्क	आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें।
सिंह	आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।
कन्या	आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें।
तुला	आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी।
वश्चिक	आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा।
धनु	आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करियर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।
मकर	आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे।
कुम्भ	आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी।
मीन	आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

समसमायिक

देश में सूचना क्रांति की महत्व बढ़ा

एक बार लॉस एंजेलिस में उद्योगपतियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते समय मैंने श्रम आधारित तकनीकी के समर्थन और औद्योगिकरण के विरोध में काफी जोर से भाषण दिया।तब वहां मौजूद एक धनाढ्य उद्योगपति गणपत पटेल ने मुझे एक पुस्तक भेंट की जिसमें बताया गया था कि 1920 में अमेरिका में जिन क्षेत्रों में रोजगार काफी मात्रा में उपलब्ध था, वे क्षेत्र 1960 के दशक में गायब हो गए। पर इससे बेरोजगारी नहीं बढ़ी क्योंकि अनेक नये रोजगार क्षेत्र विकसित हो गए। उदाहरण के तौर पर 1920 के दशक में हाथ की मशीन पर टाइप करने वालों की भारी मांग थी पर कंप्यूटर आने के बाद यह मांग समाप्त हो गई। 1920 में हवाई जहाज के पायलटों की कोई मांग नहीं थी। पर बाद में हजारों पायलटों की मांग पैदा हो गई।पटेल ने मुझसे जोर देकर कहा कि तकनीकी आने से बेरोजगारी नहीं बढ़ती। ऐसा ही अनुभव आज देश में सूचना क्रांति को देख कर हो रहा है। सूचना क्रांति ने हर क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में प्रभावित किया है। कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही-खातों में आमदनी-खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी। सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी पर कंप्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया। अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है। अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है। उसके ग्राहक किस वर्ग के हैं। साल के किस महीने में उसकी बिक्री बढ़ जाती है। कौन सी राजनैतिक या सामाजिक घटनाओं के बाद किस वस्तु की मांग अचानक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे यह जानकारी उत्पादक या वितरक कंपनी के पास आती-जाती है, वैसे-वैसे उसका नजरिया और नीति बदलने लगती है। जबकि बही-खाते में केवल आमदनी-खर्च या लाभ-घाटे का हिसाब रखा जाता था। सांप्रदायिक दंगों का अंदेशा हो तो अचानक शहर में डबल रोटी, दूध, चाय, कॉफी के पैकेट, दाल-चावल, चीनी, मोमबत्ती, टॉर्च, शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। जाहिर है कि इन वस्तुओं के निर्माताओं को देश की नाड़ी पर इस नजरिए से निगाह रखनी पड़ती है। जिस इलाके में सांप्रदायिक तनाव बढ़े वहां इन वस्तुओं की आपूर्ति तेजी से बढ़ा दी जाए। इसी तरह बरसात से पहले छाते और बरसाती की मांग, गर्मी से पहले कूलर और एसी की मांग, जाड़े से पहले हीटर और गीजर की मांग बढ़ जाना सामान्य सी बात है। पर एसी बीस हजार रु पये वाला बिकेगा या पचास हजार रु पये वाला, यह जानने के लिए उसे ग्राहकों का मनोविज्ञान और उनकी हैसियत जानना जरूरी है। अगर निम्न वर्गीय रिहायशी क्षेत्र में लिप्टन की ग्रीन लेबल चाय के डिब्बे दुकानों पर सजा दिए जाएं तो शायद एक डिब्बा भी न बिके पर रेड लेबल चाय धड़ल्ले से बिकती है। धनी बस्ती में पांच रु पये वाला ग्लूकोज बिस्कुट का पैकेट खरीदने कोई नहीं आएगा पर पांच सौ रु पये किलो की कूकीज के पैकेट धड़ल्ले से बिकते हैं। इसलिए इन कंपनियों को हर पल बाजार और ग्राहक के मूड पर निगाह रखनी होती है। इससे ये कंपनियां कई अहम फैसले ले पाती हैं। मसलन, उत्पादन कब, कैसा और कितना किया जाए। वितरण कहां, कब और कितना किया जाए। विज्ञापन का स्वरूप कैसा हो। उसमें किस वर्ग का प्रतिनिधित्व किया जाए और क्या कहा जाए जो ग्राहक का ध्यान आकर्षित कर सके। इसी सूचना संकलन का असर था कि 10 वर्ष पहले सभी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने विज्ञापन अंग्रेजी की बजाय क्षेत्रीय भाषाओं में देने शुरू कर दिए। वरना हमारे बचपन में तो लक्स साबुन का विज्ञापन हिन्दी के अखबार में भी अंग्रेजी भाषा में आता था। जब सूचना का इतना महत्त्व बढ़ गया है तो जाहिर है कि इस सूचना को एकत्र करने वाले, प्रोसेस करने वाले और उसका विश्लेषण करने वाले सभी की मांग बजार में बेहद बढ़ गई है। यहां तक कि केवल इसी किस्म की सेवाएं देने वाली कंपनियों की बाढ़ आ गई है। जैसे पहले शेयर मार्केट को चलाने वाले बड़े-बड़े दलाल और बड़ी कंपनियां होती थीं पर आज इंटरनेट की मदद से देश के हर कस्बे और शहर में शेयर मार्केट में खेलने वाली हजारों कंपनियां खड़ी हो गई हैं।अर्थव्यवस्था ही नहीं, कानून की स्थिति को बनाए रखने के लिए भी इस सूचना क्रांति ने भारी मदद की है। आज अपराधियों या आतंकवादियों के बारे में सूचना का भंडार पुलिस विभाग के पास उपलब्ध है, और आवश्यकता पडने पर मिनटों में देश में इधर से उधर भेज दिया जाता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी इस सूचना क्रांति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के सैकड़ों दरवाजे खोल दिए हैं।

बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को भव्यता से मनाया जाएगा-डीएम

● तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जिलास्तरीय समीक्षा बैठक में प्रशासन को दिया परामर्श

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव को भव्यता से मनाए जाने के लिए गुरूवार को यहां डीएम कैम्प कार्यालय पर तैयारी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवसहाय अवस्थी ने अफसरो को परम्परागत महोत्सव को सफल बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि तीसवां राष्ट्रीय एकता महोत्सव पूरी भव्यता से मनाया जाएगा। बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के महोत्सव आयोजन को लेकर सौंपे गये सुझावों व परामर्श को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने बाबा धाम में आगामी पचीस, छब्बीस एवं सत्ताईस फरवरी को विशेष सुरक्षा प्रबन्धों तथा साफ सफाई व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने को कहा। जिलाधिकारी ने महोत्सव में आने वाले कलाकारों के लिए भी सुव्यवस्थित प्रबन्ध के साथ मेला मजिस्टेऊट एसडीएम लालगंज नैंनसी सिंह को महोत्सव के प्रचार प्रसार के भी व्यापक निर्देश दिये। उन्होने मेला क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था के तहत ब्लीचिंग पाउडर के छिडकाव व एम्बुलेंस की व्यवस्था के साथ सई नदी में नाव एवं गोताखोर के भी प्रबन्ध को सुनिश्चित कराए जाने पर जोर दिया।

डीएम ने महोत्सव के दौरान मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी विकास प्रदर्शनी को लेकर भी अफसरों को प्रभावी निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसी कैमरों तथा एक फायर टेण्डर की स्थायी तैनाती कराए जाने को कहा। एसपी ने महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी एहतियाती प्रबन्धों के लिए सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर को पर्यवेक्षण तथा कडी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने बाबा घुइसरनाथ धाम में तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर विकास विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारियों के निष्ठापूर्वक निर्वहन के निर्देश दिये। बैठक में बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने तीन दिवसीय महोत्सव की विधिवत रूपरेखा एवं कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जिला प्रशासन को महोत्सव के सफल आयोजन में रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना व स्वयं की ओर से भरपूर जनसहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में सीएमओ डा. एएन प्रसाद, बीआईओ सविता यादव, सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, विधायक मोना के प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय समेत जिले के विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी ने भूकम्प से सुरक्षा एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी अजय कुमार तिवारी ने भूकम्प से सुरक्षा एवं बचाव हेतु एडवाइजारी जारी की है। उन्होने बताया है कि भूकम्प एक प्राकृतिक घटना है भूकंप का जन्म-टेक्टोनिक प्लेटों में खिचाव एवं टकराव के कारण, ज्वालामुखी एवं लावा के पिघलने के कारण, महाद्वीपीय खिचाव के कारण, माइनिंग टेसि्ंटग एवं न्यूक्लियर टेसि्ंटग के कारण होता है, कभी-कभी पृथ्वी के अंदर से ऊर्जा निकलने के कारण भी भूकम्प की तरंगे उत्पन्न होती हैं जो सभी दिशाओं में फैलकर पृथ्वी को कम्पित करती हैं। भूकम्प को आने से रोका नहीं जा सकता लेकिन खतरों की पहचान कर, सुरक्षित संरचनाओं का निर्माण कर और भूकम्प सुरक्षा पर शिक्षा प्रदान करके, इसके दुष्प्रभाव को काफी हद तक कम/न्यूनीकृत किया जा सकता है। उन्होने बताया है कि भूकंप से पूर्व परिवार में परिजनों के व शिक्षण संस्थानों/विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ भूकंप से बचाव के उपायों के संबंध में चर्चा करें। इमारतों की दरारों या क्षतिग्रस्त हिस्सों की तुरंत मरम्मत करायें। दीवार या छत पर भारी वस्तुओं को लटकाने से बचें। कांच एवं भारी सामान को जमीन या निचली रैक में रखें। अपने घर के पास खुले स्थान की पहचान करें जहाँ भूकम्प की स्थिति में घर से निकल कर सुरक्षित एकत्रित हो सकें और लोगों को इसके बारे में जानकारी भी दें। आपातकालीन किट तैयार करें (जिसमे टॉर्च, सूखा भोजन, महत्वपूर्ण दस्तावेज और संपर्क नंबर हों) और परिवार के सभी सदस्यों को इसके बारे में जानकारी दें। गमलों अथवा कोई भी भारी/वजन वाला सामान को छत की रेलिंग पर न रखें। उन्होने बताया है कि भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। पूर्व चेतावनी देने वाले भूकंप के हल्के झटके ही होते हैं जो बाद में बड़े भूकंप के रुप में जन्म ले सकते हैं, जिनसे जान-माल का नुकसान हो सकता है। भूकम्प के समय अलमीरा, लंबी और भारी वस्तुओं से दूर रहें एवं खुले मैदान में जाएँ। यदि आप घर के अंदर हैं, तो टेबल, बेड के नीचे चले जाएं या घर में कॉलम (पिलर) के समीप खड़े हो जाएँ। किसी हिस्से के नीचे शरण लें अथवा तब तक मजबूती से पकड़कर बैठे रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। ज्यादातर चोटें तब लगती है जब आप कमजोर इमारतों में शरण ले रहें है अथवा भवन के अंदर मौजूद लोग किसी दूसरी जगह और बाहर जाने का प्रयास करते हैं कांच के दरवाजों एवं खिड़कियों से दूर रहें। जर्जर घरों में आश्रय न लें और बिजली के खंभों, ऊँची इमारतों तथा पुराने पेड़ों और हाईटेंशन तारों से दूर रहें। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, और दिव्यांग लोगों की मदद करें। सभी पालतू जानवरों को खोल दें ताकि वे बाहर भाग सकें। गैस और लाइट बंद कर दें। उन्होने बताया है कि भूकम्प के झटके रुकने के तुरंत बाद इमारत में प्रवेश न करें क्योंकि दूसरा झटका आ सकता है। इसलिए कुछ देर खुले स्थान पर ही रहें। सरकार की ओर से जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं घोषणाओं के लिए रेडियो/टीवी/मोबाइल एसएमएस देखें। अफ्वाह न फैलाएं और न ही उन पर विश्वास करें। घायल लोगों की मदद करें, क्षतिग्रस्त घरों में प्रवेश न करें।

प्रस्तावित अधिवक्ता विधेयक के मसौदे पर बिफरे वकील, किया विरोध प्रदर्शन

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रस्तावित अधिवक्ता विधेयक 2025 के मसौदे से नाराज वकीलों ने गुरूवार को यहां भारी विरोध प्रदर्शन किया। न्यायिक कामकाज का बहिष्कार कर वकीलों ने तहसील के मुख्य गेट के सामने घंटो नारेबाजी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में वकीलों ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित अधिवक्ता विधेयक के मसौदे को अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया। आम सभा को संबोधित करते हुए रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्र का अधिवक्ता संशोधन विधेयक का मसौदा कानून में तब्दील हुआ तो यह पूरी तरह से अधिवक्ताओं के हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा। उन्होनें कहा कि अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकार तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता के हनन के हर प्रयास का देशव्यापी विरोध जारी रखा जाएगा। सभा का संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल तथा उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। सभा को पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, ने भी संबोधित करते हुए इस बिल को काला कानून करार दिया। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह, राजेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, सुशील शुक्ल, अबरार खां, दीपेन्द्र तिवारी, रामअंजोर तिवारी, शिवरंजन यादव, केबी सिंह, मो. ईसा, प्रवीण यादव, विनय जायसवाल, सिंटू मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

पर्यावरण एवं स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग जरूरी-अजय क्रांतिकारी

● ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन अभियान के तहत प्लास्टिक मार्च निकाल कर किया जागरूक,लगाए गए पौधे

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देशानुसार और जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे के मार्गदर्शन में आज पंचायती राज विभाग एवं पर्यावरण सेना के संयुक्त तत्वावधान में मान्धाता ब्लॉक के छितपालगढ़ गांव पंचायत में %पर्यावरणीय स्वच्छता के लिए प्लास्टिक का त्याग% विषय पर ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर छितपालगढ़ बाजार में साफ सफाई करते हुए प्लास्टिक कचरे का कलेक्शन किया गया।पर्यावरण संरक्षण के ब्रांड एंबेसडर अजय क्रांतिकारी द्वारा जन समुदाय को प्लास्टिक के खतरे और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर जागरूक किया गया।अभियान को आगे बढ़ाते हुए लोगों को स्वच्छता के लिए कचरा प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करने और जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। लोगों ने प्लास्टिक को बिन कर स्वच्छता अपनाने का संकल्प लिया। इसके बाद पंचायत भवन पर पर्यावरणीय स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरणीय स्वच्छता के लिए गांवों को हरित बनाना होगा।जिससे हमें शुद्ध वायु और शुद्ध पेयजल मिलता रहे। उन्होंने पेयजल स्वच्छता के लिए जलस्रोतों के आसपास गंदगी न जमा होने देने हेतु जागरूक किया।उन्होंने कहा कि जितना हमारा व्यवहार स्वच्छ रहेगा उतना ही हम स्वच्छ और स्वस्थ रहेंगे।अजय क्रांतिकारी ने प्लास्टिक को पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बताते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने और इसके स्थान पर कागज और कपड़े के थैले का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने कहा कि हम अपनी स्वच्छता की आदतों को दूसरों को भी अपनाने हेतु प्रेरित करें तभी हमारा गांव समाज समृद्ध बनेगा।कचरा प्रबंधन के लिए सभी को आगे आना होगा तभी हम गांव को स्वच्छ और हरित बना पाएंगे। उन्होंने बेहतर समाज के लिए पर्यावरण,स्वच्छता,स्वास्थ्य,शिक्षा आदि पर जोर दिया। कार्यक्रम में नीम,जामुन,अमरूद एवं कंजी के पौधों को लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए जलवायु संरक्षण की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर एडीओ पंचायत काशीनाथ वर्मा,आनंद शुक्ला,राकेश सिंह,ज्योति देवी,जाकिर हुसैन,विजय कौशल, अशोक यादव,अजय सिंह,कृष्ण कुमार शुक्ला,फूल चंद्र पटेल,वीरेंद्र सरोज एवं नमन कुमार तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

श्रद्धा व सचरित्रता के परिवेश में मिला करती है प्रभु की कृपा-अतुल जी महराज

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के बकस का पुरवा में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास अतुल जी महराज ने कहा कि जहां श्रद्धा, समर्पण तथा सचरित्रता व नैतिकता का परिवेश होता है वहीं भगवान की कृपा हुआ करती है। उन्होने कहा कि जहां ईर्ष्या तथा द्वेष एवं विरक्ति व दुराचरण का प्रभाव होता है वहां राक्षसी प्रवृत्तियां वास किया करती है। अतुल जी महराज ने कहा कि युवा पीढ़ी को सदैव अपने माता-पिता के प्रति सम्मान रखना चाहिए। यशोदानंदन भगवान श्रीकृष्ण जी को लेकर मां यशोदा के मातृत्व का भावुक वर्णन करते हुए कहा कि जगत में मां ही ऐसी है जो सदैव प्रतिपल अपने पुत्र का कल्याण मनाया करती है। उन्होनें कहा कि श्रीकृष्ण के ब्रज प्रस्थान के समय यशोदा का कन्हैया से यह कहना कि तुम्हारे बिना मेरी एक पलक को झपकने में सौ योजन लगा करता है। अतुल जी महराज ने कहा कि धर्म सदैव हमें नीति के मार्ग व सत्य के आचरण का बोध कराया करता है। कथा के दौरान भक्तिमय संगीतमयी भजनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथा के संयोजक समाजसेवी गिरजाशंकर तिवारी व पूर्व प्रधान हरिशंकर तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। साहित्यकार डॉ. अंजनी अमोघ ने कथाव्यास को पद्यात्मक मान पत्र की भावपूर्ण प्रस्तुति के बीच समर्पित किया। सह संयोजक त्रिभुवन प्रसाद तिवारी, अनुज कुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। इस मौके पर पं. घनश्याम मिश्र, पूर्व प्रधान रामसिंह, पवन प्रखर, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आचार्य शिवाकांत तिवारी, राजकुमार मिश्र, विद्याशंकर मिश्र, ज्ञानू तिवारी, दिनेश सिंह, आदि रहे।

सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक मिनी स्वास्थ्य कैम्प का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के अन्तर्गत सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के तहत महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद की अध्यक्षता में फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर निःशुल्क मिनी स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा, डा0 रीना प्रसाद, मेडिकल चिकित्सालय की डा0 अर्चना, नोडल अधिकारी सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र डा0 मनोज खत्री (फिजीशियन), एसएमओ डा0 राकेश द्वारा प्रतिभाग कर मिनी स्वास्थ्य कैम्प की शुरूआत की गयी। कैम्प में आने वाले जनमानस एवं रोगियों को एचआईवी/एड्स, आरटीआई/एसटीआई, क्षय रोग एवं हेपेटाईटिस बी व सी की जानकारी देकर उनके लक्षणों को बताते हुये कैम्प में कुल 130 पंजीकरण कराये गये।

कैम्प में आने वाले लोगों जिनके परिवार के सदस्य प्रवासी है को विशेषकर जांच कराने के एवं एट रिस्क निगेटिव व विसंगत पार्टनर के खतरों के लक्षणों के बारे में बताया गया तथा सामान्य रोगियों को सलाह एवं सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के विषय में जानकारी देते हुये सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक कैम्प की आवश्यकता एवं उद्देश्य को पूरा करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद द्वारा सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के कार्यो को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के प्रबन्धक अमित कुमार सरकार, परामर्शदाता राहुल यादव एवं अर्चना श्रीवास्तव, ओ0आर0 डब्ल्यू इन्द्र प्रताप सिंह व सुमन मिश्रा एवं टीआई संस्था के स्टाफ एवं लैब टेक्निशीयन व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

अमनदीप उपाध्याय विप्र इंडिया के जिला अध्यक्ष मनोनीत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिले के कोहडौर थाना क्षेत्र के गहरौली गांव निवासी अमन दीप उपाध्याय जो कि वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड संयोजक एवं भाजपा के कार्यकर्ता भी है, को विप्र इंडिया का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सामाजिक उत्थान, न्याय प्रतिबद्धता, स्वाभिमान की रक्षा व पीड़ित को संरक्षण को लेकर भारत का अग्रणी संगठन विप्र इंडिया वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा संपूर्ण भारत में कार्यकारिणी विस्तार के तहत संगठन प्रमुख पंडित अनिल शर्मा, भारती के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष निकिता शर्मा ने अमनदीप उपाध्याय के उनके सामाजिक सरोकारों व विप्र समाज के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें फाउंडेशन के प्रतापगढ़ युवा जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमनदीप उपाध्याय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अनिल भारती एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष निकिता शर्मा सहित अन्य सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो विश्वास उन पर जताया गया है उसको पूरा करने को लेकर इच्छा शक्ति से कार्य करेंगे व ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को फाउंडेशन से जोड़ने के साथ ही जल्द ही जिले की कार्यकारिणी का गठन करेंगे। उपाध्यायजी के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर जिले व समाज के प्रतिष्ठित लोगो ने उन्हें फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई प्रेषित की है।

गोवर्धन पूजा शुरू कराकर इन्द्र के घमंड को चकनाचूर किया-वल्लभाचार्य जी महाराज

रखहा प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में मंटू लाल जायसवाल के आवास पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया गया । इस दौरान व्यास पीठ पर बैठे जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 108 स्वामी श्री वल्लभाचार्य जी महाराज ने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था ।

उनका घमंड दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कराकर गोवर्धन की पूजा कर दी । इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल में भारी बरसात कराई । प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों के प्राणों की रक्षा की।श्री वल्लभाचार्य जी महाराज ने आगे कहा कि सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ तथा उन्होंने इसके लिए भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगी। व्यास पीठ पर बैठे वल्लभाचार्य जी महाराज ने इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। नटेश्वर नृत्य संस्था के कलाकारों द्वारा भगवान् श्री कृष्ण के भेष में नृत्य करके लोगों को आनंदित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत पट्टी के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, पत्रकार रोहित जायसवाल, सभासद प्रतिनिधि गौरव श्रीवास्तव, सजीवन सोनी, ओमप्रकाश जायसवाल, रामू जायसवाल, श्यामलाल जायसवाल, राहुल जायसवाल आदि मौजूद रहे । कथा के यजमान इंदिरा देवी जयसवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया । शुक्रवार को कथा का समापन किया जायेगा तथा जायसवाल समाज के कच्ची भोज व शनिवार को पक्की भोज के साथ प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।

बजट से गरीबों, किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों, छात्रों एवं व्यापारियों में मायूसी-डा आर के वर्मा

प्रतापगढ़। रानीगंज के सपा विधायक डा आर के वर्मा ने कहा कि 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपए का बजट केवल आंकड़ों की जादूगरी है। बजट का ज्यादातर पैसा जीएसटी, आबकारी शुल्क, स्टांप पंजीयन शुल्क, वाहन कर आदि के रूप में जनता से वसूला गया। जबकि प्रदेश के विकास के लिए नई परियोजनाओं के रूप में केवल 28000 करोड़ धन की व्यवस्था की गई। राजस्व प्राप्ति के सापेक्ष पूंजीगत व्यय बहुत कम है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने बजट व्यवस्था अपेक्षा से बहुत कम की है। मनरेगा के लिए 5372 करोड़ अपेक्षा से बहुत कम है। राज्य सड़क निधि द्वारा सड़कों के अनुरक्षण और निर्माण हेतु धन का आवंटन केवल 2800 करोड़ अपेक्षा से बहुत कम है। मुख्यमंत्री युवा स्वराज्यगर योजना हेतु केवल 225 करोड़ की व्यवस्था करना युवाओं का उपवास है। मुख्यमंत्री ग्राम योजना अंतर्गत ग्रामीण मार्गो के नवनिर्माण एवं पुनर्निर्माण मिसिंग लिंग के लिए केवल 200 करोड रुपए की बजट व्यवस्था करना गांव को गांव की सड़कों को बदहाली की हालत में छोड़ने जैसा है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण के लिए केवल 1088 करोड रुपए की व्यवस्था करना ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। यह बजट गरीब किसान मजदूर युवा बेरोजगार छात्र छोटे व्यापारियों के लिए मायूसी भरा है।

हादसे में दो युवकों की मौत, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के साहूमई गांव निवासी अनिल कुमार पटेल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसका 20 वर्षीय बेटा करन पटेल और उसका साथी 23 वर्षीय देवेन्द्र पटेल 14 फरवरी को सुबह करीब दस बजे बाइक से लालगोपालगंज जा रहे थे। कुंडा के मंहगू का पुरवा बाईपास हाइवे पर अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया, जिससे उसके बेटे करन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी देवेन्द्र की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पीड़ित अनिल पटेल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

स्वास्थ्य कैंप में मरीजों का किया गया परीक्षण

OPPO A78 5G
FAST NEWS INDIA | 2025

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी, लखनऊ के अंतर्गत सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय सम्बद्ध डा0 सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ में महिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ के प्रांगण में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0प्रसाद की अध्यक्षता में फीता काटकर निःशुल्क ÷मिनी स्वास्थ्य कैम्प÷ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा एवं डा0 रीना प्रसाद, मेडिकल चिकित्सालय की डा0 अर्चना, नोडल अधिकारी सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र डॉ मनोज खत्री (फिजीशियन), डा0 राकेश, एस0एम0ओ0 (ए0आर0टी0) द्वारा प्रतिभाग कर मिनी स्वास्थ्य कैम्प की शुरूआत की गयी। कैम्प में आने वाले जनमानस एवं रोगियों को एच0आई0वी0/एड्स, आर0टी0आई / एस0टी0आई, क्षय रोग एवं हेपेटाईटिस बी0 व सी0 की जानकारी देकर उनके लक्षणों को बताया गया। कैम्प में कुल 130 पंजीकरण हुए। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद द्वारा सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के कार्यो को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द के प्रबन्धक अमित कुमार सरकार परामर्शदाता, राहुल यादव एवं अर्चना श्रीवास्तव, ओ0आर0डब्ल्यू इन्द्रप्रताप सिंह व सुमन मिश्रा एवं टी0 आई संस्था के स्टाफ एवं लैब टेक्निशीयन व स्टाफ के अन्य लोग मौजूद रहे

ग्राहक के विवाद में परिवार को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली के टीकाराम का पुरवा भदरी गांव निवासी पूर्व शिक्षक हरिशंकर गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 19 फरवरी को दोपहर में उसकी बहू दुकान पर बैठी थी। तभी ग्राहक के विवाद में परिवार के ही कुछ लोगों ने बहू को गालियां दी। जानकारी पर जब उसका बेटा अवधेश पहुंचा तो आरोपियों ने उसपर रॉड, गहदाला से हमला कर दिया। इससे 70 वर्षीय हरिशंकर गुप्ता, 40 वर्षीय अवधेश गुप्ता और उसकी 35 वर्षीय पत्नी नीतू गुप्ता गंभीर घायल हो गई। परिजनों ने घायलों का सीएचसी में इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि पारिवारिक विवाद में मारपीट हुई है, तहरीर मिली है तथा मामले की जांच करके कार्रवाई की जा रही है।

मिट्टी डालने से रोकने पर घर में घुसकर पीटा,की तोड़फोड़

कुंडा प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के कटरा बिहरिया गांव निवासी रमेशचन्द्र यादव ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 16 फरवरी को गांव के कुछ लोग उसकी जमीन पर ट्रैक्टर से मिट्टी डाल रहे थे। उसने मिट्टी डालने का विरोध किया तो आरोपी उसे लाठी से पीटने लगे। वह घर के भीतर भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर पीटा और घर में रखा सामान तोड़ दिया। पीड़ित रमेश की तहरीर पर पुलिस ने देवेन्द्र यादव, वीरेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, शिवम यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

29वें वार्षिक क्रीडा समारोह में किया गया खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – जिला मुख्या के बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुरुवार को 29वें वार्षिक क्रीडा समारोह के अवसर पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षण संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अनिवार्य अंग है।

इसलिए सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंनें जीवन की चार अवस्थाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किशोर अवस्था विद्यार्थी जीवन का स्वर्णिम समय होता है, जिसमें विद्यार्थियों के भविष्य के साथ समाज, प्रदेश और देश का भविष्य आधारित होता है। अतः इस समय का सदुपयोग परिवार, प्रदेश एवं देश के उज्वल भविष्य के लिए करना चाहिए। खेलों को योग से जोड़ते हुए बताया कि स्वस्थ एवं आकर्षक मानव जीवन के सृजन में योग, व्यायाम एवं खेलकूद का बहुत बड़ा योगदान होता है। अतः सभी विद्यार्थी अपनी दिनचर्या में खेलकूद के साथ योग, व्यायाम तथा ध्यान को शामिल करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि खेलकूद व्यक्ति के शारीरिक विकास के साथ मानसिक, मनोवैज्ञानिक तथा बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में खेल के प्रति अनुराग रखे और उसे अपनी दैनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण क्रिया के रूप में शामिल करें। क्रीड़ा प्रभारी डॉ राकेश कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को खेल शिष्टाचार की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ गौरव पाण्डेय ने किया।इस दौरान हुई 100 मी. छात्र वर्ग दौड़ में छात्र रविकान्त प्रथम, अर्पित कुमार द्वितीय एवं आवेश सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी. छात्रा वर्ग दौड़ में छात्रा गरिमा प्रथम, खुशी द्वितीय व रोशनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक छात्र वर्ग प्रतियोगिता में महेश कुमार ने प्रथम, लोकनाथ ने द्वितीय व जितेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में माधुरी यादव ने प्रथम, रक्षा देवी ने द्वितीय व गीता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी. छात्र वर्ग दौड़ में रविकान्त ने प्रथम, रामबाबू ने द्वितीय व आवेश सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी छात्रा वर्ग दौड में खुशी ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय व प्राची देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक छात्र वर्ग प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार ने प्रथम, पीयूष कुमार ने द्वितीय व अमित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में माधुरी यादव ने प्रथम, महिमा देवी ने द्वितीय व रक्षा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ रचित जायसवाल, डॉ सिद्धान्त चतुर्वेदी, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

कथा में सुनाया गया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

पहाड़ी, चित्रकूट- सिधौली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चल रही नौ दिवसीय रामकथा के चौथे दिन कथावाचक सोनेश्वर महराज ने शिव विवाह का मनमोहक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव का विवाह होते ही अनेकों प्रकार के बाजे बजने लगे। आकाश से नाना प्रकार के फूलों की वर्षा हुई। भगवान शिव का विवाह संसार के लिए कल्याणकारी होगा, ऐसा मानकर यक्ष, मुनि, देव, नर, किन्नर, नाग सहित सारा ब्रह्मांड आनंदमय हो गया। भगवान शिव की बारात में भोजपुरी और अवधी गीतों पर श्रोताओं की ताली से पूरा कथा पंडाल गूंज उठा।

डीएम और एसपी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद जनपद आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के उद्देश्य से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए बेड़ी पुलिया से कर्वी तक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर सतर्क होकर ड्यूटि करते हुए अपने कर्तव्यों का निवर्हन करें तथा श्रद्धालुओं से सद्व्यवहार करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र के रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित महत्वपूर्ण स्थलों पर साफ सफाई बनी रहनी चाहिए।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि रात्रि में निर्वाध रूप से विद्युत की आपूर्ति होनी चाहिए। यातायात व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए किसी भी वाहन को सड़क की पटरी पर खड़ा न होने दें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी पूजा साहू, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एन आर एल एम की संकुल स्तरीय महिलाओ को किया गया प्रशिक्षित

● स्वास्थ्य एवं महिला समूहों के विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी एवं जिला मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा 18 से 20 फरवरी तक संकुल स्तरीय संघ विकास खंड सदर के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों एवं विकासखंड सांगीपुर के आंतरिक सामुदायिक संदर्भ व्यक्ति एफ एन एच डब्ल्यू का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इसमें लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण को आत्मसात करने के विषय में जानकारी प्रदान की गई।संकुल स्तरीय संघ की संरचना एवं प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए आचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान मंजू देवी ने कहा कि संकुल स्तरीय संघ के सशक्त होने से ग्राम संगठनों एवं समूहों को सहयोग प्राप्त होगा, जिससे समूह की महिलाएं आजीविका संवर्धन की दिशा में पहल करते हुए सामाजिक मुद्दों पर हस्तक्षेप के माध्यम से अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकेगी।

जिला मिशन प्रबंधक श्रीमती सुमन पाण्डेय ने कहा कि संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठनों को मजबूती प्रदान करता है एवं ग्राम संगठनों को प्रशिक्षण के साथ-साथ सभी विषयों पर मार्गदर्शन करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी क्षेत्रीय विकास ग्राम्य विकास संस्थानप्रेम कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में डीआरपी राम प्रकाश पाण्डेय द्वारा समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ की गठन प्रक्रिया, संकुल स्तरीय संघ की संरचना एवं विभिन्न स्तंभों की भूमिका, संकुल स्तरीय संघ में सदस्यता, शासन एवं परिचालन की भूमिका एवं जिम्मेदारी ,संकुल स्तरीय संघ की मानव संसाधन एवं वित्तीय नियमावली एवं संकुल स्तरीय संघ की उप समितियां के गठन कार्य एवं दायित्व के साथ साथ संकुल स्तरीय संघ की बैठक प्रकिया कार्यवाही , ऐजेण्डा, प्रस्ताव आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीआरपी महेश नारायण मिश्र द्वारा स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण एवं साफ सफाई के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

जेठानी ने देवरानी पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

कुंडा प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी बिटोला देवी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह 17 फरवरी को अपने गली की सफाई कर रही थी। तभी उसकी जेठानी गालियां देने लगी। उसने विरोध किया तो जेठानी ने लाठी से उसके सिर पर हमला कर दिया। दूसरी जेठानी सुमन उसको सीएचसी ले गई। पीड़िता बिटोला देवी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शुकलहिन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सड़क हादसों में तीन लोग घायल

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर गांव निवासी अशोक कुमार यादव का 23 वर्षीय बेटा अजय यादव बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य हादसों में मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई गांव निवासी 40 वर्षीय राम अवतार, हथिगवां थाना क्षेत्र के कोटिला अखित्यारी गांव निवासी 48 वर्षीय कमलेश कुमार पटेल घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगी प्रधान पद की मतगणना

लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के हरनाहर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के उपचुनाव की मतगणना के लिए स्थानीय ब्लाक सभागार को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहां कडी सुरक्षा व्यवस्था में मतपेटिकाएं रखी गयी हैं। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से अफसरों व पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में मतगणना करायी जाएगी। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में गुड़िया है जो कि घर का नाम बुलाने वाला है। मेरा नाम सायमा बेगम पुत्री बरकत अली पत्नी नौसाद है जो सही। मुझको मेरे सही नाम सायमा बेगम के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सायमा बेगम
निवासी माकान नं0 200 बेगम वार्ड
थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़
मो0 9169409330

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय लालगंज प्रतापगढ़
ओ0एस0 नं0 375/2021
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फ्रीकेन सुरेश पाण्डेय बनाम राजेश पाण्डेय आदि
बनाम
1. राजेश पाण्डेय उम्र वयस्क 2. संजय पाण्डेय वयस्क 3. धर्मेन्द्र पाण्डेय वयस्क 4. विनोद पाण्डेय वयस्क सुतगण राम दुलारे समस्त निवासी ग्राम विहिरी भवानीगढ़ पोस्ट शाहबरी परगना सदर तहसील लालगंज जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 29.05.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.05.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र मोनू उर्फ राकेश रजनीश मेरे कहने सुनने में नहीं है वह मादक पदार्थो के सेवन करने का आदी है,उसके सोचने समझने की क्षमता कम हो गई है।उसके क्रिया कलाप से क्षुब्ध होकर मैने अपने पुत्र मोनू उर्फ राकेश रजनीश को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से ,बेदखल कर दिया है। उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है उससे मैने अपने सम्बन्ध को समाप्त कर लिया है। उसके द्वारा वर्तमान समय या भविष्य में किसी भी वैध, अवैध कार्य करने के लिए, लेन देन , उधारी के लिए,कोई घटना कारित करने के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

शिव पूजन
पुत्र स्व0 दुबरी प्रसाद
निवासी ग्राम देवकली तहसील सदर थाना कोतवाली नगर जिला प्रतापगढ़।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र महबूब अली ट्रक ड्राइवर है वह मेरे कहने सुनने में नहीं है । वह मुझे अपमानित करता है मुझे और मुझे मारता पीटता है और गलियां देता है । मेरा अपने पुत्र महबूब अली से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।ऐसी दशा में मैने व मेरी पत्नी जोहरा बेगम ने अपने पुत्र महबूब अली को दिनांक 20 फरवरी 2025 से, ग्राम उदापुर ,भीमसेन, सराय नाहराय की समस्त चल अचल सम्पत्ति से ,बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किसी वैध, अवैध कार्य करने के लिए, कोई घटना कारित करने के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

मो0 अली
पुत्र गुलाब शेख व जोहरा बेगम
पत्नी मो0 अली
निवासी ग्राम उदापुर तहसील लालगंज थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़।

शिवरात्रि पर शोभायात्रा के लिए हुई तैयारी बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। श्री बूढ़े नाथ पालकी यात्रा समिति की बैठक बूढ़े नाथ मन्दिर प्रांगण में सम्पन हुई जिसमें 26 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर बूढ़े नाथ मंदिर से निकलने वाली पालकी यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि पालकी यात्रा पूर्व के वर्षो की भांति बूढ़े नाथ मन्दिर से प्रारंभ होकर त्रिमोहानी संकटाघाट से पक्के घाट, त्रिमुहानी, धुन्धीकटरा, मुकेरी बाजार , लाल डिग्गी नवीन सिनेमा के सामने पालकी यात्रा के विश्राम स्थल पर महाआरती के पश्चात इमामबाडा, के बीः कालेज, काली जी के मन्दिर से टेढ़ी नीम होते हुए बूढ़े नाथ मन्दिर प्रांगण में ही यात्रा का समापन होगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा मार्ग की मरम्मत, बिजली के तार एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन को अवगत करा दिया जाय जिससे समय से पूर्व हर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। समिति ने सभी सदस्यों एवं सभी शिवभमक्तों का आहवान किया कि पालकी यात्रा की भव्यता के लिए पूरी तन्मयता से लग जाएं। बैठक की अध्यक्षता सन्दर्भ पांडेय ने तथा संचालन गौरव उमर ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से विन्ध्यवासिनी केशरवानी, ओमशंकर गिरि, अशोक बच्चन, संजय चौरसिया, रानी सिंह, सुधानंद गिरि, शिप्रा गुप्ता, प्रियंका अग्रहरी, दीपा उमर उपस्थित रहे।

फाइलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य टीमें घर-घर लोगों को करा रही दवा का सेवन

चित्रकूट ब्यूरो-मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि राष्टीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के ब्लॉक मऊ व रामनगर में एमडीए 2025 का आयोजन 10 से 25 तक किया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा दे रहीं हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फाइलेरियों उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत ब्लाक रामनगर में 115 टीमें व ब्लाक मऊ में 154 टीमें लगाई गई है। साथ ही इन टीमों के कार्यो का पर्यवेक्षण करने के लिए 49 सुपरवाइजर लगाए गए है। नोडल अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि ब्लॉक रामनगर में कुल जनसंख्या 1,05,223 के सापेक्ष अब तक कुल 55,945 लोगों को व ब्लॉक मऊ में कुल जनसंख्या 1,61,339 के सापेक्ष 86,544 लोगों को अब तक दवा का सेवन कराया जा चुका है।

कार्यालय ग्राम पंचायत जहानाबाद विकास खंड कुण्डा जनपद प्रतापगढ़

पत्रांक/मेमो/निविदा/2024–25
दिनांक 20.02.2025

अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 से स्वीकृत एवं अनुमोदन निम्नाकिंत कार्यों हेतु एसओबी ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट,सीमेंट,सरिया,गिट्टी,इंटरलॉकिंग ईंट, जीएसबी आदि व अन्य सामग्री की आवश्यकता है,इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21.02.2025 से 23.02.2025 तक सीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिन में 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है,जो दिनांक 24.02.2025 को दोपहर 2 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी।निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य/परियोजना का नाम
1	माता प्रसाद के घर शिवप्रसाद के घर तक इंटरलॉकिंग
2	सी सी रोड से बाग तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य
3	अर्जुन शुक्ल के घर से विशाल के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य

श्रीमती मिथलेश
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जहानाबाद
विकास खंड कुण्डा जनपद प्रतापगढ़

विनोद सरोज
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत जहानाबाद
विकास खंड कुण्डा जनपद प्रतापगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर विकास खंड कुण्डा जनपद प्रतापगढ़

पत्रांक/मेमो/निविदा/2024–25
दिनांक 20.02.2025

अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 से स्वीकृत एवं अनुमोदन निम्नाकिंत कार्यों हेतु एसओबी ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट,सीमेंट,सरिया,गिट्टी,इंटरलॉकिंग ईंट, जीएसबी आदि व अन्य सामग्री की आवश्यकता है,इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21.02.2025 से 23.02.2025 तक सीलबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिन में 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है,जो दिनांक 24.02.2025 को दोपहर 2 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी।निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य/परियोजना का नाम
1	आजाद के घर से राजेश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य
2	सुरेश के घर से सादाब के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य
3	प्रधानिन के घर से मनोज के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य

अनीता शुक्ला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर
विकास खंड कुण्डा जनपद प्रतापगढ़

राम नरेश यादव
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर
विकास खंड कुण्डा जनपद प्रतापगढ़

प्रतिष्ठित परीक्षा में सफ़लता पर हर्ष



लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद के पिछड़े क्षेत्र हलिया के एक युवा ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसपर क्षेत्रीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। हलिया विकास खंड के नदौली करौंदी गांव निवासी अमित मिश्र का एस एस सी जे ई परीक्षा में सफ़लता प्राप्त करने पर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग विभाग में अभियंता पद पर चयन हो गया है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक रामदयाल मिश्र के पौत्र अमित इसका पूरा श्रेय अपनी माता सुधा मिश्रा और दादा को देते जिनसे इनको प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा मिली। अमित ने मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज प्रयागराज से अपने पिता संतोष मिश्र जो स्वयं एक इंजीनियर हैं के निर्देशन में एम टेक किया है। अमित की इस सफ़लता पर विजय नारायण मिश्र उत्तर एडवोकेट, इंद्रजीत शुक्ल, रूप चंद एडवोकेट, जगत नारायण मिश्र एडवोकेट, महराजदीन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने घर जाकर परिवार को बधाई दी।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

29वें वार्षिक क्रीडा समारोह में किया गया खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – जिला मुख्या के बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुरुवार को 29वें वार्षिक क्रीडा समारोह के अवसर पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षण संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अनिवार्य अंग है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंनें जीवन की चार अवस्थाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किशोर अवस्था विद्यार्थी जीवन का स्वर्णिम समय होता है, जिसमें विद्यार्थियों के भविष्य के साथ समाज, प्रदेश और देश का भविष्य आधारित होता है। अतः इस समय का सदुपयोग परिवार, प्रदेश एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए करना चाहिए। खेलों को योग से

जोड़ते हुए बताया कि स्वस्थ एवं आकर्षक मानव जीवन के सृजन में योग, व्यायाम एवं खेलकूद का बहुत बड़ा योगदान होता है। अतः सभी विद्यार्थी अपनी दिनचर्या में खेलकूद के साथ योग, व्यायाम तथा ध्यान को शामिल करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि खेलकूद व्यक्ति के शारीरिक विकास के साथ मानसिक, मनोवैज्ञानिक तथा बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में खेल के प्रति अनुराग रखे और उसे अपनी दैनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण क्रिया के रूप में शामिल करें। क्रीड़ा प्रभारी डॉ राकेश कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को खेल शिष्टाचार की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ गौरव पाण्डेय ने किया।इस दौरान हुई 100 मी. छात्र वर्ग दौड़ में छात्र रविकान्त प्रथम, अर्पित कुमार द्वितीय एवं आवेश सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी. छात्रा वर्ग दौड़ में छात्रा गरिमा प्रथम, खुशी द्वितीय व रोशनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक छात्र वर्ग प्रतियोगिता में महेश कुमार ने प्रथम, लोकनाथ ने द्वितीय व जितेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में माधुरी यादव ने प्रथम, रक्षा देवी ने द्वितीय व गीता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी. छात्र वर्ग दौड़ में रविकान्त ने प्रथम, रामबाबू ने द्वितीय व आवेश सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी छात्रा वर्ग दौड में खुशी ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय व प्राची देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक छात्र वर्ग प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार ने प्रथम, पीयूष कुमार ने द्वितीय व अमित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में माधुरी यादव ने प्रथम, महिमा देवी ने द्वितीय व रक्षा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ रचित जायसवाल, डॉ सिद्धान्त चतुर्वेदी, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

कथा में सुनाया गया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

पहाड़ी, चित्रकूट- सिधौली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चल रही नौ दिवसीय रामकथा के चौथे दिन कथावाचक सोनेश्वर महराज ने शिव विवाह का मनमोहक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव का विवाह होते ही अनेकों प्रकार के बाजे बजने लगे। आकाश से नाना प्रकार के फूलों की वर्षा हुई। भगवान शिव का विवाह संसार के लिए कल्याणकारी होगा, ऐसा मानकर यक्ष, मुनि, देव, नर, किन्नर, नाग सहित सारा ब्रह्मांड आनंदमय हो गया। भगवान शिव की बारात में भोजपुरी और अवधी गीतों पर श्रोताओं की ताली से पूरा कथा पंडाल गूंज उठा।

डीएम और एसपी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद जनपद आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के उद्देश्य से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए बेड़ी पुलिया से कर्वी तक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर सतर्क होकर ड्यूटि करते हुए अपने कर्तव्यों का निवर्हन करें तथा श्रद्धालुओं से सद्व्यवहार करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र के रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित महत्वपूर्ण स्थलों पर साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि रात्रि में निर्बाध रूप से विद्युत की आपूर्ति होनी चाहिए। यातायात व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए किसी भी वाहन को सड़क की पटरी पर खड़ा न होने दें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी पूजा साहू, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शिवरात्रि पर शोभायात्रा के लिए हुई तैयारी बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। श्री बूढ़े नाथ पालकी यात्रा समिति की बैठक बूढ़े नाथ मन्दिर प्रांगण में सम्पन हुई जिसमें 26 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर बूढ़े नाथ मंदिर से निकलने वाली पालकी यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि पालकी यात्रा पूर्व के वर्षो की भांति बूढ़े नाथ मन्दिर से प्रारंभ होकर त्रिमोहानी संकटाघाट से पक्के घाट, त्रिमुहानी, धुन्धीकटरा, मुकेरी बाजार , लाल डिग्गी नवीन सिनेमा के सामने पालकी यात्रा के विश्राम स्थल पर महाआरती के पश्चात इमामबाडा, के बीः कालेज, काली जी के मन्दिर से टेढ़ी नीम होते हुए बूढ़े नाथ मन्दिर प्रांगण में ही यात्रा का समापन होगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा मार्ग की मरम्मत, बिजली के तार एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन को अवगत करा दिया जाय जिससे समय से पूर्व हर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। समिति ने सभी सदस्यों एवं सभी शिवभमक्तों का आहवान किया कि पालकी यात्रा की भव्यता के लिए पूरी तन्मयता से लग जाएं।

बैठक की अध्यक्षता सन्दर्भ पांडेय ने तथा संचालन गौरव उमर ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से विन्ध्यवासिनी केशरवानी, ओमशंकर गिरि, अशोक बच्चन, संजय चौरसिया, रानी सिंह, सुधानंद गिरि, शिप्रा गुप्ता, प्रियंका अग्रहरी, दीपा उमर उपस्थित रहे।

महापुरूषों के जीवन से सीख लेकर अपने कर्तव्यों का करें अनुपालन- राघवेन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलिज बेड़ी पुलिया में हिंदू साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक सदाशिव राव गोलवलकर गुरु जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को महापुरूषों के जीवन से सीख लेते हुए देशभक्त बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ माता सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस दौरान शिवाजी महराज एवं सदाशिव राव गोलवलकर गुरु जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दादूराम एवं वंदना प्रमुख विद्यार्थी नरेंद्र, अरूण, शुभ, जान्हवी आदि के द्वारा माता सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। इस दौरान

छात्रा सोमी ने शिवाजी महराज एवं सदाशिव राव गोलवलकर गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र आदर्श दीक्षित ने शिवाजी महराज की गौरव गाथा में उन्हें श्रेष्ठतम भारतीय शासक तथा स्वतंत्रता सेनानी, कुशल कूटनीतिक तथा श्रेष्ठ सेना नायक बताया। विद्यालय के इतिहास शिक्षक सुधाकर ने विद्यार्थियों को शिवाजी महराज के बाल्यकाल से लेकर कुशल शासक बनने तक की जानकारी दी। आचार्य शिवनायक ने सभी को ने शिवाजी महराज व सदाशिव राव गोलवलकर के समान देशभक्त बनने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने विद्यार्थियों को महापुरुषों के आदर्शों पर चलने की बात कही तथा बताया कि योग्य व्यक्ति ही देश का सच्चा देशभक्त हैं क्योंकि वह अपने कार्य से समय बदल सकता है। शिवाजी महराज एवं सदाशिव राव गोलवलकर गुरु जी जैसे स्वयंसेवकों ने देश को नई दिशा एवं दशा प्रदान की, इनका जीवन अनुकरणीय है। कहा कि हम सभी को ऐसे महापुरूषों की तरह अपना कर्तव्य पूरा करना है। इस मौके पर आचार्य प्रमोद पाण्डेय, प्रशांत, रवि, धीरेन्द्र, जानकी, बासुदेव, शिवसागर, प्रदीप, अरूण, सुशील, गोरेलाल, आराधना, रागिनी, ज्योति सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

फाइलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य टीमें घर-घर लोगों को करा रही दवा का सेवन

चित्रकूट ब्यूरो-मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के ब्लॉक मऊ व रामनगर में एमडीए 2025 का आयोजन 10 से 25 तक किया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा दे रहीं हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फाइलेरियों उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत ब्लाक रामनगर में 115 टीमें व ब्लाक मऊ में 154 टीमें लगाई गई है। साथ ही इन टीमों के कार्यों का पर्यवेक्षण करने के लिए 49 सुपरवाइजर लगाए गए है। नोडल अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि ब्लॉक रामनगर में कुल जनसंख्या 1,05,223 के सापेक्ष अब तक कुल 55,945 लोगों को व ब्लॉक मऊ में कुल जनसंख्या 1,61,339 के सापेक्ष 86,544 लोगों को अब तक दवा का सेवन कराया जा चुका है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि जनपद स्तर से नोडल अधिकारियों व जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र में जाकर मॉनिटरिंग का कार्य किया जा रहा है जिससे कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद-चित्रकूट

पत्र संख्या–2811/अल्पकालीन निविदा/2024–25 **दिनांक 20–फरवरी, 2024**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पंजीकृत ठेकेदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रान्तीयकृत राष्ट्रीय रामायण मेला के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से दिनांक 26.02.2025 से 02.03.2025 तक होने वाले प्रान्तीयकृत रामायण मेले के आयोजन हेतु विभिन्न कार्यों के लिये ऑफलाइन मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 24.02.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर पालिका कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को 03.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष नगर पालिका कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 24.02.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक कार्यालय से निर्धारित समय में प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं के साथ ठेकेदारों को 02 प्रतिशत प्रतिभूति धनराशि की एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/सी०डी०आर०/नगद के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, जो ''अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम'' के पदनाम बन्धक होगी। निविदादाता को प्रत्येक निविदा के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर 01 रू० का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य आवश्यक जानकारी नगर पालिका कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यों का विवरण

क्र0 सं0	कार्य का नाम		आगणन धनराशि (लाख रू0)	प्रतिभूति धनराशि 02 प्रतिशत	टेण्डर फार्म कीमत प्रति कार्य
1	सम्पूर्ण सजावट का कार्य	बेडी पुलिया चौराहा से यू०पी०टी० तिराहा तक विद्युत झालरों के साथ सजावट का कार्य। (700 पीस 20 मीटर की झालर रू0 80.00 की दर से 05 दिवस हेतु)।	2.80	5600.00	500.00
		निर्मोही अखाडा से सम्पूर्ण रामघाट की सजावट का कार्य। (05 दिवस हेतु)	3.00	6000.00	500.00
2	वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था	08 नग जनरेटर सेट मय ईंधन व लेबर सहित उपलब्धता। (रैन बसेरा परिसर (1 नग), रामघाट (2 नग), बेडी पुलिया से रामायण मेला तक (2 नग), रामायण मेला से यू०पी०टी० तिराहा तक (1 नग), यू०पी०टी० तिराहा से निर्मोही अखाड़ा तक (2 नग) 05 दिवस हेतु)	0.66	1320.00	500.00
3	अस्थायी स्वागत द्वार का निर्माण कार्य	02 अदद अस्थायी भव्य मुख्य स्वागत द्वार का निर्माण मय सजावट, प्रकाश एवं बैनर आदि सहित (20 फुट ऊँचा व 20 फुट चौडा रू० 328000.00 प्रति नग 05 दिवस हेतु)	6.56	13120.00	500.00
4	प्रदर्शनी हेतु पण्डाल स्टॉल व मंच आदि हेतु टेन्ट व्यवस्था	रैन बसेरा परसिर में सरकारी विभागों के स्टॉल एवं प्रदर्शनी हेतु कुर्सी, मेज, मैटी, टेन्ट एवं लाइट की सम्पूर्ण व्यवस्था जनरेटर एवं लेवर संहित। (05 दिवस हेतु)	3.52	7040,00	500.00

नोटः–

1. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी।
2. निविदा स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध के पूर्व 8 प्रतिशत जमानत धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० आदि के रूप में जमा कराकर अनुबन्ध कराना होगा। उक्त जमानत धनाराशि ठेकेदार के अनुरोध पर उसके कार्य के बिल में भी समायोजित की जा सकेगी।
3. निविदा तथा कार्य से सम्बन्धित अन्य नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. निविदा स्वीकृतिधनिरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

अधिशोषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद में दुर्घटनाओं को रोकने एवं दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करने की दृष्टि से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विगत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु तेज वाहन चलाने वाले तथा मदिरा व अन्य मादक पदार्थ का सेवन करके वाहन चलाने वालों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई भी कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद के विभिन्न मार्गो/संकरी पुलिया, अंधा मोड़ आदि स्थानों पर रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग तथा प्रकाश व्यवस्था अथवा अन्य जो भी आवश्यकता हो संकेतक बोर्ड भी लगाए जाएं। उन्होंने प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे स्थानों पर जहां प्रकाश व्यवस्था न हो, सूची उपलब्ध कराएं ताकि सौर उर्जा का प्रबंध किया जा सके। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी थानो में मेडिकल रूम को क्रियाशील करवाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी थानों को सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो से मैपिंग कराया जाए। कार्यदायी संस्था उपसा के द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि चिन्हित ब्लैक स्पाटों को पूर्ण करा लिया गया है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चुनार प्रताप नारायण ओझा, अधिशासी अभियंता एन.एच. लोक निर्माण विभाग डी.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग जर्नादन सिंह, अवर अभियंता बी.के. पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

कपड़ा बेचने जा रहा है व्यापारी हुआ घायल

टेवां, कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्र के भक्तों का पूर्वक निवासी कमलाकांत 22 वर्ष पुत्र केसनलाल कपड़ा तेरी करके बेचने जा रहा था तभी जाते समय टेवां पावर हाउस पॉलिटेक्निक कॉलेज के बगल से देवी दयाल पूर्व जाने वाली रोड के पास ट्रक से टक्कर लग जाने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

Notice

It is hereby informed that my son's Aadhaar card (No. 790208623900) has been issued in error with the name "Janardan Prasad Yadav." However, his correct name as per his educational records is "Arav Yadav, son of Tej Bahadur Yadav." Henceforth, he will be known by his correct name Arav Yadav Tej Bahadur Yadav s/o shiv lal yadav Jawai, Tilhapur-Kaushambi.

प्रतिष्ठित परीक्षा में सफ़लता पर हर्ष



लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद के पिछड़े क्षेत्र हलिया के एक युवा ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसपर क्षेत्रीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। हलिया विकास खंड के नदौली करौंदी गांव निवासी अमित मिश्र का एस एस सी जे ई परीक्षा में सफ़लता प्राप्त करने पर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग विभाग में अभियंता पद पर चयन हो गया है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक रामदयाल मिश्र के पौत्र अमित इसका पूरा श्रेय अपनी माता सुधा मिश्रा और दादा को देते जिनसे इनको प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा मिली। अमित ने मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज प्रयागराज से अपने पिता संतोष मिश्र जो स्वयं एक इंजीनियर हैं के निर्देशन में एम टेक किया है। अमित की इस सफ़लता पर विजय नारायण मिश्र उत्तर एडवोकेट, इंद्रजीत शुक्ल, रूप चंद एडवोकेट, जगत नारायण मिश्र एडवोकेट, महराजदीन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने घर जाकर परिवार को बधाई दी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

एसडीएम और तहसीलदार की ओर से श्रमदान अभियान चलाकर सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिवालय भवरेश्वर की गई सफाई

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। महाशिवरात्रि के पूर्व ''स्वच्छता ही सेवा है, सफाई ही पूजा है'' अभियान के तहत बृहस्पतिवार को एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और तहसीलदार मंजुला मिश्रा की ओर से श्रमदान अभियान चलाकर सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिवालय भवरेश्वर की सफाई की गई। इस एक दिवसीय अभियान में सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर भवरेश्वर को संवारने के लिए सैकड़ो श्रृद्धालुओं द्वारा विशेष श्रमदान किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर मंदिर प्रांगण को पवित्र सई नदी के जल से धोया और सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में तहसीलदार मंजुला मिश्रा के साथ दर्जनों महिला श्रृद्धालुओं ने भी भाग लिया और घाट की सीढ़ियों, मढ़ियों और मंदिर परिसर की सफाई की। सफाई कार्य के दौरान सभी ष्हर-हर महादेव, शंभु भवरेश्वर, विश्वनाथ सई नदी के जयघोष के साथ जुटे रहे। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार ने भवरेश्वर मंदिर में गंगाजल से विग्रहों का अभिषेक किया और श्रद्धालुओं ने भी जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। आपको बता दें कि, एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और तहसीलदार मंजुला मिश्रा समेत बीडीओ बछरावां शिव बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी बछरावां व महराजगंज राम आशीष वर्मा, अधिशासी अधिकारी लालगंज व शिवगढ़ राजभान शुक्ला, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, कानूनगो उमेश चंद्र दीक्षित, आबिद अली, मो0 अहमद, लेखपाल राजीव मिश्रा, राजेश कुशवाहा, अमित शुक्ला, दर्शिता श्रीवास्तव, विपिन मौर्य के अलावा राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों ने श्री भवरेश्वर विश्वनाथाष्टकं के श्लोकों का उच्चारण करते हुए मंदिर में स्थित विग्रहों का गंगाजल, पुष्प, धूप और भस्म से पूजन किया।एसडीएम महराजगंज सचिन यादव ने कहा कि, भवरेश्वर मंदिर रायबरेली जिला की अमूल्य धरोहर हैं, और इनकी देखरेख की जिम्मेदारी हर व्यक्ति को उठानी चाहिए। इससे पूर्व एसडीएम सचिन यादव ने तहसीलदार मंजुला मिश्रा और समस्त प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ पवित्र सई नदी के घाटों पर अपने हाथों से साफ सफाई कर ''स्वच्छ सई नदी, निर्मल सई नदी'' का संदेश दिया गया। श्री भवरेश्वर मंदिर धाम में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्नान के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया और उन्हें साबुन व शैंपू के प्रयोग से रोकने की अपील की गई।तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि, 'सबका साथ हो, पवित्र सई नदी का जल साफ हो', 'हर-हर भवरेश्वर महादेव', 'नमामि शंभूत्रिपुरारी', नहीं रुकेंगे, हम स्वच्छ करेंगे'। इस पहल को श्रद्धालुओं का पूरा समर्थन मिला।इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों समेत श्रमदान के तहत क्षेत्रीय लोगों एवं श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

Galaxy S23 FE
20 February 2025 10:42 am

दस वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। दस वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव सड़क पर रखकर सलोन-ऊंचाहार मार्ग जाम कर दिया।घटना की सूचना पर तहसीलदार सलोन समेत चार थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुँच गई।ग्रामीणों ने पुलिस पर किशोर की मौत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अज्ञात हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग पर आड़े रहे।इस दौरान दोनों तरफ गाड़िया जाम में घण्टो फंसी रही।ग्रामीणों ने छोटे छोटे रास्तो को झाँकर लगाकर जाम कर दिया था।कोतवाली अंतर्गत राजा का पुरवा मजरे समसपुर खालसा गांव निवासी राकेश गौतम के दस वर्षीय पुत्र सुधीर गौतम की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को गांव के समीप स्थित तालाब से बरामद होने पर सनसनी मचा गई थी।गुरुवार को पोस्टमार्टम से शव जैसे ही घर पहुँचा तो परिजन आक्रोशित हो गए।परिजनों ने दोपहर लगभग चार बजे पुलिस द्वारा कार्यवाही के नाम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर सलोन-ऊंचाहार मार्ग जाम कर दिया।मार्ग जाम होने की सूचना पर तहसीलदार दीपिका सिंह,सलोन कोतवाली समेत डीह, नसीराबाद,ऊंचाहार थाने की पुलिस मौके पर पहुँच गई।वही पुलिस को देखते ही आक्रोशित ग्रामीणों का पारा सातवे आसमान पर पहुँच गया।

परिजनों का आरोप है कि समय रहते अगर पुलिस उनके लड़के की खोज लेती तो उनका लड़का आज जीवित होता।परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके एक लौते बेटे को मारकर तालाब में अज्ञात लोगों ने फेक दिया।लेकिन एक भी पुलिस गांव जांच पड़ताल करने क्यो नही पहुँची।इस दौरान परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस पर जमकर भड़ास भी निकाली।वही आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास पुलिस भरसक करती रही। लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं हुए। उनका कहना था कि आरोपी को जबतक पुलिस पकड़कर नही लाएगी।तबतक जाम नही खत्म होगा।वही पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों को भी मामले की सूचना दे दी गई।खबर भेजे जाने तक मार्ग जाम बहाल नही हो सका था।

गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारियों में जुटा विभाग

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। बिजली विभाग अभी से गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारियों में जुट गया है। इसमें आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। सभी बिजली स्टेशन अफसरों से विवरण मांगा गया था, इसी के तहत एसडीओ महराजगंज रमेश सोनी के नेतृत्व में विद्युत पावर हाउस स्टेशन महराजगंज, जिहवा और चंदापुर में साफ सफाई सहित अन्य कार्य युद्ध स्तर करवाए पर जा रहे हैं। आपको बता दें कि, एसडीओ रमेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि, गर्मी में विद्युत उपभोक्ताओं को निर्वाध आपूर्ति के क्रम में पावर परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि, विद्युत यंत्रों का सुदृढ़ीकरण, सीटी, पीटी ब्रेकर व रिले को क्रियाशील करने व अनुरक्षण संबंधी कार्य फरवरी माह में पूरा करा लेना है। जिससे गर्मी में बिजली आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो। इसके लिए कार्ययोजना युद्ध स्तर पर तैयार कराई जा रही है। विभाग की तरफ से बीते साल अक्तूबर माह में अनुरक्षण कार्य कराए गए थे, इसके बाद भी तमाम कार्य अभी शेष हैं। उन्होंने बताया कि, कारपोरेशन स्तर से फरवरी में अनुरक्षण माह मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें मरम्मत संबंधी सभी कार्य पूरे किए जा रहें हैं। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न करने वाले पेड़ों की छंटाई, जर्जर तारों को ठीक करने, घरों की छतों से गुजरे विद्युत तारों को हटाने, वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग के कार्य भी कराए जाने हैं।

एसडीओ रमेश सोनी ने बताया कि, गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए फरवरी में अनुरक्षण माह मनाया जा रहा। विद्युत आपूर्ति में आने वाली दिक्कतों की लिस्ट तैयार की जा रही है। जिससे गर्मी शुरू होने से पहले मरम्मत के सभी कार्य पूरे कराए जा सकें।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने एसडीएम से की शिष्टाचार मुलाकात और जन समस्याओं से कराया अवगत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा की अगुवाई में नवागंतुक उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी से मुलाकात कर स्वागत किया और व्यापारिक समस्याओं को अवगत कराया। नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधित एवं व्यापारियों के साथ हुई कई घटनाओं पर चर्चा हुई जिस पर उपजिलाअधिकारी महोदय ने कहा कि हर संभव व्यापारियों की समस्या प्रमुखता से सुनी जाएगी और उन पर अमल भी कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सोनी, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन, नगर उपाध्यक्ष शीलू त्रिवेदी, उद्योग मंच के अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राना बेनी माधव सिंह जी की प्रतिमा का सांसद राहुल गांधी ने किया अनावरण

लोकमित्र ब्यूरो

जगतपुर, रायबरेली। सांसद राहुल गांधी और अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा का इंटर कॉलेज शंकरपुर में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जनपद भर के गणमान्यो पूर्व विधायको सहित सम्मानित भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि राहुल गांधी राना बेनी माधव सिंह समिति शंकरपुर के आमंत्रण पर राना साहब की विशालकाय अश्व पर सवार प्रतिमा का अनावरण एवं रायबरेली जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए आए थे। कार्यक्रम में पहले से ही पहुंची काफी जनता देर तक राहुल गांधी का इंतजार करती रही सर्वप्रथम राहुल गांधी एवं उनके साथ रहे गणमान्यों ने श्री दुर्गा माता धाम में दर्शन किया। उसके पश्चात राना पार्क पहुंचकर राना बेनी माधव सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।तत्पश्चात आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। राना बेनी माधव सिंह समिति के संयोजक डॉ आजेंद्र प्रताप सिंह एवं समिति के अध्यक्ष श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया पुष्प ,स्मृति, मोमेंटो को देकर सम्मान किया गया वहीं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओ को दिखाने वाले विशिष्ट प्रतिभा के धनी लोगों को भी सम्मानित किया ।

राहुल गांधी ने दलित छात्रों के साथ किया संवाद

रायबरेली। अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दलित छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दलित समाज का हर व्यक्ति डॉ. आंबेडकर है।दलित छात्रों से संवाद करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे जहां पर उन्होंने दलित छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि दलितों के साथ जो हजारों साल में अन्याय और भेदभाव हुआ है डॉ. आंबेडकर ने वो ध्यान में रखकर संविधान बनाया है। देश की हजारों साल की संस्कृति और महापुरुषों के विचार देश के संविधान में हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार समाज से आए हैं। देश का हर दलित आंबेडकर है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों को शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं। संविधान आपको बराबरी का अधिकार देता है और अब इसे ही खत्म करने की साजिश रची जा रही है। देश के संविधान को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। आंबेडकर जी ने कहा था कि संगठित बनों, शिक्षित बनो और संघर्ष करो। दलित समाज को इसी तरह अपने हक को प्राप्त करना होगा।

अतुल सिंह के नेतृत्व में राहुल गाँधी का सैकड़ो लोगो के साथ किया गया जोरदार स्वागत

नेता प्रतिपक्ष,रायबरेली सांसद जननायक राहुल गाँधी का रायबरेली के ऊंचाहार विधानसभा पहुँचने पर कांग्रेस प्रदेश सचिव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह के नेतृत्व में नवाबगंज में सैकड़ो लोगो के साथ जोरदार स्वागत किया गया।राहुल ने सभी लोगों का हाल चाल जाना। इसके बाद शंकरपुर में मुख्य अतिथि राहुल गाँधी ने राना बेनी माधव सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण किया एवं सम्मान किया।

लालगंज सरकारी अस्पताल में विश्व स्तन कैंसर पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के बाबत लालगंज सरकारी अस्पताल में विश्व स्तन कैंसर दिवस पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें महिलाओं को जागरूकता संबंधित सूचनाओं का पत्रक बांटा गया। कार्यक्रम की समन्वयक रंजना तिवारी ने महिलाओं को बताया कि समय रहते अगर स्तन, ओवरी और ब्रेस्ट कैंसर का इलाज हो जाए तो महिला पूरी तरह से जीवन भर स्वस्थ रहेगी। उन्होंने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए और महिला चिकित्सकों से संपर्क करके समय रहते शुरुआती दौर में ही इलाज कर लेने से कोई भी बीमारी गंभीर रूप नहीं धारण करती है। रंजना तिवारी ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति

भाजपा राज में किसान दुखी-इं.वीरेन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम जनपद की विधानसभाओं के अनेकों सेक्टरों में आयोजित किए गये हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के गोझरी में आयोजित पीडीए जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार में इस क्षेत्र की नहरों पुरवा ब्रांच एवं मौरावाँ रजबहा में किसानों को सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा,अधिकांश सरकारी नलकूप खराब पड़े है गरीब किसानों की गेहूँ ,सरसों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही परन्तु विभागीय अधिकारी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहें,देश का अन्नदाता महँगी खाद डालने पर मजबूर है इसके बाद भी बीजेपी राज में पिछले आठ वर्ष से दिन रात आवारा जानवरों से फसल की रखवाली को किसान परिवार सहित खेतों में बैठने पर विवश हैं किसान का दुख दर्द की कोई सुनवाई बीजेपी सरकार में नहीं है।

समाजवादी पार्टी सरकार में इस क्षेत्र में ताला एवं पोरई सहित विद्युत केंद्रों की स्थापना कर किसानों को निर्बाध सोलह घण्टे बिजली,कई चिकित्सालय एवं सैकड़ों गाँव समग्र ग्राम बनाकर सर्वांगीण विकास किया गया।परंतु भाजपा सरकार ने विकास कार्य अवरुद्ध कर दिया।बछरावा विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कुसड़ी सागरपुर में पीडीए जनपंचायत में कहा कि पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों की एकता से ही तानाशाह भाजपा को सत्ता से बेदखल कर विकास परक समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है।पीडीए चर्चा कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक प्रमुख जीतू सिंह,विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव,दीपू शुक्ला,कृपा शंकर यादव,मुनेश्वर पासी,ब्रजेंद्र चैधरी, डा.जावेद, राजकुमार लोधी, श्रवण चैधरी,सत्तेश गौतम,जफर अहमद मुन्ना,विजय बहादुर यादव,बबलू लोधी, मो.रईस, पिण्टू यादव,रामबहादुर पासी, उमाशंकर शुक्ला,अरुण अंबेडकर, राधे श्याम लोधी,आलोक यादव, चन्द्रप्रकाश आजाद,पुत्तन सिंह यादव, आदर्श यादव आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों, दलितों,अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यो को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।

दिल्ली में रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर गुप्ता बिरादरी के लोगों ने लालगंज में बाटी मिठाई और जताई प्रसन्नता

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। बुधवार की देर शाम जैसे ही दिल्ली में भाजपा नेतृत्व ने गुप्ता बिरादरी की तेज तर्रार महिला रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद पर मनोनीत किया ,लालगंज में भी गुप्ता बिरादरी में खुशी की लहर दौड़ गई। लालगंज नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी देवी कुमार गुप्ता, पूर्व भाजपा महामंत्री अशोक गुप्ता, व्यापार मंडल के महामंत्री शिवम गुप्ता, रामकुमार गुप्ता ने रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर जहां लोगों के बीच लड्डू बांटकर खुशियां साझा किया वहीं प्रसन्नता जताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली में मुख्यमंत्री बनकर वैश्य बनिया समाज को सम्मानित करने का सराहनीय कार्य किया है। व्यापारी नेता शिवम गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही वैश्य और महिला समाज का सम्मान सर्वोपरि है। वही भाजपा किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह और मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा ने महिला मुख्यमंत्री बनाकर देश की आधी आबादी को सम्मान देने का काम किया है। दिल्ली की नव मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निश्चित रूप से दिल्ली वासियों के लिए विकास का पर्याय बनेगी। वहीं भारतीय जनता पार्टी के सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने से केजरीवाल के जंगल राज और भ्रष्टाचार से लोगों को छुटकारा मिला है। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दिल्ली का दिन दूना रात चैगुना विकास होगा। दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर ओम गुप्ता ,महादेव गुप्ता, किशन गुप्ता, रमाशंकर बाजपेई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एम्स रायबरेली में एनटीपीसी बनवाएगी सात मंजिला बालिका छात्रावास

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। एनटीपीसी द्वारा एम्स रायबरेली में सात मंजिला बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। रायबरेली जनपद को यह सौगात एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत प्राप्त होगी। इस आशय का आपसी करार एम्स अस्पताल रायबरेली में एनटीपीसी और एम्स के बीच किया गया। करार पर एनटीपीसी ऊँचाहार की तरफ से मानव संसाधन प्रमुख रुमा दे शर्मा तथा एम्स की तरफ से कार्यकारी निदेशक डा0 अरविन्द राजबंशी ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर ऊँचाहार परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव, सीएमओ डा0मधु सिंह, अपर महाप्रबन्धक प्रीति सिन्हा, तथा सीएसआर टीम एवं एम्स की तरफ से डा0 नीरज कुमारी डीन तथा एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के सीएसआर के शीर्ष अधिकारी एवं दोनो संस्थाओं के अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। एनटीपीसी द्वारा एम्स में सीएसआर योजना के तहत जिस सात मंजिला बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा उसमें पैंसठ कमरे होंगे जिससे नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्राओं को आवासीय सुविधा मिल सकेगी। इस पहल से एनटीपीसी द्वारा रायबरेली जनपद की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में एक नया आयाम जुड़ेगा।



इनर व्हील क्लब ने 4 गरीब असहायो का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। इनर व्हील क्लब द्वारा स्थानीय श्री कृष्णा नर्सिंग होम में आई ऑपरेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत मोतियाबिंदु का ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन डॉ संजय रस्तोगी द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत 4 गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों का मोतियाबिंदु का ऑपरेशन हुआ। इनर व्हील क्लब अध्यक्ष दीप्ति सिकरिया, ने कहा कि समाज में निर्धन लोगों को सहायता करता रहता है इस वर्ष बच्चों किताबें व अन्य सरकारी स्कूल बेंच व खेल सामग्री वितरण किया गया व समाज में जागरूकता अभियान में पालीथीन की जगह लोगों झोला वितरण किया इस

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विज्ञान संगम महोत्सव आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

महाराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को प्रधानाचार्य चंदन बागीश के निर्देशन में बी0के0 पाठक ने विज्ञान संगम महोत्सव आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। विज्ञान संगम महोत्सव कार्यक्रम में रायबरेली जिले के विभिन्न विद्यालय सहभागी रहे। आपको बता दें कि, महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मॉडल बनाए, जैसे मानव हृदय, लेजर लाइट ड्रिप इरीगेशन और वेस्ट वाटर आदि के अलावा भाषण प्रतियोगिता एक्सरेम्पोर आदि में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एक्सरेम्पोर में विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान एवं लेजर लाइट में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एक्सरेम्पोर में एसजेएस पब्लिक स्कूल महराजगंज के छात्र अरिहन्त मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनकी इस जीत के लिए विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी का इजहार किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव ने इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी और जीवन में नए आयामों को छूने की प्रेरणा के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय परिवार ने खुशी का इजहार करते हुए बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

FAREWELL 2025

कोरांव बिधान सभा में लगातार हो रही पीडीए चौपाल

धार्मिक उनमाद फैला कर संविधान खत्म करना चाहती हैं सरकार–राजेश पाण्डेय

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव(प्रयागराज)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे प्रदेश में जनचौपाल कार्यक्रम चल रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को विधानसभा कोरांव के सेक्टर पवारी में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय सोनकर के नेतृत्व में जन चौपाल लगाई गई।जिसमें दलित पिछड़े समाज के लोगों ने पहुंचकर समाजवादी पार्टी के विचारों को रखते हुए राष्ट्रीय नेता अखिलेश यादव के द्वारा पीडीए जनचौपाल कि सराहना करते हुए क्षेत्रीय मूदे पर प्रकाश डाला गया।वहीं पंचायत में मुख्य अतिथि के रुप में जिला उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज हमारे समाज को धार्मिक उनमाद फैला कर भटकाने का काम कर रही है उनका मनसूबा जनता का ध्यान भटकाकर संविधान खत्म करने का है। लेकिन हमारे पीडीए के जननायक व समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव उनके मनसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे।

इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिलासचिव दिनेश पटेल ने सरकार पर बडा हमला करते कहा कि आज नौजवान रोजगार के भटक रहे है वहीं किसान सरकार कि गलत नितियों से तंग आकर आत्महत्या कर रहे हैं यही नहीं रुके उन्होंने ने कहा मौजूदा सरकार दलितों को जाति पांत में बांटकर लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रही है। लेकिन अब हम लोगों को पीडीए के बैनर तले एक होकर सामन्तवादीयों के मनसूबे को विफल करना है। इसी क्रम में पिडीए जनचौपाल के आयोक विनय सोनकर ने कहा कि आज मौजूदा सरकार सरकारी तंत्र को प्राइवेट कर उद्योग पतियों को बढाने का काम कर सम्बिधान खत्म कर राजतंत्र लाना चाहती हैं

लेकिन हम सब को एक होकर आगामी आने वाले चूनाव मे समाजवादी पार्टी को जिता कर इनके मनूसूबे को फेल करना है उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रुप से श्री राम प्रजापति सेक्टर प्रभारी रामसून्दर बिन्द, सन्तलाल शर्मा, ननकू बिन्द नागेंद्र सिंह चौहान मूबारक अली राकेश मिश्रा, रोहित बिन्द, मंगला कोल, अशोक विद्यार्थी, चन्द्रमणी कुसवाहा, शंकर सिंह चौहान,राजेंद्र प्रसाद बिन्द रामदूलार सिंह पन्ना लाल बिन्द राम अधार बिन्द आदि सैकड़ों जन मौजूद रहे।

युवक को पीट कर लहूलुहान करने वाला आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीट कर लहूलुहान करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मुबारकपुर निवासी उमेश कुमार उर्फ राम भरोसे जायसवाल का आरोप है कि वह शनिवार को मुबारक पुर चौराहे पर बीयर लेने गयाथा तभी गांव के मुकेश कुमार ने डंडे से पीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मुकेश को खोजने लगी। लेकिन जब पुलिस गांव पहुंचती वह भाग जाता और पुलिस के जाने के बाद फिर पहुंच कर उत्पात करने लगता। जिससे उमेश डर से घर नहीं जा रहा था और बार बार पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगा रहा था।

गुरुवार को पुलिस ने मुकेश को उसके घर के पास से गिरफ्तार करके एसीपी फूलपुर के समक्ष भेजा। जहां से उसको 14 दिन के लिए नैनी जेल भेज दिया ।

कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

चार छात्राएं जख्मी, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी कार

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा के अंसार गर्ल्स इंटर मीडिएट कालेज से ई-रिक्शा चालक साबित अली (50) पुत्र स्वर्गीय शहाब उद्दीन ग्राम सराय राजा चंघईपुर देल्हूपुर प्रतापगढ़ गांव के कक्षा ग्यारह की नाहिदा बानों पुत्री तसव्वुर अली, कक्षा नौ की सोना बानों पुत्री मोहम्मद नसीम, कक्षा ग्यारह दानिया बानों पुत्री नसीम तथा मनतसा बानों पुत्री मकसूद अली ग्राम दुबाही थाना मऊआइमा ई रिक्शा पर बैठ कर गुरूवार को दोपहर ढाई बजे के करीब घर जा रहे थे। बताया गया है जैसे ई रिक्शा फोरलेन हाईवे सुल्तानपुर खास पहुंचा पीछे से आ रहे श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार कार का टायर फट गया जिससे कार अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी ।

जिससे सभी छात्राएं जख्मी हो गई। सभी का उपचार समीप स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। जबकि ई रिक्शा चालक साबित अली की मौके पर मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच कार को कब्जे में लेने के साथ साबित अली के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक साबित अली के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। सूचना पर मृतक के परिजन पहुंच गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल है। कार पर बैठे सभी श्रद्धालु सुरक्षित हैं। कुछ लोगों को मामूली खरोंच आयी है।

बाल्टी में डूबने से मासूम बच्ची की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बहरिया कस्बे में छत के ऊपर पानी से भरी बाल्टी में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। घर में पूजा पाठ और भजन का कार्यक्रम चल रहा था। लोगों को जब पता चला तो कोहराम मच गया। बहरिया कस्बा निवासी सुशील केसरवानी के घर में गुरुवार अवसान माता के पूजा पाठ का कार्यक्रम था। दोपहर में पूजा पाठ के बाद महिलाएं भजन गाने में व्यस्त थीं। इसी बीच सुशील कुमार केसरवानी की 1 वर्षीय पुत्री शैलवी खेलते खेलते छत पर पहुंच गई। छत पर पहले से पानी से भरी बाल्टी रखी थी। शैलवी बाल्टी के पास पहुंची और पानी से खेलने लगी। इसी बीच सिर के बल वह बाल्टी में गिर पड़ी और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। इधर काफी देर तक शैलवी दिखाई नहीं दी तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। परिजनों ने जब छत पर जाकर देखा तो वह बाल्टी में मुंह के बल गिरी थी और उसकी मौत हो चुकी थी। शैलवी की मौत से घर में कोहराम मच गया।

अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट के बाद वकीलों ने थाने में किया हंगामा, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के चाका ब्लॉक के समीप कार सवार हाई कोर्ट में अधिवक्ता धर्मराज सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह निवासी झूसी और उनके रिश्तेदारों के साथ मंगलवार की शाम लगभग 8ः00 बजे कुछ लोगों द्वारा मारपीट के बाद जमकर हंगामा हुआ। घटना की जानकारी होते ही दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता थाने पहुंच गए, वह लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने पर हंगामा शुरू कर दिए। भुक्त भोगी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ता धर्मराज सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ चाका ब्लॉक के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सीओडी मार्ग पर स्कूटी सवार कुछ लोगों ने उनकी कार को रोककर उनके साथ मारपीट की और कार में बैठी महिलाओं और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अभद्रता करते हुए कार को कई जगह पत्थर व डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है, कि कार में बैठी महिलाओं का आभूषण भी छीन लिया गया। इस मामले में पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह समेत कई अधिवक्ता थाने पर पहुंच गए। अधिवक्ता मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह का कहना है, कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं की गई, तो वह लोग आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ एक और केस दर्ज, पीड़िता को धमकाने का आरोप

सीतापुर। सीतापुर में दुष्कर्म के मामले में जिला जेल में बंद सांसद राकेश राठौर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शहर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर सांसद एवं उनकी एक सहयोगी पर धमकाने का एक और मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में पीड़िता के पति ने बताया कि उनकी पत्नी ने 17 जनवरी को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। इसकी विवेचना प्रचलित है। विपक्षी राकेश राठौर जेल में निरुद्ध है।विपक्षी राकेश दबंग किस्म का प्रभावशाली व्यक्ति है, जो कि लगातार प्रार्थी व उसकी पत्नी पीड़िता पर उक्त मुकदमे में सुलह करने के लिए धमकियां दिला रहा है। बताया कि पांच फरवरी को समय करीब 2.30 बजे विपक्षी ने एक महिला रेशमा खातून को प्रार्थी के घर भेजकर प्रार्थी व उसकी पत्नी पीड़िता को जान से मारने की धमकी दिलाई है।

24 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

विपक्षी द्वारा यह संदेश भी भेजा गया कि सुलह नहीं करने पर तुम लोगों का हाल भी उन्नाव रेप पीड़िता जैसा ही होगा। प्रार्थी व उसका परिवार अत्यंत डरा व सहमा है। पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है। वहीं हाईकोर्ट में बृहस्पतिवार को नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें सुनवाई की अगली तारीख 24 फरवरी दी गई है।

सेंटर की दूरी से यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों का बढ़ा संकट

लेड़ियारी (प्रयागराज)। प्रदेश सरकार ने छात्राओं को तीन किलोमीटर दूर तक परीक्षा केंद्र बनाए रखने की फरमान जारी किए गए थे। लेकिन आठ से दस किलोमीटर दूर होने से बालिकाओं को दिक्कत उठानी पड़ रही है।लेड़ियारी में दो इंटर कालेज है। लेकिन एक भी सेंटर न बनाएं जाने से हाई स्कूल तक इंटर की छात्राओं को दूर परीक्षा केंद्र होने पर समय से केंद्र तक पहुंचने में समस्या उत्पन्न हो सकती है। जिससे इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए।बताया जाता है कि राम चरन और शिवजियावन इंटर कालेज लेड़ियारी दो इंटर कालेजों में यूपी बोर्ड परीक्षा सेंटर न बनाएं जाने से छात्राओं के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। जिससे अधिकांश छात्र - छात्राएं परीक्षा से वंचित हो सकती है।शिव जियावन इंटर कालेज लेड़ियारी के प्रधानाचार्य संतराज कनौजिया ने बताया कि हमारे यहां के हाई स्कूल 412 इंटर 460 छात्र -छात्राओं का कृषक इंटर कालेज मोजरा सेंटर निर्धारित किया गया है। वही राम चरन इंटर कालेज कैथवल-लेड़ियारी के प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह ने बताया कि हाई स्कूल 35 छात्रों का जगदेव प्रसाद सिंह इंटर कालेज टीकर बीस किलो मीटर दूर भेजा गया है। जबकि हाई स्कूल 57 बालिकाओं तथा इंटर के 56 छात्रों व 62 छात्राओं का कृषक इंटर कालेज दस किलोमीटर दूर भेज दिए जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर चोरी

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक थाना क्षेत्र के ब्यौहरा गांव में भाई की शादी में गए परिवार के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए कीमती सोने- चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच- पड़ताल कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के ब्यौहरा गांव निवासी सुमन तिवारी बीते 15 फरवरी को अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए मकान मैं ताला बंद कर चली गई। भाई के घर पहुंची, तो पता चला, कि जिस बैग में सोने- चांदी के जेवरात रखे थे, वह घर में ही छूट गया। वह सुबह जाकर उसे लाना चाह रही थी। इसी दौरान पड़ोसियों ने सूचना दी, कि उनके मकान का ताला टूट गया है। जानकारी मिलते ही वह घर पर पहुंची, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और तकरीबन पांच लाख रुपए कीमती आभूषण गायब थे। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। फौरन उसने घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच- पड़ताल कर रही है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सामने घर में नकबजनी कर लाखों की चोरी

रात 11 बजे के पहले चोरों ने दिया घटना को अंजाम, छ:लाख रुपए नगदी सहित सोने–चांदी के आभूषण किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

करारी,कौशाम्बी। कस्बे के इंद्रा नगर मोहल्ला स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सामने मंगवार की रात चोरों ने गल्ला व्यापारी के घर में सेंध काटकर छः लाख रुपए व सोने चांदी के कीमती आभूषण पार कर दिए।शाम को गृह स्वामी घर में ताला लगाकर दावत चला गया था।

रात 11ः30 बजे दावत से घर लौटे गृह स्वामी ने घर का ताला खोला तो दरवाजा नहीं खुला।अंदेशा होने पर वह घर के पीछे जाकर देखा तो दीवार में सेंध कटा था।सेंध के रास्ते वह घर में दाखिल होकर देखा तो सामान बिखरा था।छानबीन में गायब समान का खुलासा हुआ।बुधवार को पीड़ित ने इलाकाई कोतवाली में शिकायती पत्र देकर करवाई कि मांग किया है।

करारी कस्बे के रहने वाले गल्ला व्यापारी कामता प्रसाद का घर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सामने स्थित है।बुधवार की शाम कामता घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने चला गया।साथ ही घर के अन्य सदस्य प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती परिजन को देखने गए थे।कामता जब रात 11ः30 बजे दावत से वापस घर आया और ताला खोला तो दरवाजा नहीं खुला।अनहोनी की आशंका पर वह घर के पीछे जाकर देखा तो उसके दीवार में सेंध कटा मिला।सेंध के रास्ते कामता घर में दाखिल हुआ तो घर में सामान बिखरा मिला।कामता द्वारा छानबीन करने पर टीन में रखा छः लाख रुपए,10 ग्राम सोना,12 ग्राम सोने की एक मोहर,तीन सोने की मंगलसूत्र, चांदी की तीन करधनी,तीन कमर पेटी,तीन पायल और पांच जोड़ी चैन पट्टी गायब थी। इस पर गृहस्वामी फूटफूट कर रोने लगा।घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया।बुधवार की सुबह पीड़ित ने करारी थाना में शिकायती पत्र देकर करवाई कि मांग किया।तहरीर मिलने पर करारी पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम पहुंची और जांच पड़ताल करने लगी।

ब्लॉक प्रमुख के सौजन्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आज

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत सराय सुल्तान में ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा के सौजन्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 10 बजे से होगा।

फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में विकास खंड बहरिया के क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, ब्लाक कर्मचारी व प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों के अध्यापक भाग लेंगे। जानकारी ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र ने दी।

लालबाग चौराहे पर अधिवक्ताओं ने जलाई बिल की प्रतियां

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। भारत सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन को लेकर बार एसोसिएशन ने गुरूवार को आपात कालीन सभा आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार अवस्थी अध्यक्ष व संचालन दिनेश कुमार त्रिपाठी महासचिव ने किया। आम सभा मे उपस्थित सम्मानित सदस्यों के विचार एवं सुझाव लेने के उपरान्त बार एसोसिएशन ने एडवोकेट एक्ट में प्रस्तावित संषोधनों का पुरजोर तरीके से विरोध किये जाने का निर्णय लिया।

इसके अतिरिक्त विधि मंत्रालय की ओर से जारी किये गये ई-मेल नम्बरो पर सभी अधिवक्तागण की ओर से विरोध मे मैसेज कराये जाने के साथ-साथ शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं कानून मंत्री को संबोधित मांगपत्र डीएम को सौपेंगे। इसके अतिरिक्त बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर 25 फरवरी को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने एवं ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालक का घेराव किये जाने का निर्णय जिले की समस्त तहसील अधिवक्ता संघो के साथ मिलकर प्रस्तावित संशोधनो को वापस लिये जाने तक संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है। आपातकालीन आम सभा के बाद अधिवक्ताओ ने लालबाग चौराहे पर एडवोकेट अमेन्टमेण्ट बिल 2025 की प्रतियॉ जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

नैनी क्षेत्र में चौतरफा जाम होने से स्थानीय लोग परेशान

नैनी (प्रयागराज)। महाकुंभ प्रयागराज मैं अमृत स्नान करने के लिए कई दिनों से लगातार दूर दराज से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। काफी भीड़ भाड़ के चलते क्षेत्र की सभी सड़के एवं गलियां जाम हो जाती है। लगातार हो रही भीषण जाम के चलते स्थानीय लोग काफी परेशान हो चुके हैं। क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर लगाए गए बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिस कर्मी भी अब हलाकान दिखाई दे रहे हैं।जैसा कि मालूम हो, बीते 12 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ प्रयागराज में अमृत स्नान का दौर चल रहा है।आए दिन मेले में वीवीआईपी का मूवमेंट होता रहता है। जिसकी वजह से सारा दिन जाम देखने को मिलता है। इन दिनों लगातार मिर्जापुर रोड पर नई बाजार से लेकर लेप्रोसी मिशन तिराहे तक वाहनों की लंबी लाइने लगी रहती है। क्षेत्र के नई बाजार, मेवा लाल की बगिया तिराहा, नैनी स्टेशन रोड, छिवकी स्टेशन रोड, मवैया रोड, हनुमान नगर, एफ.सी.आई रोड, रीवा रोड, पूरा फ़तेह मोहम्मद, ईसाई बस्ती, उत्तरी लोकपुर, दक्षिणी लोकपुर, रामनगर चौराहा, संडवा मोड़, अरैल मोड़, दूरवाड़ी नगर, संगम रोड एवं मलहरा ओवर ब्रिज पर छोटे- बड़े वाहनों की लंबी लाइने लगी रहती है। सिर पर गट्ठर लेकर महिलाएं एवं पुरुष एक दूसरे का हाथ पकड़े चले आ रहे हैं। क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर लगाए गए बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिस के जवान भी अब हलाकान दिखाई पड़ रहे हैं। जाम के चलते कई जगहों पर पुलिस एवं लोगों के बीच नोकझोंक भी होती रहती है।

कई घंटे लगातार जाम में फंसने के वजह से लोगों की ट्रेन भी छूट जा रही है। इस जाम में फंसे लोग पुलिस प्रशासन को जमकर कोस रहे हैं।

धीमी प्रगति वाली संस्थाओं डीएम ने दिया अल्टीमेट

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। जिले में संचालित 50 लाख रूपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं के साथ सड़कों के निर्माण और अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक डीएम अभिषेक आनंद ने की। डीएम ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं। उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिये। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं पर कार्य चल रहा हैं, उसको समयावधि में पूर्ण किया जाये। अन्यथा की स्थिति संबंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन विभाग से समस्या उत्पन्न हो, उसे बैठक के दौरान ही निस्तारित किया जाये। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सीएमआईएस पोर्टल पर भौतिक सत्यापन एवं वित्तीय सत्यापन की फीडिंग ससमय कराए जाने हेतु निर्देश भी दिये ताकि जनपद की रैकिंग प्रभावित न हो। धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अनारम्भ कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं 01 वर्ष से अधिक लम्बित हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि नैमिषारण्य क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यो को ससमय पूर्ण कराया जाये तथा परिक्रमा मार्ग से सम्बन्धित मार्गो को विशेष प्राथमिकता दी जाये। नई सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये एवं निर्माण कार्यों के साथ-साथ सभी सड़कों पर सड़क सुरक्षा मानकों के अनुसार संकेतक आदि भी स्थापित कराए जाये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तिलक सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में एक की मौत, आठ घायल

सीतापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में लखीमपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार सुबह उल्जापुर गांव के सामने यात्रियों से भरी वैन गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकराने से वैन सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये और एक मौत हो गयी।कोतवाली देहात के सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर उल्जापुर गांव के सामने सीतापुर बस स्टैंड से लखीमपुर जा रही वैन गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली से पीछे से टकराकर ट्राली मे घुस गयी जिससे वैन सवार हापुड जनपद के थाना भावगढ के गोदहा आलमगीर निवासी पीएसी जवान नितिन कुमार , हरगांव के नयागांव निवासी विक्रम व भेडहुआ गांव निवासी होमगार्ड दिनेश मिश्रा,ऐरा लखीमपुर निवासी श्रीकेशन,ज्योति,राधा,निघासन के निषादनगर निवासी रामभवन,शारदानगर के राघवपुर निवासी देवेन्द्र, थाना शारदानगर के राघवपुरी निवासी जोगिन्दर,बहराइच के शहपुरा खुर्द निवासी नूर मोहम्मद घायल हो गये मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को वैन से निकाल कर एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजवाया जहां डाक्टरों ने श्री केशन को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल होमगार्ड दिनेश मिश्रा की हालत नाजुक देखकर लखनऊ रेफर कर दिया।कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया दुर्घटना मे एक की मौत हो गयी है और आठ घायलों का इलाज चल रहा है।

कार का शीशा तोड़कर उचक्कों ने छ: बैग उड़ाए, मुकदमा दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। सुल्तानपुर से प्रयागराज स्नान करने आए श्रद्धालुओं के कार का शीशा तोड़कर उचक्कों ने छः बैग और सोने- चांदी के आभूषण पार कर दिए। भुक्तभोगी ने बाइकर्स गैंग पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले मैं जांच- पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र जफरापुर गांव निवासी आनंद कुमार शुक्ला अपने मित्र शुभम डकरे के साथ संगम स्नान के लिए बीते 16 फरवरी को प्रयागराज आए थे। पुलिस कर्मियों के द्वारा उनकी कार औद्योगिक थाना क्षेत्र के तेंदुआवन गांव के समीप स्थित पार्किंग में खड़ी करा दी गई थी। वह वहां से बाइक पर बैठकर संगम स्नान के लिए गए थे। स्नान के बाद जब वह लौटे, तो उनके कार का शीशा टूटा हुआ था और डिग्गी में रखा छः बैग गायब थे, जिसमें सोने की जंजीर एवं अंगूठी थी। उनका आरोप है, कि जब वह अपना बैग डिग्गी में रख रहे थे और उसमें सोने- चांदी के आभूषण रख रहे थे, तो वहां खड़े बाइकर्स गैंग के लोग देख रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच- पड़ताल कर रही है।

सेहिया आमद करारी के विद्यालय से चोरों ने पार किया सिलेन्डर

करारी कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्रके कंपोजिट विद्यालय सेहिया आमद करारी के स्कूल से सिलेण्डर, स्टूल ,आदि कई समान गायब कर दिये और आफ्सि का ताला तोड़कर दस्तावेज बिखेर दिये। मामले कीशिकायत करारी पुलिस से कर दी है ।पुलिस जाँच कररही है।

विद्युत उपकेंद्र फूलपुर ग्रामीण में कार्य प्रगति पर

फूलपुर। 33/ 11 केवीए विद्युत उपकेंद्र फूलपुर के ग्रामीण फीडर मैलहन प्रतापपुर बादशाहपुर जलालपुर आदि पर रीकंडक्टरिगं कार्य प्रगति पर चल रहा है। जो फरवरी 22 तक सायं 5 बजे तक बढ़ा दिया गया है। संबंधित क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों को किसी असुविधा से बचने हेतु उपखंड अधिकारी विद्युत अमन सिंह द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई है।

संदिग्ध परिस्थिति में घर में लगी आग, नगदी समेत गृहस्थी का सामान जला

लोकमित्र ब्यूरो

करारी,कौशाम्बी। सदर तहसील के घमसिरा गांव में वृहस्पतिवार की शाम संदिग्ध परिस्थिति में एक घर में आग लग गई। अचानक लगी आग से घर में रखा नगद रुपए के साथ खाद्य सामग्री व अन्य सामान जलकर राख हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

करारी के घमसिरा गांव के रहने वाले विजय पाल पुत्र राम बचन पाल ने बताया कि वृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे उसके घर में संदिग्ध परिस्थिति में अचानक आग लग गई। जबतक वह कुछ समझ पाता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे घर में रखा पांच हजार रुपए नगद सहित दो बोरी चावल, दो बोरी गेहूं, बेड आदि अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। काफी जद्दोजहद के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। मौके पर नुकसान का अवलोकन करने के लिए कोई भी राजस्वकर्मी नहीं पहुंचा।

महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

● मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान करेगी योगी सरकार

लखनऊ,(हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गुरुवार को विधान सभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। यह बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है। इस बजट में योगी सरकार ने महिला व श्रमिक कल्याण के लिए विशेष प्रविधान किए हैं।बजट में महिलाओं को होंगे ये फायदेयोगी सरकार के इस बजट में महिलाओं का खास ख्याल रखा गया है। कई महत्वपूर्ण मौकों पर बजट के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने इसका ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 96 लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है। ग्राम स्तर पर डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने हेतु बीसी सखी योजना के अन्तर्गत 39,556 बीसी सखी द्वारा कार्य करते हुये 31,103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड रुपये का लाभांश अर्जित किया गया। लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हांकन किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अब तक लगभग 1.86 करोड लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किये जा चुके हैं। योगी सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क सिलिण्डर वितरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में महिला स्वामित्व वाली प्रोड्यूसर कम्पनियों के गठन हेतु महिला सामर्थ्य योजना संचालित हैं।मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान किये जाने की नई योजनायोगी सरकार ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान किये की नई योजना लायी जा रही है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सह शिक्षा की व्यवस्था के साथ-साथ बालिका छात्रावास का निर्माण, बालिकाओं का सशक्तिकरण, मीना मंच, आत्त्म रक्षा प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आवासीय विद्यालय योजना प्रदेश के 12 जनपदों में संचालित है, जिनमें प्रत्येक विद्यालय में 100-100 बालक एवं बालिकाओं को प्रदेशित किये जाने का प्रावधान है।महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजानामहिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के लिए योगी सरकार ने बजट में विशेष प्रविधान किए हैं। इसके तहत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान हेतु 2,980 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता हेतु संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले पोषाहार के लिये लगभग 4,119 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान हेतु 971 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी की गई है।श्रमिक कल्याण के लिए योगी सरकार ने किए विशेष प्राविधानमातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर 2024 तक 6,22.974 लाभार्थी हैं। निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर 2024 तक 41,453 लाभार्थी हैं। कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक के कुल 02 बालिकाओं के स्वजातीय विवाह की स्थिति में 55,000 रुपये तथा अन्तर्जातीय विवाह की स्थिति में 61,000 रुपये की रकम दिये जाने का प्रावधान है। निर्माण कामगार गम्भीर बीमारी सहायता योजना के अन्तर्गत गम्भीर बीमारियों का इलाज सरकारी अस्पतालों में कराने पर इलाज के व्यय की शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति करायी जा रही है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना से आच्छादित कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।इसके अलावा निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में 360 बच्चों की क्षमता वाला एक-एक अटल आवासीय विद्यालय स्थापित है। इन विद्यालयों की क्षमता भविष्य में बढ़ाकर 1,000 प्रति विद्यालय किया जायेगा। वर्तमान में प्रदेश में बैंकों की 20,416 शाखायें, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी तथा 18,747 एटीएम सहित कुल 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिग सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है।इन योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी टॉप परवित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत प्रदेश 9.57 करोड़ खातों के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 6.52 करोड़ नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 2.28 करोड़ नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। अटल पेंशन योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 1.12 करोड़ नामांकन के साथ प्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।

योगी सरकार का बजट, मध्यम वर्ग को तुष्टीकरण करने वाला- मायावती

▶▶भाजपा की नीतियों से बदहाल है बहुजन समाज

लखनऊ,(हि.स.)। उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख आठ हजार 736 करोड़ छह लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण करने वाला है।मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विधान भवन में गुरुवार को राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया है। यह बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। इससे सही विकास कैसे संभव है।उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है। जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए। ऐसा ना होना चिन्तनीय। उत्तर प्रदेश के शहर, गांव, क्षेत्र एवं समाज बुनियादी सुविधाओं के अभाव व अनेकों विषमताओं से जूझ रहे हैं। लोगों को जब सड़क, पानी, स्कूल, अस्पताल, रोजी-रोजगार के बेहतर व्यवस्था करने की मांग है। तब उन्हें दूसरे सपने दिखाना यह समस्या का सही समाधान नहीं।मायावती ने कहा कि भाजपा से पहले यूपी बदहाल था। यह दावा उचित नहीं, क्योंकि बसपा की सरकार में जनहित व जनकल्याण तथा अपराध-नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के मामले में हर स्तर पर कानून द्वारा कानून का बेहतरीन राज था। जिसे लोग अब तरस रहे हैं, जबकि भाजपा की नीतियों से बहुजन समाज बदहाल है।

मुंबई पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने अंधेरी इलाके में चल रहे एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया है, जिसका शोषण किया जा रहा था। पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सहार पुलिस को अंधेरी इलाके के मरोल में एक गेस्ट हाउस में वेश्यावृत्ति गतिविधियों के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गेस्ट हाउस में छापेमारी की। रेस्क्यू की गई नाबालिग लड़की को पैसों का लालच दिया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग लड़कियों को विदेशी पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करते थे।

योगी सरकार का बजट, प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ - राज्यपाल

लखनऊ,(हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश राज्य सरकार के बजट-2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ बताया। इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं।राज्यपाल ने कहा कि बजट का फोकस प्रमुख रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों के कल्याण पर है। उन्होंने कहा कि महिला और श्रमिक कल्याण के लिए किए गए प्रावधानों को सराहा, जिससे महिला सशक्तिकरण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को बल मिलेगा।राज्यपाल ने बताया कि बजट में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क, और रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है, जो प्रदेश की समृद्धि और कल्याण में सहायक होगा।

रोजगारविहीन, कारपोरेट परस्त उत्तर प्रदेश का बजट - भाकपा

▶▶संगम में नहाने का साफ पानी तक उपलब्ध कराने में फेल है सरकार

भाकपा माले
CPI ML

लखनऊ, (हि.स.)। भाकपा (माले) ने गुरुवार को विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के वर्ष 2025-26 के बजट को रोजगारविहीन और कारपोरेट परस्त बजट बताया है।राज्य सचिव सुधाकर यादव ने योगी सरकार के बजट पर त्वरित प्रतिक्रिया में कहा कि बेरोजगारी की विकराल समस्या को कम करने के लिए जरूरी रोजगार सृजन पर ध्यान नहीं दिया गया है। बजट की दिशा से आम आदमी का नहीं, पूंजीपतियों का भला होगा। विस्थापन को बढ़ावा मिलेगा। भूमि अधिग्रहण से किसान लुटेंगे। स्कीम वर्करों के लिए बजट में कुछ नहीं है, जबकि सरकारी कर्मचारी घोषित करने और मानदेय बढ़ाने के लिए वे लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। माइक्रो फाइनेंस के कर्जे माफ करने के सवाल पर चुप्पी साधी गई है, जो प्रदेश में कर्जग्रस्त परिवारों की अहम जरूरत है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवंटन अपर्याप्त है। प्रदेश की समस्याओं के निवारण के लिहाज से कहीं से भी डबल इंजन वाली सरकार का बजट नहीं लगता है। यह निराशाजनक है।राज्य सचिव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में लोगों की जानें गईं, अब तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर बन आई है। संगम का पानी नहाने लायक नहीं है, क्योंकि उसमें मलीय जीवाणु (फिकल कोलीफॉर्म) मौजूद हैं। यह बात केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की जांच रिपोर्ट कह रही है। महाकुंभ पर करोड़ों खर्च करने वाली सरकार संगम में नहाने के लिए तीर्थयात्रियों को साफ पानी तक मुहैय्या कराने में फेल है। अब जब तथ्य सामने आ गया है, तो उस पर लीपापोती करने और आस्था की आड़ में उसे नकारने की मुख्यमंत्री द्वारा कोशिश की जा रही है। यह सरकार महाकुंभ की मार्केटिंग करने में लगी है, तीर्थयात्रियों की जान और स्वास्थ्य की उसे कोई परवाह नहीं है। सरकार अपनी नाकामी स्वीकार करे।

आज का बजट प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि एवं तरक्की का दूरदर्शी दस्तावेज - नन्दी

प्रयागराज(हि.स.)। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए 8,08,736 करोड़ रूपए के ऐतिहासिक बजट पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि आज का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से यह बजट ऐतिहासिक है। बुनियादी सुविधाओं के विकास से लेकर वृहद स्तर की अवस्थापना परियोजनाओं की विस्तृत रूपरेखा बजट में समाहित है। समस्त परियोजनाओं हेतु समुचित राशि का आवंटन बजट के समावेशी स्वरुप को प्रतिविम्बित करता है।प्रस्तुत बजट उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनता की खुशहाली, समृद्धि एवं तरक्की का ठोस एवं दूरदर्शी दस्तावेज है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आवंटित धनराशि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी।यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को एक नई मजबूती प्रदान करेगा।

पुणे में जीबीएस से दहशत, 11 ने तोड़ा दम



पुणे ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 183 मरीजों में जीबीएस का उपचार किया गया है, जबकि 28 मामले संदिग्ध जीबीएस के हैं।इस बीमारी के कारण कुल 11 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें से 4 मौतों की वजह जीबीएस को बताया जा रहा है, जबकि 7 मौतें संदिग्ध हैं।इन मरीजों में से 42 मरीज पुणे नगर निगम, 94 मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के, 32 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, 33 मरीज पुणे ग्रामीण क्षेत्र और 10 अन्य जिलों से हैं।अब तक 144 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 36 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।इससे पहले 12 फरवरी को महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने आईएएनएस से बातचीत की थी।प्रकाश आबिटकर ने बताया था, जीबीएस के कारण जब पुणे में मरीज बढ़े थे, तब लोग बहुत परेशान हुए थे। जीबीएस के मरीज काफी पहले से ही महाराष्ट्र में हैं। मरीजों की संख्या में जो लगातार इजाफा हो रहा था, उसे कंट्रोल करने में हम सक्षम हैं। इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि इसकी कोरोना से तुलना करने की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा था कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से जितने भी मरीज पीड़ित हुए हैं, वे जल्द ही ठीक हुए हैं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है। जीबीएस को लेकर जिस तरह के दावे किए जा रहे थे कि यह कोरोना की तरह फैलेगा, ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ है।जीबीएस के प्रकोप के बीच 29 जनवरी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रशासन से मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने को कहा था।वहीं, राज्य स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी कि सामान्य सावधानियां बरतकर जीबीएस को कुछ हद तक रोका जा सकता है, जैसे उबला हुआ या बोतल बंद पानी पीना, खाने से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धोना, चिकन और मांस को ठीक से पकाना, कच्चे या अधपके भोजन, विशेष रूप से सलाद, अंडे, कबाब या समुद्री भोजन से परहेज करना।

पार्टी ने मेरे लिए स्पीकर का पद तय किया है : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी नेता विजेंद्र गुप्ता ने आईएएनएस से कहा कि पार्टी ने उन्हें स्पीकर पद के लिए चुना है और वो कोशिश करेंगे की सदन में अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन कर सकें।उन्होंने कहा, आज का दिन बेहद खुशी का है। सत्ताईस साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में सत्ता में आ रही है, और आज शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। हम सभी उस समारोह में शामिल होने के लिए वहां जा रहे हैं। मैं अपनी नई मुख्यमंत्री रेखा जी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शपथ ग्रहण के इस खास मौके पर पूरे मंत्रिमंडल को भी मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।उन्होंने आगे कहा, पार्टी ने फैसला किया है कि मुझे स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाए और मैं दिल्ली विधानसभा को नियमों व कानून के दायरे में चलाऊंगा। यह लोकतंत्र का मंदिर है और इसी भावना के साथ हमें काम करना है।हालांकि पार्टी ने स्पीकर किसे बनाया जाएगा इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।उन्होंने कहा, हमने यमुना की सफाई को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है और बहुत कम समय में इसे पूरा करके दिखाएंगे।इसके बाद उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, इसके अलावा मेरा मानना है कि जो चीज महल कहलाती है, वह दिल्ली की राजनीतिक परिस्थितियों में एक बदनुमा दाग है। यह किसी भी सरकार के भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण है। मैं इसे भ्रष्टाचार का साम्राज्य कहूंगा। भारतीय जनता पार्टी इसे छूना भी नहीं चाहेगी। यह पूरी तरह जांच के दायरे में है।

हम इन्हीं आंखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे- मोहन भागवत

● स्वयंसेवकों पर जताया भरोसा, दी बड़ी जिम्मेदारी

झनई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान में पुनर्निर्मित 'केशव कुंज' के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि 'देश में संघ कार्य गति पकड़ रहा है, व्यापक हो रहा है। आज जिस पुनर्निर्मित भवन का यह प्रवेशोत्सव है, उसकी भव्यता के अनुरूप ही हमें संघ कार्य का स्वरूप भव्य बनाना है और हमारे कार्य से उसकी अनुभूति होनी चाहिए। यह कार्य पूरे विश्व तक जाएगा और भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आंखों से बनते देखेंगे, यह विश्वास है। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा।'उन्होंने कहा कि आज संघ के विभिन्न आयामों के माध्यम से संघ कार्य का विस्तार हो रहा है। इसलिए अपेक्षा है कि संघ के स्वयंसेवक के व्यवहार में सामर्थ्य, शुचिता बनी रहे। आज संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं बदलनी चाहिए। समृद्धि की आवश्यकता है, जितना आवश्यक है उतना वैभव होना भी चाहिए, लेकिन ऐसा मर्यादा में रहकर होना चाहिए। केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा।सरसंघचालक ने इस अवसर पर संघ की शुरुआत से ही आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार जी द्वारा झेली अनेक कठिनाइयों का उल्लेख किया और नागपुर में पहले कार्यालय 'महाल' की शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्योंकि दिल्ली देश की राजधानी है और सूत्रों का संचालन यहां से होता है, इसलिए यहां एक कार्यालय की आवश्यकता महसूस हुई और उस आवश्यकता के अनुसार यहां कार्यालय बनाया गया है। आज यह भव्य भवन बन जाने भर से स्वयंसेवक का काम पूरा नहीं होता। हमें ध्यान रखना होगा कि उपेक्षा और विरोध हमें सावधान रखता है, लेकिन अब अनुकूलता का वातावरण है, हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालय हमें कार्य की प्रेरणा देता है, लेकिन उसके वातावरण की चिंता करना प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरी महाराज ने आशीर्वचन में कहा कि आज श्री गुरुजी की जयंती है, इसलिए पावन दिन है। आज शिवा जी महाराज की भी जयंती है। शिवाजी महाराज संघ की विचार शक्ति हैं। कांची कामकोटि पीठ के तत्कालीन शंकराचार्य परमाचार्य जी ने एक बार एक वरिष्ठ प्रचारक से कहा था कि संघ प्रार्थना से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है। छावा फिल्म का उल्लेख करते हुए गोविंददेव गिरी जी ने कहा कि छत्रपति ने ऐसे मावले तैयार किए, जो थकते नहीं, रुकते नहीं, झुकते नहीं और बिकते भी नहीं। संघ के स्वयंसेवक छत्रपति शिवाजी के तपोनिष्ठ मावलों सरीखे ही हैं। हम हिन्दू भूमि के पुत्र हैं, संघ राष्ट्र की परंपरा को पुष्ट करते हुए राष्ट्र की उन्नति की बात करता है।उदासीन आश्रम दिल्ली के प्रमुख संत राघवानंद महाराज ने कहा कि संघ 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है तो इसके पीछे डॉक्टर साहब का प्रखर संकल्प ही है। संघ ने समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया है, समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। इसलिए संघ कार्य सतत बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डाल रही सरकार - खरगे

नई दिल्ली, एजेंसियां। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा के उस तरफ चीन की ओर से नये गांव बसाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा।खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन के लिए 'लाल आंख' के बजाय 'लाल सलाम' की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है, मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है।''उन्होंने दावा किया, ''हम बड़ी जिम्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर यह आरोप लगा रहे हैं। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा पर 90 नये गांव बसाने शुरू कर दिए हैं, वह हमारी सीमा पर पहले ऐसे 628 गांव बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है।''कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''दिसंबर 2024 में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 'दुनिया का सबसे बड़ा बांध' बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।''उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब में कहा गया कि मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में पनबिजली परियोजनाओं का जिक्र है।खरगे ने दावा किया कि इसका मतलब है कि मोदी सरकार को 2021 से ही इस मामले की जानकारी थी, लेकिन फिर भी वह बिल्कुल चुप रही। उन्होंने आरोप लगाया, ÷बात स्पष्ट है... मोदी जी, आपकी सरकार की प्राथमिकता 'पीआर स्टंट' और स्वयं के झूठे विज्ञापन हैं, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं।

पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं : मान

चंडीगढ़ (आरएनएस)। रावी-ब्यास जल ट्रिब्यूनल के समक्ष राज्य के आधिकारिक पक्ष की पुरजोर वकालत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं है।चेयरमैन जस्टिस विनीत सरन के नेतृत्व वाली ट्रिब्यूनल, सदस्य जस्टिस पी. नवीन राव, जस्टिस सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीटा चोपड़ा के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी साझा करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। श्री मान ने रावी जल प्रणाली के अध्यन के लिए राज्य के दौरे पर आए ट्रिब्यूनल से अपील की कि वह पंजाब के लोगों को न्याय दिलाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) की स्थिति अत्यंत गंभीर है, क्योंकि यहां भूजल निकासी की दर 100 प्रतिशत से भी अधिक है, जबकि हरियाणा में यह केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) में ही अत्यधिक दोहन की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश नदी स्रोत सूख चुके हैं, इसलिए पंजाब को अपनी सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब में पानी की भारी कमी होने के बावजूद यह अन्य राज्यों के लिए अन्न का उत्पादन कर रहा है ताकि देश को खाद्यान्न संकट का सामना न करना पड़े।मुख्यमंत्री ने ट्रिब्यूनल को बताया कि जिस तरह रावी और ब्यास नदियां पंजाब के पुराने क्षेत्र से होकर गुजरती थीं, उसी तरह यमुना नदी भी पुनर्गठन से पहले पंजाब के क्षेत्र में से निकलती थी। लेकिन जल बंटवारे के समय पंजाब और हरियाणा के बीच यमुना के जल पर विचार नहीं किया गया, जबकि रावी और ब्यास के जल को ध्यान में रखा गया। उन्होंने कहा कि पंजाब ने कई बार यमुना के जल बंटवारे में हिस्सेदारी की मांग की है, लेकिन यह तर्क देकर इस पर विचार नहीं किया गया कि पंजाब का कोई भौगोलिक क्षेत्र यमुना बेसिन में नहीं आता।

मान ने कहा कि हरियाणा रावी और ब्यास नदियों का बेसिन राज्य नहीं है, फिर भी पंजाब को इन नदियों का पानी हरियाणा के साथ साझा करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा को पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में रावी-ब्यास का पानी मिलता है, तो समानता के आधार पर यमुना का पानी भी पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में साझा किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नहरी पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने पदभार संभाला था, तब पंजाब में केवल 21 प्रतिशत नहरी पानी ही सिंचाई के लिए उपयोग हो रहा था, लेकिन अब यह बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है।

यूपी बजट में योगी सरकार ने महिलाओं को दिए बड़े लाभ

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि उज्जवला योजना में 2 मुफ्त सिलेंडर मिलेगा।

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। योगी सरकार के इस बजट में महिलाओं का खास ख्याल रखा गया है। कई महत्वपूर्ण मौकों पर बजट के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने इसका ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 96 लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है। ग्राम स्तर पर डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने हेतु बी.सी.सखी योजना के अन्तर्गत 39, 556 बी. सी. सखी द्वारा कार्य करते हुये 31, 103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड रुपये का लाभांश अर्जित किया गया। लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हांकन किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अब तक लगभग 1.86 करोड लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किये जा चुके हैं। योगी सरकार द्वारा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क सिलिण्डर वितरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में महिला स्वामित्व वाली प्रोड्यूसर कम्पनियों के गठन हेतु महिला सामर्थ्य योजना संचालित है।

योगी सरकार ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान किये की नई योजना लायी जा रही है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सह शिक्षा की व्यवस्था के साथ-साथ बालिका छात्रावास का निर्माण, बालिकाओं का सशक्तिकरण, मीना मंच, आत्म रक्षा प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आवासीय विद्यालय योजना प्रदेश के 12 जनपदों में संचालित है, जिनमें प्रत्येक विद्यालय में 100-100 बालक एवं बालिकाओं को प्रदेशित किये जाने का प्रावधान है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के लिए योगी सरकार ने बजट में विशेष प्रविधान किए हैं। इसके तहत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान हेतु 2980 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता हेतु संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले पोषाहार के लिये लगभग 4119 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान हेतु 971 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2024 तक 6,22.974 लाभार्थी हैं। निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2024 तक 41,453 लाभार्थी हैं। कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक के कुल 02 बालिकाओं के स्वजातीय विवाह की स्थिति में 55,000 रूपये तथा अन्तर्जातीय विवाह की स्थिति में 61,000 रूपये की रकम दिये जाने का प्राविधान है। निर्माण कामगार गम्भीर बीमारी सहायता योजना के अन्तर्गत गम्भीर बीमारियों का इलाज सरकारी अस्पतालों में कराने पर इलाज के व्यय की शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति करायी जा रही है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना/मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना से आच्छादित कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

इसके अलावा निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में 360 बच्चों की क्षमता वाला एक-एक अटल आवासीय विद्यालय स्थापित है। इन विद्यालयों की क्षमता भविष्य में बढ़ाकर 1000 प्रति विद्यालय किया जायेगा।

वर्तमान में प्रदेश में बैंकों की 20,416 शाखायें, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बी0सी0सखी तथा 18,747 ए0टी0एम0 सहित कुल 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिग सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत प्रदेश 9.57 करोड़ खातों के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 6.52 करोड़ नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 2.28 करोड़ नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। अटल पेंशन योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 1.12 करोड़ नामांकन के साथ प्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।

बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपए

सुरेश खन्ना ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट में सम्मिलित प्रमुख योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत करने के पूर्व में, बजट की संक्षिप्त रूपरेखा इस सम्मानित सदन के समक्ष रखना चाहूंगा। प्रस्तुत बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। पूंजीगत परिव्यय के अन्तर्गत अवसंरचना निर्माण, विस्तार और निवेश संबंधी व्यय आते हैं। उद्योग, आवागमन, उत्पादों की बाजार तक पहुंच तथा प्रदेश में पूँजी निवेश को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में पूंजीगत व्यय की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। इस बजट में अवस्थापना विकास हेतु 22 प्रतिशत, शिक्षा हेतु 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं हेतु 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों हेतु 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। हमने बजट में शोध एवं विकास तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान दिया है। विधान सभा को आधुनिक आई0टी0 सिस्टम्स से लैस करने के लिये बजट में विशेष रूप से व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। यह प्रक्रिया आगे भी चलती रहेगी।

प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज का हो रहा संचालन

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आठ वर्ष पहले प्रत्येक वर्ष प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संक्रमक रोगों से बड़े पैमाने पर मौतें हुआ करती थीं। उस दौरान प्रदेश में रोगों की पहचान, रोकथाम और इलाज की व्यवस्थाएं जनमामान्य को उपलबध नहीं थीं। वहीं योगी सरकार ने कोविड वैश्विक बीमारी के दौरान प्रदेश में जिस कुशलता के साथ इस विभीषिका का सामना किया गया उसकी प्रशंसा विश्व स्तर पर की गई। आज प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं का प्रसार जिस प्रकार हुआ है और लगातार हो रहा है वह अद्भुत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें 44 राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं एवं 36 निजी क्षेत्र में हैं। प्रदेश में 2 एम्स एवं आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ संचालित हैं। वर्ष 2024-2025 में 13 स्वाशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं पीपीपी मोड पर 3 जनपदों-महाराजगंज, सम्भल तथा शामली में नवीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किये गये हैं। वर्तमान में प्रदेश में राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों/चिकित्सा संस्थानों/ विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 11,800 सीटें तथा पीजी की 3971 सीटें उपलब्ध हैं।

विद्यालयों की क्षमता भविष्य में बढ़ाकर 1000 प्रति विद्यालय किया जायेगा

सुरेश खन्ना ने कहा कि मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2024 तक 6,22.974 लाभार्थी हैं। निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2024 तक 41,453 लाभार्थी हैं। कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक के कुल 02 बालिकाओं के स्वजातीय विवाह की स्थिति में 55,000 रूपये तथा अन्तर्जातीय विवाह की स्थिति में 61,000 रूपये की रकम दिये जाने का प्राविधान है। निर्माण कामगार गम्भीर बीमारी सहायता योजना के अन्तर्गत गम्भीर बीमारियों का इलाज सरकारी अस्पतालों में कराने पर इलाज के व्यय की शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति करायी जा रही है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना/मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना से आच्छादित कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। आवासीय विद्यालय योजना प्रदेश के 12 जनपदों में संचालित है, जिनमें प्रत्येक विद्यालय में 100-100 बालक एवं बालिकाओं को प्रदेशित किये जाने का प्रावधान है। निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में 360 बच्चों की क्षमता वाला एक-एक अटल आवासीय विद्यालय स्थापित है। इन विद्यालयों की क्षमता भविष्य में बढ़ाकर 1000 प्रति विद्यालय किया जायेगा।

समाज कल्याण

- वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के अन्तर्गत प्रति लाभार्थी 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। इस हेतु लगभग 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- सभी वर्गों की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु 550 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अनुसूचित जाति के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना हेतु 100 करोड़ रूपये तथा सामान्य वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी योजना हेतु 50 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों के लिये आवासीय गृह संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान किये जाने हेतु 60 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित है।
- अनुसूचित जाति पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु लगभग 968 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- सामान्य वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

जनजाति विकास

- अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु लगभग 6 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान ÷पीएम- जनमन÷ के अन्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जन जातीय समूहों का समग्र विकास किया जाना है।
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनाँक 02 अक्टूबर, 2024 को किया गया है।
- योजना का उद्देश्य देशभर में 63,000 से अधिक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा आकांक्षी जनपदों के जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों के कार्यक्रमों से संतृप्त किया जाना है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण

- पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के हेतु 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना हेतु 200 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

सरकारी मेडिकल कॉलेज की 250 सुपर स्पेशियलिटी सीटों पर हो रही पढ़ाई

वित्त मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-2026 में यूजी, पीजी हेतु कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी। इस हेतु लगभग 2066 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2017 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी की कुल सीटों की संख्या 120 थीं। शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में सीटों की संख्या को बढ़ाकर 250 किया गया। बलिया तथा बलरामपुर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु क्रमशः 27 करोड़ रुपये तथा 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत 5.13 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने में पूरे देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्राथमिक स्वास्थ्य इकाईयों को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है। वर्तमान में कुल 22,681 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर स्थापित है। उप केन्द्रों से टेलीकन्सलटेशन प्रारम्भ कर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने का आरम्भ जुलाई, 2020 से किया गया है। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा पोषित पीपीपी मोड पर निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा पीपीपी मोड पर जनपदीय चिकित्सालयों में सीटी स्कैन की निःशुल्क सेवा उपलब्ध करायी जा रही है।

कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2022-2023 तक की अवधि के लिये राज्यों की राजकोषीय स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रकाशित की गयी है, जिसमें उत्तर प्रदेश को अग्रणी (फंट रनर) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। समेकित ÷फिस्कल हेल्थ इन्डेक्स÷ जो वर्ष 2014 से 2019 की अवधि में 37.0 था, 2022-2023 में बढ़कर 45.9 हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2018 से 2023 की अवधि में पूँजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। सामाजिक क्षेत्र में पूँजीगत व्यय में 27 प्रतिशत तथा राजस्व व्यय में 9 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई। इसी प्रकार, आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत भी पूँजीगत व्यय में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित हुई।

महिला एवं बाल विकास में क्या-क्या खास

निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान हेतु 2980 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है्। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता हेतु संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले पोषाहार के लिये लगभग 4119 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान हेतु 971 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

उत्पादन वृद्धि की योजना के लिये 200 करोड़ रुपये

सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के उद्देश्य से निःशुल्क मिनीकिट वितरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उक्त दोनों योजनाओं हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश को प्रमाणित बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिये उत्तर प्रदेश बीज स्वावलम्बन नीति, 2024 के अन्तर्गत प्रदेश में सीड पार्क विकास परियोजना संचालित है, जिसके लिये 251 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजना के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में प्राकृतिक खेती का कार्यक्रम संचालित किया जायेगा, जिसके लिय 124 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पीएम. कुसुम योजना के अन्तर्गत कृक्षकों के प्रक्षेत्रों पर सोलर पम्पों की स्थापना करायी जा रही है जिसके लिये 509 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कृषि क्षेत्र की क्षमता एवं कौशल विकास तथा उत्पादन वृद्धि की योजना के लिये 200 करोड़ रुपये एवं विश्व बैंक सहायतित यू.पी. एग्रीज परियोजना के लिये 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

2025 में फिर 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण करेगी योगी सरकार

- वर्तमान में प्रदेश में वृक्षाच्छादन प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 9.96 प्रतिशत हो गया है।
- उत्तर प्रदेश वनावरण व वृक्षाच्छादन में वृद्धि के मामले में पूरे देश में द्वितीय स्थान पर रहा है।
- वर्ष 2021-2022 से वर्ष 2024-2025 तक प्रदेश में कुल 138.98 करोड़ पौधरोपण किया गया।
- वर्षाकाल-2025 में भी 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है।
- प्रदेश में वर्ष 2018 में बाघों की संख्या 173 से वर्ष 2022 में बढ़कर 205 हो गयी है।
- पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या दोगुनी होने के क्रम में उक्त टाइगर रिजर्व को टीएक्स 2 अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- जनपद गोरखपुर में कैम्पियर रेंज के अन्तर्गत ÷रेड हेडेड गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र÷ देश का पहला गिद्ध प्रजनन केन्द्र स्थापित किया गया है।
- जनपद गोरखपुर में उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिक विश्वविद्यालय की स्थापना किये जाने की नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके लिये लगभग 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

लैपटाप -स्मार्ट फोन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिये 24 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित

कृषकों को दुर्घटनावश मृत्यु / दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना हेतु 1050 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।प्रदेश के राजस्व कार्मिकों को ऑन लाइन कार्यों हेतु लैपटाप / स्मार्ट फोन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिये 24 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में 08 मण्डलीय लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालयों/छात्रावासों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों, डिपो कार्यशाला आदि का निर्माण तथा बस बेड़ों में वृद्धि सम्बन्धी कार्यों हेतु 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना हेतु मध्यम श्रेणी की इलेक्ट्रिक बसों के क्रय हेतु 100 करोड़ रुपये तथा चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

स्मार्ट सिटी योजना के लिए 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित

सुरेश ने कहा कि अमृत योजना 2.0 के अन्तर्गत अब तक लगभग 39 लाख पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 हेतु 3150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है तथा प्रधानमंत्री अवास योजना (शहरी) 20 हेतु लगभग 1732 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2021 में प्रारम्भ की गयी अमृत 2.0 योजना हेतु 4100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट स्कीम (अर्बन) के अन्तर्गत 800 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश के शहरों को बाढ़ की समस्या एवं जलभराव से मुक्ति हेतु अर्बन फ्लड एवं स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना प्रारम्भ की गयी जिसके लिये 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित मलिन बस्ती विकास योजना हेतु 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास की नई योजना हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना हेतु 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना हेतु 450 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 4882 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित

महात्मा गाँधी नरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु 34 करोड़ मानव दिवस का सृजन किये जाने का लक्ष्य अनुमानित है, जिसके सापेक्ष 5372 करोड रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 36 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कराया जा चुका है। योजना हेतु लगभग 4882 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हेतु 1200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण कार्य हेतु 1088 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना हेतु 427 करोड़ रुपये का व्यय अनुमान प्रस्तावित है। उक्त योजनान्तर्गत युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरान्त नियोजित किया जा सकेगा।

आधुनिक तकनीक के प्रयोग और नवाचार को विशेष रूप से बढ़ावा दिया: सुरेश खन्ना

सुरेश खन्ना ने कहा कि हमारी प्राचीन आस्था, धर्म और संस्कृति के प्रतीक कुम्भ योग को अनादिकाल से सर्वश्रेष्ठ साक्षात मुक्ति पद की संज्ञा दी गई है। महाकुम्भ में देश-विदेश से आये लगभग 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। यह सम्पूर्ण विश्व में मनुष्यों का विशालतम समागम था, जिसके मध्य एवं कुशल आयोजन की सराहना सभी ने मुक्तकंठ से की।

सम्भवतः इस सदन में उपस्थित सम्मानित सदस्यों ने मानवता के इस महापर्व में प्रतिभाग किया होगा। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा हमारे तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले लगभग आठ वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। चाहे वह कानून व्यवस्था हो, आर्थिक विकास हो, औद्योगिक विकास हो, दुर्बल वर्गों को विकास की मुख्यधारा में लाना हो, गरीबी उन्मूलन हो, अवस्थापना विकास हो अथवा वित्तीय समावेशन हो। हमने चिकित्सा सुविधाओं का तीव्र गति से विकास किया है। प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग और नवाचार को विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया: सुरेश खन्ना

सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस के लिए राज्य सरकार द्वारा 10 सेक्टर यथा-कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूँजी निवेश आदि चिन्हित करते हुये सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रदेश सरकार के सम्बन्धित विभागों द्वारा सेक्टरवार कार्य योजना पर कार्य चल रहा है जिसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है। सुचारू नीति कार्यान्वयन, व्यापार को आसान बनाने, ईज ऑफ यूइंग बिजनेस तथा निवेश आकर्षित करने के लिये सत्त विकास के कार्य के प्रति समर्पण भाव से प्रदेश के समस्त अंचलों में संतुलित निवेश का समग्र प्रवाह एवं नागरिकों के जीवन उन्नयन के लिये दीर्घकालिक मूल्यों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है। हमारी सरकार राज्य को एक मुख्य निवेश केन्द्र तथा देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने के अपने मिशन को कार्यान्वित करने हेतु प्रतिबद्ध है। जिस तरह से माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा एक तपोनिष्ठ कर्मयोगी के समान अहर्निश प्रदेश के विकास के लिये कार्य किया गया है उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा-

जिस दिन से चला हूँ मेरी मंजिल पर नजर है
आँखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा।

पीआरडी स्वयं सेवकों के मानदेय में वृद्धि

इनोवेशन दिवस के अवसर पर यू पी स्टार्टअप संवाद और एक्सपो का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम तीन स्टार्टअप्स को क्रमशः 01 लाख, 75 हजार एवं 50 हजार का पुरस्कार तथा शेष 05 को 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रदेश में युवाओं को नवाचार से जोड़ने के लिए इनोवेशन फण्ड की स्थापना पर कार्य किया जा रहा है जिससे प्रदेश में स्टार्टअप ईकोसिस्टम विकसित हो सकेगा। पीआरडी स्वयं सेवकों के मानदेय में वृद्धि प्रस्तावित है तथा स्वयं सेवकों को लगभग 20 लाख अतिरिक्त रोजगार दिवस उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित लगभग 80 हजार युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। मनरेगा योजनान्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 26 करोड़ मानव दिवस लक्ष्य के सापेक्ष दिनाँक 8 जनवरी, 2025 तक 27.40 करोड़ मानव दिवस का सृजन किया गया है तथा 3,13,076 परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया गया है। मानव दिवस सृजन एवं वित्तीय प्रगति में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में महिलाओं की सहभागिता 42 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विगत 6 वर्षों में 15.25 लाख युवाओं को निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर 5.71 लाख युवाओं को रोजगार / स्वरोजगार से जोड़कर सेवायोजित किया गया। अप्रेन्टिस योजना के अन्तर्गत अब तक 2.54,335 युवाओं को उद्योगों व एम.एस.एम.ई. में योजित किया गया। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत वर्ष 2024-2025 में 17 दिसम्बर, 2024 तक 1,838 लाभार्थियों को लाभान्वित कराते हुये लगभग 10,560 लाख रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गयी तथा 34,500 रोजगार का सृजन हुआ। निवेश मित्र के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-2025 में माह नवम्बर, 2024 तक कुल 6,62,672 उद्यम पंजीकृत हुए जिसमें 59,64,048 रोजगारों का सृजन हुआ।

संक्षिप्त खबरें

दुराचार मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद की जमानत

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दुराचार के मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए पहले नंबर पर रखा है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह सोमवार तक अपना जवाब दाखिल कर सकती है। न्यायालय सोमवार को सुबह बैठते ही सबसे पहले इस जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। राठौर की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका पर न्यायालय ने यह आदेश सुनवाई के बाद पारित किया। इस मामले में अंतिम निर्णय सोमवार को आने की संभावना है।

हॉस्टल बाथरूम में कक्षा 5 के छात्र का शव मिला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मलिहाबाद स्थित सफा पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में कक्षा पांच के छात्र का शव फांसी से लटका मिला। छात्र की पहचान खान अल्तमस (15) के रूप में हुई। साथी छात्रों ने शव देखकर स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बस्ती के पैकुलिया का रहने वाला खान अल्तमस (15) का शव गुरुवार सुबह बाथरूम में लटकता मिला। इंस्पेक्टर मलिहाबाद के मुताबिक परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। परिजनों की शिकायत और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मलिहाबाद इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि छात्र तीन दिन पहले छत के रास्ते कुछ दोस्तों के साथ कूदकर सिगरेट पीने गया था। स्कूल प्रबंधन ने जानकारी होने पर उसको दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी थी। साथ ही परिजनों को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद छात्र गुमशुम रहने लगा। आशंका है कि इसी के चलते उसने सुसाइड कर लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूछताछ में साथियों ने बताया कि स्कूल में सिगरेट पीने की जानकारी होने के बाद से अल्तमस परेशान था। प्रधानाचार्य ने उसके बस्ती के पैकोलिया गांव निवासी भाई को सूचना दे दी थी। वह कह रहा था कि भइया आएंगे तो मारते हुए घर ले जाएंगे। इसी के चलते दो दिनों से किसी से कुछ नहीं बोल रहा था।

रेलवे टेक्नीशियन पर दहेज प्रताड़ना और धोखाधड़ी का आरोप

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बिजनौर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। आरोपी उत्तर रेलवे के अंबाला छावनी स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में टेक्नीशियन पद पर तैनात है। पीड़िता रेनू वर्मा ने बताया कि उनकी शादी 7 जनवरी 2022 को लखनऊ के अलीगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में अमरेंद्र प्रसाद से हुई थी। शादी में उसके परिवार ने यथासंभव दहेज दिया। शादी के महज 15-20 दिन बाद से ही पति, सास और ननद ने चार पहिया वाहन की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। बीमार होने पर दवा नहीं दिलाते और भूखा रखते थे। करीब एक साल पहले अमरेंद्र उसे मारपीट कर सहारनपुर से लखनऊ छोड़ गए। तब से वह मायके में रह रही है। पीड़िता को बाद में पता चला कि उसके पति की पहले भी शादी हो चुकी है और उनकी 8 साल की एक बेटी भी है। यह बात शादी से पहले उससे छिपाई गई। अब पति उससे 20-25 लाख रुपए की मांग कर रहा है। बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजकुमार ने मंगलवार को नशे की हालत में अपनी पत्नी कंचन की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की और आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतका के पिता कल्लू ने बताया कि उनकी बेटी कंचन का विवाह करीब 12 साल पहले राजकुमार से हुआ था। कल्लू रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुर नगर के रहने वाले हैं। आरोपी राजकुमार मोहनलालगंज के ग्राम आनंदपुर का निवासी है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

फूड स्टॉल संचालक के परिवार से फोन पर अभद्रता

लखनऊ। सआदतगंज कोतवाली में फूड स्टॉल संचालक ने परिवार की महिलाओं को आपत्तिजनक कॉल किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। मोज्जमनगर निवासी व्यापारी के मुताबिक घर की महिलाओं के नम्बरों पर एक फरवरी को पहली बार कॉल आई। आरोपित ने महिलाओं को अपशब्द कहे। विरोध करने पर नम्बर बदल कर कॉल मिलाने लगा। एक फरवरी से 14 फरवरी के बीच लगातार नए-नए नम्बरों से कॉल आती रही। जिसके बाद महिलाओं ने परिवार को घटना की जानकारी दी। व्यापारी के मुताबिक आरोपी मैसेज भेज कर परिवार की महिलाओं से बात करने का दबाव डाल रहा है। इंस्पेक्टर सआदतगंज बृजेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

लखनऊ सेमीफाइनल में, फाइनल मुकाबला आज

लखनऊ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अटल बिहारी वाजपेयी कीड़ा संकुल में चल रही राज्य स्तरीय ओपेन आमंत्रण महिला कबड्डी प्रतियोगिता में गुरुवार को आठ मुकाबले खेले गए। इसमें लखनऊ, वाराणसी और मिर्जापुर की मंडलीय टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज फाइनल व सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे। स्पर्धा का 5वां खेल वाराणसी और गौतमबुद्ध नगर मंडल के बीच खेला गया। इसमें वाराणसी टीम ने 21-7 के अंतर से जीत हासिल की। दिन के दूसरे मुकाबले में मेरठ ने सीतापुर मंडल को 29-26 के अंतर से पराजित किया। इसके बाद मिर्जापुर और सहारनपुर मंडल के मध्य खेल को मिर्जापुर की टीम ने 27-9 के अंतर से जीता। प्रतियोगिता के 8वें मुकाबले में गौतमबुद्ध नगर ने देवीपाटन मंडल को 28-21 के अंतर से पटखनी दे दी। इसी तरह मिर्जापुर ने लखनऊ मंडल को 22-10 के अंतर से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। वाराणसी और सीतापुर के बीच हुए खेल में वाराणसी मंडल ने जीत दर्ज की। वाराणसी ने सीतापुर मंडल को 33-7 के अंतर से हराया। इसके बाद के मैच में वाराणसी ने देवीपाटन मंडल को 26-9 से पराजित किया। दिन का आखिरी खेल गौतमबुद्ध नगर और मेरठ मंडल के बीच का रहा। इसमें मेरठ ने गौतमबुद्ध नगर मंडल को 21-18 के अंतर से पटखनी दी।

पश्चिम क्षेत्र से अतिरिक्त बसें प्रयागराज जाएंगी

लखनऊ। महाकुम्भ मेला के अंतिम चरण के लिए पश्चिम क्षेत्रों सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद और अलीगढ़ से 25 बसें रोजाना चलेंगी। इसके अलावा प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, चित्रकूट, अयोध्या और देवीपाटन क्षेत्र द्वारा 300 किमी तक ही बसों का संचालन किया जाए ताकि वह जल्दी लौट सके। इससे यात्रियों को समय से बसें मिलती रहेंगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ये निर्देश गुरुवार को अफसरों को दिए। मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसें पहले से ही चलाई जा चुकी है। उन्होंने निर्देश दिया कि बसों के संचालन में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। दोषी मिलने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

फूड स्टॉल संचालक के परिवार से फोन पर अभद्रता

लखनऊ। सआदतगंज कोतवाली में फूड स्टॉल संचालक ने परिवार की महिलाओं को आपत्तिजनक कॉल किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। मोज्जमनगर निवासी व्यापारी के मुताबिक घर की महिलाओं के नम्बरों पर एक फरवरी को पहली बार कॉल आई। आरोपित ने महिलाओं को अपशब्द कहे। विरोध करने पर नम्बर बदल कर कॉल मिलाने लगा। एक फरवरी से 14 फरवरी के बीच लगातार नए-नए नम्बरों से कॉल आती रही। जिसके बाद महिलाओं ने परिवार को घटना की जानकारी दी। व्यापारी के मुताबिक आरोपी मैसेज भेज कर परिवार की महिलाओं से बात करने का दबाव डाल रहा है। इंस्पेक्टर सआदतगंज बृजेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, परिजनों ने रोड किया जाम

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार देर रात काकोरी थाना के बेहटा गांव में हुई। मृतक की पहचान 43 साल अंकित लोधी के रूप में हुई है। दरअसल, गांव में एक शादी में पहले दो गुटों में विवाद हुआ। इसी बात को लेकर कुछ देर बाद प्रापर्टी डीलर अंकित के जीजा ने उसे पान की दुकान पर बुलाया। यहां दूसरे गुट के बदमाशों ने गाली देते हुए फायर झोंक दिया। हमलावरों में 4 युवक शामिल थे। फायरिंग में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे ट्रॉमा सेंटर ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुरुवार दोपहर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नारायणपुर रोड जाम कर दिया। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि बेहटा गांव में बारात आई थी। बारात में शामिल कुछ युवक गांव के बाहर स्थित अबरार की पान की दुकान पर पान खाने आए थे। यहां पहले से मौजूद रामू से सिगरेट को लेकर विवाद हो गया। इस पर रामू ने अपने प्रापर्टी डीलर साले अंकित को मौके पर फोन कर बुलाया। अंकित के पहुंचते ही विवाद और बढ़ गया। इस बीच दूसरे गुट के 4 युवकों में से किसी ने एक अंकित पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली लगते ही अंकित जमीन पर गिर पड़ा। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते आरोपी पिस्टल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। रामू ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल को पुलिस की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। अंकित मां-बाप का इकलौता बेटा था। हत्या की खबर गांव में फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन भी दौड़े आए। लोगों ने जेहटा रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। मृतक के बहनोई रामू ने मामले में सुमित कनौजिया ,गोलू यादव, ताऊवा यादव और अखिलेश यादव के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। काकोरी के बेहटा गांव में गुरुवार को मृतक के घर पर लोगों की भारी भीड़ जमा है। नाते-रिश्तेदारों का आना-जाना लगा है। गांव में एहतियातन सुरक्षा बल तैनात किया गया है। बेहटा गांव में नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर करीब पौने एक बजे नारायणपुर रोड जाम कर दिया। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है। ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

अपार्टमेंट में कब्जा, पार्क बने शराब पीने का अड्डे

एलडीए की जनता अदालत में फरियादी भड़के

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ एलडीए ऑफिस में गुरुवार को जनता अदालत का आयोजन हुआ। मौसम खराब होने के चलते शिकायतकर्ताओं की संख्या कम रही। लेकिन आए फरियादी काफी गुस्से में नजर आए। बोले- एलडीए सिर्फ अवैध टैक्स वसूली कर रहा है और व्यवस्था शून्य दे रहा है।

एलडीए की इस अदालत में वीसी और सचिव पहुंचे ही नहीं। ऐसे में फरियादियों को सिर्फ आश्वासन देकर के वापस भेज दिया गया। एक शिकायतकर्ता महिला पार्क में अवैध कब्जे को लेकर अफसरों से भिड़ गई। महिला अफसरों की दखल से उनको शांत करवाकर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया।नेहरू एनक्लेव निवासी अंजू वार्ष्णेय ने बताया कुछ लोगों ने अपार्टमेंट में कब्जा कर लिया है। पार्क पर कब्जा कर उसको शराब पीने का अड्डा बना दिया है। विरोध करने पर झूठी एफआईआर दर्ज करवाने की धमकी दी जा रही है। इसकी एलडीए से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार अफसर सिर्फ आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं। अवैध कब्जेदारों ने पूरी कॉलोनी का माहौल खराब कर दिया है। किसान नेता राम प्रसाद लोधी ने बताया कि एलडीए सीतापुर रोड योजना में चबूतरों का आवंटन कर रही हैं। 177 चबूतरों के लिए 1400 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। अफसरों से मिल कर चबूतरों को उन्हीं किसानों को पहले आवंटन करने की मांग की है, जिनकी रसीदें पहले से एलडीए काट चुका है। इसके साथ ही किसानों की संख्या के हिसाब से चबूतरों की संख्या को बढ़ाने का ज्ञापन दिया है। सेक्टर एफ एलडीए कॉलोनी निवासी आर एस अहिरवार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 में बच्चों के नाम पर एक प्रॉपर्टी है। उस पर घर बनवाने के लिए नक्शा पास करवाने के लिए 2021 में आवेदन किया था। चार साल बीत जाने के बाद भी अभी तक नक्शा पास नहीं हुआ है। 7 बार इसकी शिकायत कर चुका हूं लेकिन हर बार अफसर आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं।

लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को मिलेगा लैपटॉप व स्मार्ट फोन

लखनऊ।राज्य सरकार ने राजस्व कर्मियों को ऑनलाइन काम करने के लिए लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट फोन देगी। बजट में इसके लिए 24 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर दी है। इसके साथ ही चकबंदी विभाग का आधुनिकीकरण करने और ई-चकबंदी के लिए दो करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। चकबंदी विभाग में भू-राजस्व, खेतों की चकबंदी जैसे काम कराए जाते हैं। अभी तक ये सभी काम सामान्य तरीके से कराए जा रहे हैं। इसे अब ऑनलाइन कराया जाएगा, जिससे रिकार्ड सालों-साल सुरक्षित रखे जा सकें। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश राजस्व अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में बनाने के लिए एक करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में की गई है। राज्य सरकार ने लेखपालों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी आसान कर दी है। उनको प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश के आठ कानपुर, अयोध्या, झांसी, सहारनपुर, मेरठ, मिर्जापुर, बस्ती और अलीगढ़ में केंद्र की स्थापना की जाएगी।

15 मंजिला अपार्टमेंट में लगी आग

आग की लपटों के बीच से 2 लोगों को फायर ब्रिगेड ने निकाला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पार्थ रिपब्लिक के 15 मंजिला बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर फ्लैट में आग लग गई। घटना के समय फ्लैट में उन्नाव निवासी प्रॉपर्टी डीलर ओम तिवारी (40) कमरे में सो रहे थे। उनकी पत्नी स्नेहा (35), बेटा राघव (5), बेटी शालिनी (8) और सास इंद्र कुमारी (60) फ्लैट के बाहर गैलरी में थे। अचानक कमरे से धुआं निकलता देख स्नेहा ने दरवाजा खटखटाया। इस आवाज से ओम तिवारी की नींद खुली। वे भागकर बाहर निकले, लेकिन तब तक आग की चपेट में आ चुके थे।परिवार के अन्य सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए हैं। फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सरोजनी नगर फायर स्टेशन के एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने ओम तिवारी को बचाया और उन्हें सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बचाव अभियान के दौरान दमकलकर्मी प्रमोद कुमार नायक का बायां हाथ जल गया है। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग में फ्लैट का सारा सामान जलकर राख हो गया, जिसमें बेड, सोफा, अलमारी, दरवाजे-खिड़कियां और कीमती कपड़े शामिल हैं। बाद में दमकल टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। 15 मंजिला बिल्डिंग में 10 परिवार रहते हैं। जिस समय आग लगी तो बिल्डिंग में लगा सुरक्षा अलार्म बजा।

संपत्ति विवाद में महिला को बेघर करने की साजिश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक महिला को संपत्ति विवाद के चलते बेघर करने की साजिश का मामला सामने आया है। थाना सआदतगंज के बीबीगंज इलाके में रहने वाली शाहिदा खातून नामक महिला का आरोप है कि शकील नामक व्यक्ति उनके घर पर कब्जा करना चाहता है। शाहिदा के पति की मृत्यु हो चुकी है और वह अपने घर में अकेली रहती हैं। उनकी संपत्ति पर शकील की नजर है, जो उन्हें कई दिनों से परेशान कर रहा है। शाहिदा ने इस मामले में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शाहिदा का आरोप है कि शकील और उसके साथी गुंडागर्दी करते हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि शकील ने उनके घर में तोड़फोड़ की है और उनका सामान सड़क पर फेंक दिया है। शाहिदा का कहना है कि वह डरी हुई हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा है। शाहिदा ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस से शिकायत की है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। शाहिदा ने अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सआदतगंज पुलिस ने उनसे जबरन मकान खाली करवाने के लिए दस्तखत कराए हैं। परिवार के लोग 8 दिन से भटक रहे हैं और उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग शाहिदा के समर्थन में उतर आए हैं और उन्होंने शकील के खिलाफ प्रदर्शन किया है। लोगों का कहना है कि पुलिस को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और शाहिदा को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। यह मामला एक बार फिर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही प्रदेश में अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हों, लेकिन अपराधियों के हौसले अभी भी बुलंद हैं। इस घटना में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। शाहिदा ने कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते हैं।

मॉर्निंग वॉक पर निकले शिक्षक का एक्सीडेंट, इलाज के दौरान मौत

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आशियाना पॉवर हाउस चौराहे के पास मंगलवार सुबह साथी के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले शिक्षक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर से घायल दोनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शिक्षक की मौत हो गई। आशियाना पुलिस मुकदमा दर्ज कार के विषय में पता लगा रही है। सेक्टर एच एलडीए कॉलोनी निवासी श्रीकांत त्रिपाठी (46) कालीचरण इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। दुर्घटना में घायल श्रीकांत की बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। भतीजे ऋषि त्रिपाठी के मुताबिक चाचा मंगलवार सुबह साथी अरविंद के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। पॉवर हाउस चौराहे के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार दोनों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर दूर जा गिरे। दुर्घटना के बाद कार चालक भाग निकला। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया। एक्सीडेंट में चाचा श्रीकांत को गंभीर चोट आई। वहीं अरविंद मामूली रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान बुधवार रात चाचा की मौत हो गई। परिवार में चाची रजनी त्रिपाठी, उनकी बेटी वैष्णवी और बेटा राघव है। घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल के मुताबिक कार और चालक के विषय में जानकारी के लिए घटना स्थल के आसपास के सीसी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

भूख हड़ताल पर बैठे लोको पायलट

वीक ऑफ हो रहे कैंसिलय बिना रेस्ट के तनाव में कर रहे ड्यूटी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट और गार्ड भूख हड़ताल पर बैठे हैं। रनिंग स्टाफ का कहना है-वीक ऑफकैंसिल किया जा रहा है। इसमें मेला सहित अन्य कारण बताए जा रहे हैं। 10 से अधिक दिनों तक बिना रेस्ट के काम कराया जा रहा है। इससे पारिवारिक और मानसिक स्थिति खराब हो रही है। हम लोग तनाव में काम कर रहे हैं। लखनऊ मंडल में करीब 3,700 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इसमें से 2,200 लोको पायलट और 1,500 गार्ड हैं। कर्मचारी ड्यूटी पर भी हैं। इस दौरान ड्यूटी खत्म होने के बाद 36 घंटे तक उपवास कर प्रदर्शन में शामिल हो रहे। लोको पायलट बताते हैं कि रूट ऑफ होने के बाद रनिंग रूम में रहने पर 8 घंटे के बाद दोबारा ड्यूटी पर बुलाने का नियम होता है, लेकिन सिर्फ 6 घंटे पर ही बुला लिया जाता है। इससे समस्या होती है। वहीं घर पर रहने पर 16 घंटे की बजाय सिर्फ 14 घंटे में ही बुला लिया जाता है। लोको पायलट चौधरी विक्रम सिंह ने बताया कि रेस्ट कम मिलता है। 50 फीसदी डीए बढ़ने के बाद अन्य कर्मचारियों के भत्ते 25 फीसदी बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन रनिंग कर्मचारियों का किलोमीटर अलाउंस अभी तक नहीं बढ़ाया गया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के ब्रांच सेक्रेटरी लोको पायलट आरएस महतो ने बताया कि साप्ताहिक रेस्ट 16.30 घंटे दिया जाए। इसके साथ ही ट्रिप रेस्ट 16 घंटे की रेस्ट हेडक्वार्टर में दिया जाना चाहिए। 70 फीसदी किलोमीटर भत्ते को आयकर से मुक्त किया जाए। इस दौरा। एनपीएस और यूपीएस पेंशन को रद्द कर ओपीएस पेंशन लागू करने की मांग की गई है। आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष लोको पायलट ज्ञान स्वरूप ने बताया कि हाई पावर कमेटी रिपोर्ट के अनुसार रात की ड्यूटी को सिर्फदो रात तक सीमित किया जाए। उन्होंने कहा- पूरे देश के लोको पायलट भूख हड़ताल पर हैं। इस दौरान रनिंग स्टाफ की तरफ से डीआरएम को ज्ञापन कल सौंपा जाएगा।

निकाह के 16 दिन बाद पत्नी को दिया तीन तलाक

लखनऊ। बंथरा कोतवाली में महिला ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया। शादी के 16 दिन भी पूरे नहीं हुए थे कि ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पति ने दहेज में बुलेट और पांच लाख रुपये लाने का दबाव डाला। बात नहीं मानने पर तीन तलाक देकर पत्नी को घर से भगा दिया। बेती निवासी महिला की शादी नौ सितंबर 2024 को लतीफ से हुई। पीड़िता के मुताबिक रुख्सत होकर ससुराल पहुंचते ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पति लतीक को उसकी मां और रिश्तेदार भड़काते थे। जिसकी वजह से लतीफ ने कई बार पत्नी को पीटा। पीड़िता के मुताबिक ससुराल वालों ने नया प्लॉट खरीदने के लिए मायके से पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। बात नहीं मानने पर महिला को पीटा गया।

सिपाही से वसूली का प्रयास करते फर्जी क्राइम ब्रांच अफसर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

हम आपकी क्या मदद कर सकते है।

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन पर रिश्तेदार को छोड़ कर लौट रहे पीएसी सिपाही को बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया। क्राइम ब्रांच अधिकारी होने का दावा कर युवक पर देह व्यापार में लिप्त होने का आरोप मढ़ा। गिरफ्तारी से बचाने के बदले 30 हजार रुपये मांगे। विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी दी। सिपाही के शोर ने राहगीरों की मदद से आरोपितों को दबोच कर नाका पुलिस के सुपुर्द किया।

स्टेशन से निकलते ही महिला ने रोका

बरेली कैंट निवासी अफसर हुसैन मंगलवार दोपहर एक रिश्तेदार को छोड़ने के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन आए थे। मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने पर एक महिला ने अफसर को इशारा किया। वह कुछ समझ पाते। इस बीच बाइक सवार दो लोग आ धमके। एक ने हेलमेट लगाया था। दूसरे का चेहरा खुला था। बाइक सवारों ने क्राइम ब्रांच से होने का दावा किया। बोले की तुम देह व्यापार में शामिल महिला से बात कर रहे थे। इसलिए गिरफ्तारी करनी पड़ेगी।

आरोपितों की धमकी से अफसर घबरा गए। उन्होंने महिला को पहचानने से मना कर दिया। उनकी बात सुन कर कथित पुलिस कर्मी गाली गलौज करने लगे। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने कहा कि हम तुम्हें गिरफ्तारी से बचा सकते हैं। इसके लिए 30 हजार रुपये देने होंगे। कथित पुलिस कर्मियों की बात सुन कर अफसर हुसैन ने शोर मचा दिया। हल्ला होने पर राहगीर जुटने लगे। जिन्हें आते देख आरोपी बाइक लेकर भागने लगे

इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि हुसैनगंज उदयगंज निवासी अर्जुन कुमार और मो. सिराज को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के पास से एक बाइक मिली। जिसमें अधूरा नम्बर पड़ा था। इंस्पेक्टर के मुताबिक सिराज लूट के आरोप में पहले भी जेल जा चुका है। गिरोह के सदस्य क्राइम ब्रांच अधिकारी बन कर लोगों को धमका कर रुपये वसूलते हैं। उनके पास से फर्जी आईडी कार्ड भी मिला है।

बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाई

लखनऊ। नगराम स्थित घर में बुधवार रात संगीता (27) ने फांसी लगा ली। कमरे से मिले सुसाइड नोट में संगीता ने मानसिक बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाने की बात लिखी है। अपनी मौत की जिम्मेदार वह खुद हैं। कमालपुर बिचलिका निवासी राजकमल चाट का ठेला लगाते हैं। राजकमल के मुताबिक बुधवार रात में वह काम से बाहर गए थे। मां विंधेश्वरी, पिता रामेश्वर व बेटा और बेटी घर के बाहर बैठी थे। रात करीब आठ बजे संगीता ने कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगा ली। थाना प्रभारी नगराम विवेक कुमार चौधरी के मुताबिक कमरे से एक सुसाइ नोट मिला है। जिसमें बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाने की बात लिखी है। मौत का जिम्मेदार खुद को ठहराया है। सुसाइड नोट फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चारबाग में कीमती सामान रखने को डीजी लॉकर सेवा शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने डिजिटल लॉकर की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा उन यात्रियों के लिए बेहतर साबित होगी, जो यात्रा के बाद स्टेशन पहुंचने पर पहले अपने सामान को सुरक्षित रखना चाहते है। ऐसे यात्री डीजी लॉकर का इस्तेमाल करके बिना किसी चिंता के शहर में घूमने और बैठकों में शामिल हो सकते है। क्योंकि इसको लॉक करने के बाद इसको सिर्फ आपके मोबाइल से ही खोला जा सकेगा।

डीजी लॉकर की सुविधा चारबाग रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास है। जहां तीन अलग-अलग साइज में 15 लॉकर उपलब्ध है। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि चारबाग रेलवे स्टेशन पर कुल 15 लॉकर में तीन एक्स्ट्रा और 12 लॉर्ज लॉकर हैं। एक्स्ट्र लार्ज लॉकर का प्रयोग 19 रुपये प्रति घंटा और लार्ज लॉकर 14 रुपये में मिलेगा। एक्स्ट्रा लार्ज में सामान रखने के लिए 24 घंटे का 472 रुपये और लार्ज लगेज में 24 घंटे में 330 रुपये देने होंगे। इस संबंध में स्टेशन निदेशक प्रशांत कुमार ने मोबाइल से लॉकर बुकिंग की सुविधाएं मौके पर जाकर परखी।

लॉकर की चाबी यात्री का मोबाइल होगा। डिजिटल लॉकर के ऊपर छोटा सा स्क्रीन है। उस पैनल पर यात्री अपना मोबाइल नंबर फीड कर ओटीपी के जरिए इसे ऑपरेट कर सकते हैं।

मोबाइल एप या फिर ईमेल आईडी व नाम के साथ वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा। पैनल पर अपनी सुविधा अनुसार साइज का लॉकर सेलेक्ट करना होगा। बगल में क्यूआर कोड होगा, जहां लॉकर के किराये का भुगतान कर सकेंगे।

वाम दलों ने जंतर मंतर नई दिल्ली पर किया विरोध प्रदर्शन

देव मणि शुक्ल

नोएडा। मोदी सरकार के जन विरोधी कॉर्पोरेट समर्थक केंद्रीय बजट के खिलाफ 20 फरवरी 2025 को वाम दलों के कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर नई दिल्ली पर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव कामरेड अनुराग सक्सैना ने बजट के मजदूर किसान व आमजन विरोधी प्रावधानों को रेखांकित करते हुए सरकार के जन विरोधी बजट की कड़ी निंदा किया।

सीपीआई नेता कामरेड दिनेश ने कहा कि बजट में महंगाई, बेरोजगारी, असमानता को नियंत्रित करने का कोई प्रावधान नहीं है। माकपा नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यह बजट बड़े औद्योगिक घरानों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

इस बजट में जन समस्याओं और जनकल्याणकारी मुद्दों से कुछ लेना-देना नहीं है सच में यह बजट भारत की जनता, किसानों, मजदूरों, गरीबों और बेरोजगारों के साथ धोखा है क्योंकि इस बजट से उन्हें कोई राहत नहीं मिलने जा रही है।

प्रदर्शन में नोएडा से माकपा नेता राम स्वारथ, सुमन राय, रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा, भीखू प्रसाद सहित कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन को कई वामपंथी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं ने भी संबोधित किया।

शिवाजी ने आगरा में दिखाया शौर्य, हमें सिखाया स्वाभिमानः देवेन्द्र फडणवीस

- शिवाजी महाराज की शौर्यगाथाओं से गूंजा आगरा किला, जय भवानी-जय शिवाजी के लगे जयकारे

अशोक अग्निहोत्री

आगरा। आगरा के ऐतिहासिक किले में सैकड़ों साल पुराना वह दृश्य जीवंत उठा जब छत्रपति शिवाजी महाराज ने तत्कालीन मुगल शासक औरंगजेब के दरबार में अस्मिता और स्वाभिमान का प्रदर्शन किया था।

आगरा किला छत्रपति शिवाजी की शौर्यगाथाओं से गूंज उठा। रह-रह कर जय भवानी जय शिवाजी के नारे लगते रहे। किले के बाहर अतिथियों का स्वागत भी मराठी अंदाज में किया गया। आगरा किले को देखने आये विदेशी पर्यटक भी इस समारोह का हिस्सा बन गए।

अतुलनीय योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर अजिंक्य देवगिरी प्रतिष्ठान की महाराष्ट्र इकाई ने आगरा किले में यह भव्य आयोजन किया था। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ देवेन्द्र फड़णवीस ने शिवाजी महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उनका स्वागत अजिंक्य देवगिरी प्रतिष्ठान, महाराष्ट्र के अध्यक्ष विनोद पाटिल ने साफा पहनाकर किया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने मुगलकाल में घटी घटना के इतिहास के पन्नों को पलटते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमें स्वाभिमान सिखाया। अपनी जान की परवाह किए बगैर शिवाजी महाराज ने औरंगजेब को बताया था कि कि मैं राजा हूं और मेरे साथ एक राजा की तरह व्यवहार होना चाहिए। यह स्वाभिमान उन्होंने हमें सिखाया। अपना शौर्य दिखाते हुए छत्रपति औरंगजेब की कैद से आगरा किले से निकले और वापस स्वराज्य स्थापित किया।

कार्यक्रम के आयोजक विनोद पाटिल को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी के इतिहास को जागृत करने व उनसे प्रेरणा लेने के लिए हम सब यहां एकत्र हुए हैं। आगरा किले में आयोजन की अनुमति के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रतापराव जाधव, केंद्रीय मंत्री आयुष (स्वतंत्र कार्यभार) रावसाहेब दानवे माजी केंद्रीय मंत्री,महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशिष शेलार, महाराष्ट्रके उद्योग और मराठी भाषा मंत्री उदय सामंत, विधायक डॉ.परिणय फुके,केंद्रीय राज्यमंत्री मत्सव्यवसाय, पशुसंवर्धन और दुग्ध विकास एस.पी.एस बघेल, राजकुमार चाहर सांसद फतेहपुर सिकरी, पृथ्वीराज झाला, शुभम थोरात, प्रशांत हरणे, रितेश नाटा, पृथ्वीराज झाला, शुभम थोरात, प्रशांत हरणे आदि उपस्थित थी।

युवा सपा नेता का हर्षोल्लास के साथ मनाया 35वां जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। समाजवादी कार्यालय पर युवा सपा नेता का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर शुभकामनाएं दी वही कार्यकर्ता द्वारा उपहार भेंट किए गए। तादोपरांत बैठक का आयोजन कर पार्टी की रणनीतियों पर चर्चा की गई। अलीगंज में युवा सपा नेता डॉ योगेश यादव का 35वा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कायमगंज रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने 11 किलो का केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकिशोर यादव नें डॉ योगेश यादव को डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेट कर शुभकामनाएं दी और दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। रामकिशोर यादव ने कहा कि संविधानकर्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए गए रास्तों का हमेशा अनुसरण करें। इसके उपरांत बैठक का आयोजन किया गया बैठक में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रणनीतियों के बारे में जानकारी दी और अपने कार्य को जिम्मेदारी और लग्न से करने का आवाहन किया ब्लॉक प्रमुख में सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसा समाज बनाने में विश्वास करती है जहां समानता के सिद्धांत पर काम हो । पार्टी का दृष्टिकोण धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक है। समाजवादी पार्टी समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में लगातार काम करने में विश्वास करती है और सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ पूरी ताकत से खड़ी है।

पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान में तालाब के पट्टे को लेकर दोनों पक्षो में चले लाठी डंडे हुई फायरिंग

- गोली लगने से एक हुआ घायल हायर सेंटर किया गया रेफर

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। कोतवाली अलीगंज के ग्राम पुराहार बुलाकीनगर में गांव के ही पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान के लोगों में तालाब के पट्टे को लेकर विवाद हो गया वही एक पक्ष द्वारा तालाब में मछली मारने का कार्य हो रहा था इसी को लेकर आपस में दोनों पक्षों मेंलाठी डंडे चल गए विवाद बढ़ते देख फायरिंग भी हो गयी। मारपीट और फायरिंग में एक पक्ष के 22 वर्षीय युवक को गोली लग गई। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार अलीगंज के ग्राम पुराहार बुलाकी नगर में पूर्व ग्राम प्रधान व वर्तमान प्रधान के लोग भिड़ गए।

जानकारी के अनुसार बनी सिंह पुत्र अलकेश बंटी पुत्र कायमसिंह आदेश पुत्र धर्मवीर काशीराम पुत्र उदयराम गांव में स्थित तालाब में मछली मारने के उद्देश्य से पानी निकाल रहे थे।जिस बात का प्रधान प्रतिनिधि पिंटू पक्ष ने विरोध किया इसी बात पर विवाद शुरू हो गया.लाठी डंडे व मारपीट होने लगी वही फायरिंग भी हुई फायरिंग में एक युवक के हाथ में गोली लगी घायल बिकास पुत्र मोहर सिंह के हाथ में गोली लग गयी उसको अलीगंज कोतवाली लाया गया पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद सीएचसी अलीगंज भेज दिया।प्रधान प्रतिनिधि शरद कुमार उर्फ पिंटू ने जानकारी देते हुए बताया कि की गांव के तालाब से दूसरे पक्ष के लोग ट्राली से पानी निकाल रहे थी जिस पर हमने मना किया इसी बात पर ये लोग आक्रोशित हो गए और मारने पीटने लगे हमारे घर से भी लोग बुलाने पर मौके पर आ गए ।दूसरे पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी मेरे भतीजे को गोली लग गई है। सुधांशु शेखर क्षेत्राधिकारी अलीगंज ने कहा कि घटना संदिग्ध प्रतीत होती है मछली मारने को लेकर मारपीट तो हुई है।दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश है।तहरीर प्राप्त होने के बाद कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। और कार्यवाही की जाएगी।

फ्लैट दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पे

लोकमित्र ब्यूरो

मुरादनगर। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में फ्लैट दिलाने के नाम पर युवक से आठ लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।मुरादनगर बस स्टैंड के पास रहने वाले अनुज चौधरी ने मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 2022 में गाजियाबाद निवासी दो लोगों से मुलाकात हुई थी। उन्होंने गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन में एक फ्लैट दिखाया। फ्लैट पसंद आने पर उसका सौदा 28 लाख रुपये में तय हुआ। अनुज चौधरी ने चेक के माध्यम से दो लाख और छह लाख रुपये नकद दे दिए। बाकी रकम बैनामा कराने के समय देना तय हुआ। आरोप है कि बैनामे की बात करने पर वह टालमटोल करते रहे और फोन उठाना भी बंद कर दिया। जब फ्लैट की जानकारी की तो पता चला कि किसी व्यक्ति के फ्लैट के फर्जी कागज दिखाकर धोखाधड़ी से रुपये ठग लिए। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आगरा को सोलर व साइंस सिटी का तोहफा

- बिहारीजी कॉरिडोर के लिए 150 करोड़

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। उत्तर प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट में बृज क्षेत्र को कई तोहफे मिले हैं। बजट में जहां वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गई है, वहीं आगरा को साइंस सिटी का तोहफा मिला है।

आगरा को सोलर सिटी बनाने की घोषणा भी की गई है। आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास बनाने का उल्लेख भी बजट में है।

यूपी के बजट में आगरा के सिविल एन्क्लेव का भी जिक्र, ताजनगरी में महिला छात्रावास की भी घोषणा

उत्तर प्रदेश विधान सभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश किए गए बजट में ये घोषणाएं की गई हैं।

वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के कॉरिडोर के लिए 150 करोड़ रुपये की घोषणा हुई है। इसमें से 100 करोड़ रुपये भूमि क्रय करने और 50 करोड़ रुपये निर्माण कार्य के लिए रखे गए हैं। आगरा में साइंस सिटी की स्थापना की महत्वपूर्ण घोषणा बजट में हुई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि साइंस सिटी कहां पर स्थापित की जाएगी।

यह आने वाले दिनों में ही साफ होगा, लेकिन आगरा के लिहाज से यह अहम घोषणा है।

इसके साथ ही आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास बनाने की घोषणा भी बजट में की गई है। यूपी के बजट में आगरा समेत यूपी के कई महानगरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा भी की गई है। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र की सारी स्ट्रीट लाइटों को सोलर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा।

आगरा के लिहाज से यूपी के बजट में आगरा एयरपोर्ट का भी जिक्र किया गया है। आगरा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव का विकास कार्य तेजी से कराने की बात कही गई है।

संगोष्ठी आयोजित कर मनाया विश्व सामाजिक न्याय दिवस

सामाजिक न्याय दिवस
दिनांक – 20 फरवरी 2025
Bharat - NYK Kas

लोकमित्र ब्यूरो

कासगंज/एटा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र कासगंज के युवा मंडल द्वारा मोहनपुरा में एक संगोष्ठी आयोजित कर विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया । नेहरू यूथ क्लब के अध्यक्ष सोनू शर्मा ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और बताया कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस प्रतिवर्ष बीस फरवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है साथ ही इसमें गरीबी बहिष्कार बेरोजगारी मानव अधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों शामिल होते हैं नेहरू युवा मंडल के संरक्षक सुशील कुमार ने बताया कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपने मानव अधिकारों आत्म सम्मान के साथ जीवन बिताने और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और सामाजिक न्याय को आदर्श मानना है। इस अवसर पर राजकिशोर शर्मा सुशील भारद्वाज विवेक सक्सेना कमलेश दीक्षित जय पंडित अमित चौहान अंकित दीक्षित दुर्जन सिंह कृष्णा कमलेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ में स्वामी चक्रपाणि जी महाराज को मिला 'सनातन सम्राट' की उपाधि

देव मणि शुक्ल



नोएडा। प्रयागराज महाकुंभ में अखिल भारत हिंदू महासभा /संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी चक्रपाणि जी महाराज को प्रयाग सेक्टर 18 महाकुंभ कैंप में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों के बीच में सभी संतो और हजारों सनातन योद्धाओं ने स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के हिंदू सनातन धर्म के प्रति सर्वस्व न्योछावर करने एवं श्री राम मंदिर के लिए सर्वोच्च न्यायालय में लड़ाई लड़कर हिंदुओं को न्याय दिलाने वाले मुख्य पक्षकार, अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी दाऊद इब्राहिम जैसे अंडरवर्ल्ड का अस्तित्व को समाप्त करने वाले तथा राष्ट्र रक्षा धर्म रक्षा जीव रक्षा के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए महाकुंभ में स्वामी चक्रपाणि जी महाराज को सोने का सनातन सम्राट का मुकुट पहना कर ÷सनातन सम्राट का सम्मान दिया गया इस अवसर पर अनेक जगतगुरु महामंडलेश्वर संत और हजारों हिंदू महासभा संत महासभा और हिंदूवादी संगठन के लोगों ने स्वामी जी महाराज को सोने का सनातन सम्राट का मुकुट पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत कर हिंदू सम्राट स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के गगन भेदी नारे लगाए गए, और सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि स्वामी जी ने जो सनातन धर्म और राष्ट्र के लिए जो किया है।

वह युगों युगों तक याद किया जाएगा इस अवसर पर जगतगुरु श्री सच्चिदानंद महाराज जी जगतगुरु साध्वी विश्व रुपजी जगतगुरु साध्वी कंचन गिरि जी जगतगुरु रामाचार्य जी महाराज तथा अनेक महामंडलेश्वर संत विद्वानों के साथ दर्जनों हिंदू संगठन के लोग वह कई हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश के हिंदू महासभा अध्यक्ष श्री अनुपम मिश्रा जी ने सभी का संचालन किया संगठन मंत्री श्री राजकुमार सिंह ने कहा किया कि यह सनातन का सम्मान है वही दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय पांडे, रेखा पांडे समेत हजारों लोगों ने सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के गगन भेदी नारे लगाए और सभी कार्यकर्ता खुशी से झूम रहे थे।

स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने सबका आभार व्यक्त किया, और कहा कि यह सभी हिंदू महासभा संत महासभा संत समाज हिंदू संगठन तथा समस्त देश के सनातन धर्मियों का सम्मान है,कार्यक्रम में हरियाणा से सैनी जी विनय तमिलनाडु से श्री राम उत्तर प्रदेश से बालकृष्ण शर्मा जी पूरे देश से हजारों लोग उपस्थित थे सभी इस पल का गवाह बनने के लिए भगवान को धन्यवाद दे रहे थे।

स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने कहा कि अब मेरा अगला जीवन का लक्ष्य देश को हिंदू राष्ट्र और विश्व में सनातन का ध्वज फहराना है , हिंदुओं का संतों का मान सम्मान की रक्षा हमारे हर एक कार्यकर्ता अंतिम सांस तक करेगा इस कार्यक्रम की जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता बीके शर्मा हनुमान जी ने दिया।

कार्य प्रणाली प्रभावित होने के संबंध में मुख्य सचिव को दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की कार्यकारिणी की गाजियाबाद संघ कार्यालय में बैठक संपन्न हुई जिसमें संघ के सदस्यों द्वारा कुछ प्रमुख बिंदुओं को प्रमुखता से उधृत किया गया। प्रदेश के विभिन्न प्राधिकरणों में सेवानिवृत्त अभियंताओं को आउटसोर्सिंग के माध्यम से पुनः सेवायोजित किया जा रहा है। इन अभियंताओं को बिल भुगतान (वित्तीय अधिकार) का भी अधिकार स्वतंत्र रूप से दिया जा रहा है जबकि इनका डिजिटल सिग्नेचर 60 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण शासन स्तर पर प्रावधानित नहीं है । इस प्रकार ई ऑफिस में उनके द्वारा कोई भी पत्रावली अग्रसारित नहीं की जा सकती है, परंतु निर्माण के भुगतान को स्थानीय स्तर पर व्यवस्था करके अग्रसारित किया जा रहा है। इस प्रकार प्राधिकरण के ई -ऑफिस की व्यवस्था में यह समायोजित नहीं हो सकते हैं अर्थात कार्यों के आगणन इत्यादि को ई ऑफिस के माध्यम से प्रेषित नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार प्रदेश में दोहरी कार्य प्रणाली का प्रचलन प्रारंभ हो गया है। आउटसोर्सिंग अभियंताओं द्वारा सीधे ई बिल के अग्रसारण से कार्य स्थल पर किसी प्रकार की गुणवत्ता की हानि होती है तो दायित्व निर्धारण के समय विधिक समस्या उत्पन्न होने की संभावना होगी। जैम पोर्टल से आउटसोर्सिंग के अभियंताओं के दायित्व में वित्तीय दायित्व का कोई भी उल्लेख नहीं होने के कारण यह अनियमितता की इंगित करता है। यदि सेवारत अभियंताओं के पोर्टल एवं डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से आउटसोर्सिंग अभियंताओं की टिप्पणी एवं आगणन आदि सलाहकार के रूप में संयुक्त रूप से प्रेषित किए जाते हैं तो दोहरी प्रणाली की आवश्यकता नहीं होगी।

एलुमनी मीट में चलेगा बी प्राक का जादू, गीतों पर झूमेंगे लोग, एक झलक पाने को दर्शक है बेताव

- महर्षि यूनिवर्सिटी में एलुमनी मीट का होगा आयोजन मिलेंगे पुराने साथी, साझा करेंगे अपने अनुभव

देव मणि शुक्ल

Meet Fiesta 2025
Press Conference
February

नोएडा। सेक्टर-110 महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में एलुमनी मीट 2025 को लेकर ब्रहस्पतिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि टेक्नोलॉजी द्वारा 22 फरवरी को आयोजित होने एलुमनी मीट कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर उनके अनुभवों और उपलब्धियों को साझा करना है।

इस दौरान यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, डीन अकादमिक डॉक्टर तृप्ति अग्रवाल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार संदीप शर्मा, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स रतीश गुप्ता, एवं कार्यक्रम के संयोजक शिवम् यादव उपस्थित रहे।

वायस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने कहा एलुमनी मीट 2025 हमारे पूर्व छात्रों के लिए न केवल अपने सहपाठियों और शिक्षकों से मिलने का अवसर है, बल्कि यह उनके उनके आपसी रिश्ते को मजबूत करने और नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को प्रेरित करने का भी एक महत्वपूर्ण मंच है जिससे इनके कैरियर को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। डीन अकादमिक डॉक्टर तृप्ति अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करता है और इस आयोजन के माध्यम से उनके अनुभवों से वर्तमान विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।असिस्टेंट रजिस्ट्रार संदीप शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन न केवल पुराने दोस्तों को फिर से जोड़ने का अवसर देगा, बल्कि विश्वविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की सहभागिता को भी प्रोत्साहित करेगा।डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स रतीश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पूर्व छात्र अपनी सफलता की कहानियाँ साझा करेंगे।

मानवीय भावो की मनोहारी प्रस्तुति करता है यह सुंदर संग्रहः सुधीर

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिले के सीनियर जर्नलिस्ट राजू उपाध्याय द्वारा रचित संग्रह ÷एहसासों की नर्म दूब÷ नोएडा स्थित आई टी के कार्यालय में प्रदर्शित की गई। वेब क्योर आई टी सोल्यूशन प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक सुधीर मोहन व्यास ने किताब की प्रति अपने हाथों से प्रदर्शित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा-इस कविताई संग्रह में मानवीय भावों को मनोहारी भाव संयोजन के साथ प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा हमे अपने व्यस्त जीवन से कुछ पल किताबों से दोस्ती के लिए रखने चाहिए। क्योंकि कि किताबें इंसानी जिंदगी की सच्ची दोस्त होती हैं। स्मरण रहे यह किताब वर्ल्ड बुक फेयर में आठ फरवरी को लॉन्च हुई है जिसको प्रख्यात लेखक कवि कलाकार केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मश्री डा अशोक चक्रधर ने विश्व पुस्तक मेले में प्रदर्शित किया। यह कृति वर्तमान में अमेज़न पर उपलब्ध है। वेब क्योर आई टी कंपनी के कार्यालय में प्रबंध निदेशक सुधीर मोहन व्यास सहित अनेक कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। जिनमें हिमांशु शर्मा,संकल्प उपाध्याय मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त ने पीएसी में बैरक, पुलिस लाइन में श्रेणी बी आवासों का निरीक्षण कर लिया जायजा

- मण्डलायुक्त ने मेडीकल कॉलेज में मरीजों से जाना हाल, स्वास्थ्य सुविधाएं शासन की मंशानुसार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने गुरूवार को पूर्वान्ह में जनपद मुख्यालय पहुंचकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, 43वीं वाहिनी पीएसी में बैरक, मेडीकल कॉलेज एवं पुलिस लाईन में श्रेणी बी के आवासों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। आयुक्त महोदया का जनपद मुख्यालय पहुंचने पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय संचालन के संबंध में जानकारी की। उन्होंने इस दौरान महाविद्यालय में फैकल्टी से रूबरू होकर महाविद्यालय से बेहतर संचालन को लेकर सुझाव लिए एवं उनकी समस्याओं को भी सुना। मण्डलायुक्त ने महाविद्यालय में हिस्टोलॉजी लैब, रिसर्च लेबोरेट्री, इंनलेबिंग कक्ष, कोल्ड स्टोरेज, लेक्चर हॉल आदि का निरीक्षण कर मौजूद प्राचार्या डा0 रजनी पटेल को समुचित दिशा निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने इस दौरान लगभग एक दर्जन लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड वितरित किए एवं योजना की जानकारी लाभार्थियों को दी। तदोपरान्त मेडीकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों से हालचाल लिया एवं दवा वितरण कक्ष में जाकर दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अल्ट्रासाउण्ड कक्ष, ब्लड कम्पोनेंट स्टोरेज रूम, पोस्ट ओपी वार्ड, एसएनसीयू वार्ड, बाल रोड विभाग वार्ड आदि का भी निरीक्षण कर भर्ती मरीजों, चिकित्सीय से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जानकारी की। उन्होंने कहा कि मेडीकल कॉलेज में शासन की मंशानुसार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जनसामान्य को उपलब्ध कराई जाएं।

संक्षिप्त खबरें

विदाई से पहले दूल्हा दुल्हन ने किया वृक्षारोपण

रामनगर । ग्राम पंचायत अल्लापुर रानीमऊ में विवाहोपरान्त विदाई के समय मेनका मिश्रा ने अपने पति राहुल अवस्थी के साथ दरवाज़े पर पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश देते हुए अन्य लोगों को भी पर्यावरण के प्रति सजग रहकर इसके संरक्षण का संदेश दिया इसके बाद वे पति से साथ ससुराल के लिए विदा हुई ।

एक साल पहले ग्राम प्रधान अर्चना शर्मा ने अपने पति पर्यावरण समिति के सदस्य बृजेश शर्मा के साथ मिलकर गाँव वालों के सहयोग से फूलवारी बिटिया की नामक एक अनूठी पहल की शुरुआत की थी जो वह निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में शादी विवाह मुंडन आदि शुभ अवसरो पर पौधा लगा कर उसका संरक्षण होता है । गांव की बिटिया ने भी विदाई के समय यह परम्परा निभाई।इस अवसर पर लक्ष्मी कांत मिश्रा, अभय मिश्रा, छंनू मिश्रा रविकांत मिश्रा, अंकित मिश्रा, रत्नाकर मिश्रा, अजय मिश्रा, विनय मिश्रा सहित तमाम ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण की ओर इसे एक मजबूत कदम बताया

पुरानी बीमारी से तंग अधेड फाँसी पर झूला,मौत,पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा

बांगरमऊ,उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में पुरानी गंभीर बीमारी से तंग आकर एक अधेड़ फांसी के फंदे पर झूल गया। उसका शव गुरुवार को गांव के बाहर पेड़ से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव हयात नगर भौंरा निवासी रामस्वरूप 50 वर्ष पुत्र मिहीलाल का शव गुरुवार को सुबह गांव के बाहर आम के पेड़ की डाल के सहारे चादर के फंदे से फांसी पर लटकता हुआ देखा गया। घटना की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार गंभीर बीमारी के चलते करीब एक दशक पूर्व रामस्वरुप का एक पैर काटना पड़ा था। अब कुछ दिनों से उसका दूसरा पैर भी उसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ गया और पैर में सड़न शुरू हो गई। चिकित्सक ने उसे दूसरा पैर भी काटने की सलाह दी थी। डाक्टर की सलाह सुनकर अधेड़ अवसाद में आ गया और इसी से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

शुक्लागंज में नए गंगा पुल की मांग को लेकर विधायक ने सदन में उठाया मुद्दा

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज में नवीन पुल के निर्माण को लेकर नगर के जागरूक लोग और सदर विधायक पंकज गुप्ता लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर प्रमुख सचिव द्वारा आख्या मांगी गई थी। इसी बीच उन्होंने जनहित याचिका के माध्यम से सदन में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने सदन में सुरेशचंद्र शुक्ला, सुरेंद्र गुप्ता सहित अन्य क्षेत्रीय नागरिकों की ओर से दाखिल याचिका प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद गंगाघाट की आबादी ढाई लाख से अधिक है, और यहां के अधिकांश लोग कानपुर में व्यापार करते हैं। ब्रिटिश काल में निर्मित गंगा पुल, जो उन्नाव, कानपुर और लखनऊ के बीच आवागमन का प्रमुख मार्ग था, अब जर्जर होकर उपयोग के योग्य नहीं रह गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने और गिरने के कारण आवागमन बाधित हो गया है, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब एकमात्र नवीन पुल से ही यातायात संचालित हो रहा है, जिससे जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। विधायक पंकज गुप्ता ने सदन में नियम-51 के तहत इस प्रकरण को उठाया और कहा कि गंगा नदी पर एक नए पुल का निर्माण क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस परियोजना को स्वीकृति देने की मांग की। जनता की परेशानियों को देखते हुए ताकि यातायात समस्या से राहत मिल सके और दैनिक यात्रियों को आवागमन में कोई कठिनाई न हो।

बारा हरदो में सपा ने की पीडीए पंचायत, पूर्व सांसद ने भाजपा को घेरा

बीघापुर,उन्नाव। गुरुवार दिन के 02 बजे बारा हरदो में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया है। आज की पीडीए पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव, पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने संबोधित करते हुए कहा की आज की राजनैतिक परिस्थितियों में समाजवादी विचारधारा ही देश के सभी वर्गों को आपस में एक दूसरे के साथ जोड़ते हुए, सभी को परस्पर विकास के अवसर देने के साथ सभी के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सोंच के अनुरूप पीडीए पंचायतों के माध्यम से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता समाज के कमजोर वर्गों में एकजुटता पैदा करके सभी को साथ लेकर भारतीय जानता पार्टी के अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे

उदित राज को पार्टी से बाहर करे कांग्रेस, रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भेजे सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। बहुजन समाज पार्टी की ओर से आयोजित किए जा रहे कैडर कैम्पों की समीक्षा को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी आए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कांग्रेस नेता उदित राज की ओर से बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से उदित राज को कांग्रेस पार्टी से बाहर करने के साथ सरकार से रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने बसपा सुप्रीमो के विरुद्ध उदित राज की ओर से अभद्र टिप्पणी के बाद भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर से कुछ भी न कहने और बयान की निंदा न करने के लिए तीखी आलोचना की और कहा कि भाजपा के नेता भी कुछ नहीं बोल रहे, मतलब साफ है, भाजपा भी मिली हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने पीपरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत खरगपुर गांव के एक मजदूर दलित युवक की संदिग्ध मौत के मामले में थानाध्यक्ष पीपरपुर राम राज कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक से फोन से बातचीत की। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच,एफ आई आर के अनुसार नामजद लोगों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद, न्याय और सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संविधान के मुद्दे पर भाजपा, कांग्रेस, सपा, सभी दल केवल नाटक कर रहें हैं। इन्होंने भारतीय संविधान और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का कभी भी दिल से सम्मान नहीं किया। बताते चले कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन जी ने 16जनवरी को प्रदेश के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक में जो दिशा निर्देश दिए थे उसी के मुताबिक बसपा प्रतिदिन प्रत्येक विधानसभा में एक कैडर कैम्प आयोजित कर रही है। इस समय पूरे प्रदेश में जंगलराज है। योगी सरकार की पुलिस का अपराध और अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि जौनपुर, फैजाबाद, गोरखपुर, बस्ती, हाथरस आदि जिलों में पिछले तीन चाह माह के भीतर एक दर्जन से अधिक अपराध की बढ़ी घटनाओं में पुलिस की कमजोरी सामने आई है। पार्टी की मुखिया बहन मायावती जी के निर्देश पर मैं हर जगह जाकर पीड़ित परिवार से मिल चुका हूं। मेरे जाने के बाद पुलिस की नींद टूटी है और कार्रवाई हुई है। अन्य किसी भी दल के नेता पीड़ित परिवारों से मिलने नहीं गए। सभी पार्टियां दलितों और पिछड़ों को गुमराह करके राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि की असफल कोशिश के अलावा और कुछ नहीं कर रही। बहन मायावती जी करोड़ों-करोड़ों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के साथ देश में सर्वसमाज की एक मात्र आस और आवाज है। सभी दल बहुजन समाज पार्टी के विरोध में है,फिर भी सर्वसमाज बहुजन समाज पार्टी के साथ खड़ा है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी की जिला और विधानसभा कमेटियों के पदाधिकारियों को खरगपुर भेजा है और पीड़ित परिवार से मिलकर पुलिस से न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं।

मुसाफिरखाना में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से गठित पिंडारा महराज सेक्टर के केशवपुर गांव में कैडर कैम्प आयोजित किया गया। कैडर कैम्प को प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने सम्बोधित किया।

कानून व्यवस्था व अभियोजन को लेकर हुई समीक्षा गोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद के अधिकारीगण के साथ कानून व्यवस्था व अभियोजन के संबंध में गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में अभियोजन कार्यों के स्पीडी ट्रायल, संबंधित मामलों, सामान्य वाद तथा राजस्व से संबंधित वादों की समीक्षा की गई । तथा गत माह में दायर मामलों, मामलों में हुए निर्णय, डिस्पोज्ड मामले सहित पुराने मामलों की पेंडेंसी एवं डिस्पोजल तथा न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ-साथ त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, सतर्क दृष्टि रखने, गुण्डा/जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने व अवैध कच्ची शराब के निष्कर्ण, परिवहन, भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही आदि के संबंध में आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्मी को बीस वर्ष की कारावास

उन्नाव। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अपर जिला जज 12 ने अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 26000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम मे अपर जिला जज 12 द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में अभियुक्त को दंडित किया गया है। आपको बताते चले कि दिनांक 04.05.2022 को अभियुक्त अंकित पुत्र रमेस कोरी निवासी ग्राम त्रिभुवनखेड़ा थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव द्वारा वादी की नावालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया जिसके फलस्वरूप थाना कोतवाली सदर में मु0अ0सं0 311/22 धारा 376 (डी), 506 भादवि ङ पास्को एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त को दिनांक 06.05.2022 को गिरफ्तार कर आरोप पत्र दिनांक 02.08.22 को न्यायालय में प्रेषित किया गया।

डीएम-एसपी द्वारा धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ की मीटिंग

मीटिंग में धर्मगुरूओं से आपस में मिलजुलकर शान्ति व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोके।

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले में आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि, होली व रमजान आदि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, प्रतिष्ठित/सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में धर्मगुरूओं से आपस में मिलजुलकर शान्ति व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकरी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण एवं जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

अधिवक्ता बिल संसोधन रद्द करने की मांग को लेकर वकीलों ने किया शांति पूर्ण प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। अधिवक्ता संसोधन बिल के खिलाफ तहसील बार एसोसिएशन ने तहसील में प्रदर्शन कर इसे वापस किए जाने की मांग कर न्यायिक कार्य से विरत रहे । बार अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी, महामंत्री सुरेश त्रिपाठी सहित सभी अधिवक्ताओं ने तहसील में जुलूस निकाल कर संसोधन निरस्त हो के नारे लगाते भ्रमण किया व कहा कि केंद्र सरकार जो अधिवक्ता संसोधन बिल ला रही है वह सही नही है ।इसे रद्द किया जाए। अध्यक्ष ने बताया कि अधिवक्ताओं की मांग है कि अधिवक्ता व उनके परिवार के लिये एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान किया जाये। परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किया जाये व उनके लोकतान्त्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाये।

परिषदों के सदस्यों या अस्तित्व पर सुझाये गये संशोधन को तुरन्त समाप्त किया जाये।अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाये। पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता से लिये जा रहे रूपये 500 के स्टाम्प की राशि प्रादेशिक परिषदों को वापस की जाये व राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टाम्प की बिकी से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाये जैसा कि केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है। नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेट्स एक्ट में प्राविधानित था उसको उसी प्रकार रखा जाये। केन्द्र सरकार द्वारा रेगुलेशन बनाने की जो बातें कही गयी हैं उसे तुरन्त समाप्त किया जाये।

ग्राम प्रधान से तीन दिन में साक्ष्य सहित मांगा जवाब

खुले में शौच मुक्त गांव बनाने में नहीं कर रही सहयोग

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। गांव को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए कार्य योजना के अनुरूप धनराशि की लिमिट निर्धारित किया गया है। कार्य पूरा कराने का आदेश सचिव व ग्राम प्रधान को दिया गया है। फिर भी ग्राम प्रधान के सहयोग न करने पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इस पर डीपीआरओ ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में साक्ष्य सहित जवाब मांगा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण में ग्राम पंचायतों को खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल गांव घोषित करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कार्य योजना बनाई गई है। जिसके अनुसार कार्य पूरा कराने के लिए धनराशि की लिमिट जारी करते हुए काम पूरा कराने का आदेश दिया गया है। इसके बाद भी जगदीशपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत पालपुर के सचिव सुनील कुमार ने डीपीआरओ को बताया कि उनके प्रयास के बाद भी ग्राम प्रधान नेहा हैदर आरआरसी सेंटर का निर्माण कराने में सहयोग नही किया जा रहा और न ही तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्य कार्यों को शुरू कराया जा रहा है। जबकि संबंधित लेखपाल ने इसके लिए जगदीशपुर थाने के पास भूमि चिन्हित कर दिया है। स्वच्छता का काम शुरू न होने से नाराज डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी ने ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में साक्ष्य सहित जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में निर्माण कार्य शुरू कराकर साक्ष्य सहित जवाब न देने पर संबंधित के खिलाफ पंचायत राज कानून के तहत कार्रवाई के लिए संस्तुति सक्षम स्तर को की जाएगी। जिसके लिए ग्राम प्रधान खुद उत्तरदायी होंगी।

बजट में बंद पड़ी बुढ़वल मिल के लिए कोई घोषणा न होने से क्षेत्र के लोग हुए मायूस

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। करीब 17 साल पहले बंद हुई बुढ़वल शुगर मिल को चलाने के लिए इस बजट में कोई घोषणा न होने से क्षेत्र के लोगो को मायूसी हुई है।

कभी एक हजार कर्मचारियों से गुलजार रहने वाली उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम की यह मिल बंद पड़ी हुई है और स्क्रेप भी नीलाम हो गया था।वर्ष 2018 के चुनाव में योगी आदित्य नाथ ने एक चुनावी जन सभा मे कहा था कि उनकी सरकार बनेगी तो बंद मिल चलेगी मगर सरकार बनी और वे मुख्यमंत्री बने फिर भी मिल नहीं चली। यह जरूर हुआ कि मिल की जमीन घेराबंदी के लिए 20 लाख दिए गए जिससे जमीन पर चारो ओर तार की बैरिकेटिंग हुई।इसके बाद इधर किसी ने नहीं देखा।तत्कालीन विधायक शरद अवस्थी ने अपनी विधायकी के समय व हारने के बाद भी लगातार इसे चलाने के लिए बड़ा प्रयास किया तो पिछले वित्तीय वर्ष के अनुपुरक बजट में 85 करोड़ देने की घोषणा हुई मगर वह धनराशि भी नही आई।पता चला कि छाता मिल चलाने के लिए उच्च स्तर पर मंत्रणा के बाद वंही भेज दी गई।अब इसके पुनः चलने की संभावनाए इस बात पर टिकी थी कि इस बजट में कुछ घोषणा हो सकती है मगर इस बार कोई घोषणा न होने से निराशा ही हाथ लगी है।

पूर्व कर्मचारी शिव बहादुर कहते हैं कि यह मिल राजनीति की भेंट चढी है।कभी सपा वाले यंहा धुंआ निकालने को कह गए तो कभी भाजपा ने कहा कि मिल चलेगी जरूर मगर हुआ कुछ नही।इस बार बजट में कुछ न देने से निराशा हुई है।लगता है कि अब यह बंद मिल नई बन नहीं सकेगी और एक स्वप्न ही रहेगी। रामनगर के राज किशोर का कहना था कि रामनगर इलाके के गन्ना किसानो के हित में बंद मिल का चलना जरूरी है। सैकड़ो बीघा जमीन पड़ी है मगर सरकार ने बजट में कोई ऐलान नहीं किया।अब मिल चलाने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है।बजट से निराशा हाथ लगी है। बच्चन मिश्रा कहते हैं कि इस सरकार में दो बार मिल चलाने की दिशा में वक्तब्य दिया।

मकान के विवाद में भाई ने मां और भांजे को पीटा

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर में मकान को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। बुधवार रात करीब 11 बजे संजय गुप्ता और उसके भाई दीपक गुप्ता के बीच मकान के विवाद को लेकर तीखी बहस हुई। बहस इतनी बढ़ी कि दीपक ने संजय को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

घटना के दौरान जब संजय की मां गीता और भांजा कृष्णा ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो दीपक ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उन पर भी लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में संजय, उसकी मां और भांजा घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस में शिकायत की। संजय गुप्ता ने बताया कि मकान के विवाद को लेकर उसका भाई पहले भी गाली-गलौज कर चुका है, लेकिन इस बार हद पार कर दी। पुलिस ने शिकायत लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

महादेवा मेला के चलते रेलवे ने भी किए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। महादेवा मेला को देखते रेलवे स्टेशन बुढ़वल पर आर पी एफ व जी आर पी ने भी सुरक्षा के बदोबस्त किए हैं।स्टेशन पर रेल पुलिस एलर्ट है।आर पी एफ इंचार्ज अजमेर सिंह यादव ने बताया कि छ दरोगा,एक इंस्पेक्टर, 20 सिपाही लगाए गए है। मुख्य रूप से केसरी पुर व चौकाघाट क्रासिंग, स्टेशन व सरयू रेल पुल देखना है ताकि श्रद्धालु रेल पटरी पर न चले।

स्टेशन पर भी जो गाड़िया कानपुर झाँसी की तरफ जाती है उनमे श्रद्धालुओ को बिठाया जाता है।उन्होंने यह भी बताया कि इस स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को महाशिव रात्रि पर्व तक सात मिनट रोके जाने व प्लेट फार्मो पर डिस्प्ले बोर्ड लगवाकर एनाउंस मेंट किए जाने संबंधी पत्र उच्च अधिकारियो को भेजा है।आर पी द्वारा भी मेला अवधि मे चार उपनिरीक्षक,एक महिला उप निरीक्षक तथा 40 महिला पुरुष सिपाही लगाए गए हैं।रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लाइट लगाई जानी शेष है।मार्ग पर अंधेरा रहता है ।

बता दे कि रेल विभाग द्वारा यंहा से गुजरने वाली कई ट्रेनों को बुढ़वल स्टापेज नहीं दिया गया है जिससे यात्रियों के साथ साथ लोधेश्वर महादेवा आए कान्वरियों को भी यातायात की दिक्क़त उठानी पड़ती है।

रोड वेज बसों का संचालन भी रामनगर होकर नही होता और रेल भी नहीं मिलती। इस तरह से दोनो ओर यातायात समस्या से श्रद्धालुओ को जूझना पड़ता है। प्राइवेट छोटे वाहनो के सहारे ही वापसी करते जो किराया भी बढ़ाकर वसूल करते हैं।

बच्चे का इलाज कराने गई महिला के साथ ढोंगी तांत्रिक ने किया दुष्कर्म

पति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तांत्रिक को भेजा जेल

लोकमित्र संवाद

बॉगरमऊ, उन्नाव। एक ढोंगी तांत्रिक ने बच्चे का इलाज कराने आए पति को प्रसाद लेने भेज दिया और उसकी पत्नी के साथ जबरन दुष्कर्म कर डाला। प्रसाद लेकर वापस आने पर पत्नी ने उसे घटना की जानकारी दी। पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद तांत्रिक को गिरफ्तार कर उसे अदालत भेज दिया।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रूरी सादिकपुर के मजरा दीना खेड़ा निवासी विजय कुमार उर्फ खुशहाल पुत्र कन्हई झाड़-फूंक करने के साथ ही इलाज भी करता है। बीते बुधवार की शाम कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव की एक महिला अपने पति के साथ अपने बीमार बच्चे का झाड़-फूंक के जरिए इलाज कराने कथित तांत्रिक विजय कुमार के घर आई थी। तांत्रिक ने महिला के पति को प्रसाद लेने अपने घर से दूर स्थित दुकान पर भेज दिया और पति के चले जाने के बाद अकेली पाकर तांत्रिक ने कमरे के अंदर उसकी पत्नी के साथ जबरन मुंह काला किया। प्रसाद खरीद कर वापस आने पर पीड़िता ने तांत्रिक के बेजा कारनामे की जानकारी अपने पति को दी। पति की तहरीर पर बेहटा पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर लिया। आज गुरुवार को पुलिस ने ढोंगी तांत्रिक को उसके गांव से दबोच लिया और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर दी गई है।

पत्रकारों का भी पुलिस वेरिफिकेशन हो आवश्यकः जेसीआई

बी .त्रिपाठी

बाराबंकी। पत्रकारिता के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों की बढ़ती भीड़ से पत्रकारिता की छवि तार- तार हो रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की बढ़ती अनियंत्रित भीड़ पर नियंत्रण हेतु सरकार को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

यह बात जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) की वर्चुअल बैठक में उठी। उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों का कहना था कि यदि सरकार अब भी इस ओर विशेष ध्यान नहीं देगी तो पत्रकारिता का अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा, और पत्रकारिता की गरिमा धूमिल होकर रह जायेगी।

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ़ इंडिया (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनुराग सक्सेना द्वारा इस पर कड़ी चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि इस पर न्याय संगत कार्रवाई हेतु, संगठन की ओर से एक पत्र देश के गृह मंत्री को भेजा जा रहा है। पत्र में संगठन ने आग्रह किया है कि सरकार पत्रिकारिता के क्षेत्र में आने वालों के लिए एक आवश्यक नीति निर्धारण करे और पत्रकार बनने से पूर्व उनका पुलिस वेरिफिकेशन कर उनके चरित्र का सत्यापन अवश्य करायें।

उल्लेखनीय है कि आज पत्रकारिता के क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का बढ़ता दायरा पत्रकारिता के लिए नासूर और घातक बनता जा रहा है। ऐसे लोग अपनी आदतों और कारनामों को छिपाने, दबाने के लिए पत्रकारिता का चोला ओढ़कर लगातार पत्रकारिता की छवि को धूमिल कर रहे हैं। इसके साथ ही पत्रकार संगठनों के लिए भी अनिवार्य कर दें कि वे उन्हें ही सदस्य बनाए जो पत्रकार सदस्यता आवेदन फार्म के साथ पुलिस वेरीफिकेशन दें या स्वयं प्रमाणित करें कि उसके खिलाफ कोई अपराधिक प्रकरण नही है और न ही कभी ऐसा अपराधिक मामला रहा है जिसमें उसे कोई सजा हूई हो। इसी के साथ पत्रकार संगठनों को भी निर्देशित करें कि सही व्यक्ति को ही पत्रकार संगठन का सदस्य बनाया जाये्, ताकि असल कलमकारों के साथ न्याय हो और समाज में पत्रकारो को वह सम्मान मिले जिसके वह हकदार हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार से इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आग्रह किया है ताकि पत्रकार व पत्रकारिता की छवि को बचाया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

मार्कशीट और आधार से जुड़ी समस्या से कुछ छात्राओं का भविष्य हुआ अंधकारमय

लखीमपुर-खीरी। जनपद मे आधार केवाईसी को लेकर पहले से ही आम जनमानस काफी परेशान था अब कुछ छात्राओं के आगे भी एक समस्या खड़ी हो गई है, जिससे कई छात्राएं बहुत परेशान है छात्राओं कि समस्या के बारे में जब जानकारी की तो छात्रा ने रोते हुए बताया की उसकी मार्कशीट में नाम के आगे (के एम)लगा है उसके बाद नाम है जैसे कु0 शीतल और आधार में सिर्फ शीतल है अब समस्या ये आ रही है आधार में कु0 शीतल नही हो पा रहा है।संवाददाता के द्वारा आधार सेंटर पर जाकर जानकारी की गई तो बताया गया कि नाम के आगे (के एम) नही लग सकता है अपनी मार्कशीट सही कराएं छात्रा का कहना है मैने तैयारी की थी अब फार्म जब भर रहे है तो नाम मिस मैच होने कि वजह से फार्म भी नही हो रहा है और यदि मार्कशीट से नाम बदलवाये तो इतना समय लग जायेगा की हमारी तैयारी वाले फार्म कि तारीख निकल जाएगी और एक साल बर्बाद हो जायेगा इतना बताते हुए छात्रा काफी देर तक बैठ कर रोती रही और शासन से मांग की छात्राओं के लिए इस तरह कि असुविधा होने पर कुछ ही समय में मार्कशीट से नाम सही हो सके ऐसी कोई व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे हम छात्राओं के पूरे साल ना खराब होने पाएं।

तेज रफ्तार ट्रक से टकराई बाइक 25 वर्षीय युवक की हुई मौत, एक घायल

लखीमपुर-खीरी। जिले के थाना मोहम्मदी के गांव सिसोरा नुकूमपुर निवासी 25 वर्षीय अंकित कुमार की बाइक में भूसी से भरे ट्रक से टकरा गई जिसके चलते उसकी मौके पर मौत हो गई। बाइक पर सवार भाई का साला पिंटू घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। अंकित की भाभी के प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नवजात की मृत्यु हो गई थी। अंकित अपने भाई के साले पिंटू निवासी धर्मापुर थाना बंडा के साथ बाइक से अस्पताल आ रहे थे। रोजा थाना क्षेत्र में भावलखेड़ा में मोहम्मदी पुल के पास तेज रफ्तार भूसी से भरे ट्रक से बाइक में टक्कर लग गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अंकित की मौके पर मौत हो गई और पिंटू घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद ट्रक को मुकरमपुर के पास पकड़ लिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि अंकित चार भाइयों में तीसरे नंबर के थे। इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एक सप्ताह पहले अंकित का हुआ था तिलक गुड़गांव में नौकरी करने वाला अंकित भाभी को देखने के लिए आया था। परिजनों के अनुसार, उसका एक सप्ताह पहले ही तिलक हुआ था। मई में उसकी शादी होनी था. उसकी मौत से परिवार में मातम छाया है।

राजा दक्ष को भगवान ने किया माफ

बीघापुर,उन्नाव। धार्मिक अनुष्ठान व कर्मों का प्रयोजन लोकहित लोकमंगल के लिए होना चाहिए दूसरे का अहित करने के लिए किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्य स्वयं को नष्ट कर देते हैं जिस प्रकार राजा दक्ष ने अपने दामाद भगवान शिव से बैर रखकर उनको अपमानित करने के लिए यज्ञ का आयोजन किया बाद में दक्ष को स्वयं अपमानित होना पड़ा और बकरे का सिर लग गया। उक्त कथा बाबा गोदावलेश्वर धाम में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य विज्ञानानंद सरस्वती ने सुनाई। भागवताचार्य ने सती मोह ,दक्ष यज्ञ, सती का योग अग्नि में अपने शरीर का त्यागना, बीरभद्र द्वारा दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर दक्ष का सिर काट कर यज्ञ कुंड में डाल देना, देवताओं की प्रार्थना के बाद दक्ष को बकरे का सिर लगाया जाना तथा उसके बाद सती का शिव की महिमा के गीत पर लोग जमकर झूमे। शिव भोले भंडारी, शरण हम आए तिहारी, रखियो लाज हमारी। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से डॉक्टर मून अग्निहोत्री,ऋषि शंकर बाजपेई,मंगल मिश्रा,महादेव सिंह,हीरा लाल दीक्षित,राजन पंडित,अरुण दीक्षित,अशोक मिश्रा, धुन्नु बारी, रुद्र पटेल, महानंद शुक्ला,धीरू बाजपेई,सारिका गुप्ता,अंजली बाजपेई,राजन दीक्षित, लाला बाजपेई, के के यादव आदि रहे।

फ्लैट ओनर्स एसोसिएशन विभिन्न कल्याण मूलक गतिविधियों द्वारा स्थानीय निवासियों की सेवा में तत्पर

गाजियाबाद। जनपद का बहुत ही समृद्ध रिहायशी क्षेत्र है राजनगर एक्सटेंशन, जहां साठ से अधिक सोसाइटी हैं जिसमें प्रबुद्ध और संपन्न लोग रहते हैं। वैचारिक दृष्टिकोण से राजनगर एक्सटेंशन में सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक सरोकार से जुड़े हुए लोगों की बहुत बड़ी तादाद है। फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन, राजनगर एक्सटेंशन इकाई, गाजियाबाद ने बार-बार अपने सर्वेक्षण और आकलन में इस बात को महसूस किया है कि एक्सटेंशन के लोग संभ्रांत, सूझबूझ के साथ जीवनयापन करने में विश्वास रखने वाले और हर तरह की सकारात्मक चेतना के साथ जीने वाले लोग हैं। यही कारण है कि अनेकों सोसाइटी में ए ओ ए का गठन करके बहुत ही सुव्यवस्थित रूप से समाज को आगे लेकर चलने का उदाहरण देखने को मिलता है। वहीं लोग कई तरह के नकारात्मक एवं ज्वलंत समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद करते हुए दिखते हैं।

डीएम ने की कर करेत्तर की बैठक

▸▸ डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश, राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराए पूरा

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। गुरुवार सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में राजस्व से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं और राजस्व कार्यो और कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। बैठक का संचालन एडीएम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की राजस्व से जुड़े विभागों की समीक्षा इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं की कलेक्ट्रेट में समीक्षा की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, बाटमाप, मण्डी विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अफसरों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे कार्यों के प्रगति की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं।

लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं नियमित रिव्यू करे।

9 वर्षों से जेल में बंद गैंगस्टर बुज़ुर्ग को सात वर्ष की सजा

गाजियाबाद। जेल में नौ साल से बंद 62 वर्षीय गैंगस्टर मुकेश के जुर्म स्वीकार करने पर गैंगस्टर कोर्ट ने सात साल कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश अरविंद मिश्रा ने दोषी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत के आदेश पर जिला कारागार के जेलर ने भेजी रिपोर्ट में बताया कि मुकेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम तहत जेल में नौ साल नौ महीने 26 दिन रह चुका है। मसूरी के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने 15 जनवरी 2002 को थाना मसूरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि अभियुक्त मुकेश का संगठित गिरोह है। वह अन्य सहयोगी अभियुक्तों राकेश, सुरेन्द्र, विनोद व प्रदीप के साथ मिलकर सामूहिक रूप से गिरोह बनाकर अपने निजी स्वार्थ के लिए अपराध करते हैं।आरोपियों का गिरोह संगठित होकर अनुचित भौतिक और आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए हत्या, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण जैसे गंभीर अपराध करते हैं। सभी आरोपी जनता में भय व दहशत का माहौल व्याप्त कर लोक व्यवस्था अस्त व्यस्त करते हैं।

खंभारखेड़ा चीनी मिल में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता के निर्देश पर किया गया, जिसमें चरक हास्पिटल लखनऊ से आये डॉ पवन कुमार मौर्य (न्यूरो एंड स्टोंक स्पेशलिस्ट) द्वारा मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाए वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन खंभारखेडा चीनी मिल के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय किसानो ,महिलाओं , मिल कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मिल परिसर के निकट एवं आसपास के लोगों की निशुल्क जांच किया गया ।स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए चीनी मिल द्वारा समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इससे पूर्व माह नवम्बर में शिविर का आयोजन किया गया था। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 234 किसान भाइयों एवं चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण व जनरल चेकप कराया गया । उक्त कार्य में चीनी मिल के डाक्टर धर्मेन्द्र त्रिपाठी एवं उनके स्टाफ का काफी सहयोग रहा। यूनिट हेड ने लखनऊ से आये डॉक्टरों की टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेडा द्वारा समाज के हित में इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।

करीब तीन वर्ष से मेन सडक के बीचोंबीच है बड़ा गड्ढा



▸▸ कोतवाली से तहसील जाने वाले मार्ग की दशा

▸▸ लाखों रुपये प्रति माह ख़र्च करने वाली नगर पंचायत को नहीं दिखाई दे रहा गड्ढा

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। नगर पंचायत धौरहरा में करीब तीन वर्ष से मुख्य सड़क का पत्थर टूटने से बड़ा गड्ढा हो गया है। जिससे आम जनता को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।सबसे ज्यादा समस्या तो स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को करना पड़ रहा है।

प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली से तहसील जाने वाले मार्ग पर बने क्रास पर नगर पंचायत धौरहरा के ठेकेदारो द्वारा पत्थर डाक्टर निकास बनाई गई थी।करीब तीन वर्ष पूर्व पड़ा पत्थर किसी भारी वाहन के निकलने से क्षतिग्रस्त हो गया था।

जिससे सडक के बीचों बीच गड्ढा होने से गंदा पानी भरा रहता है जिससे नन्हे मुन्ने बच्चों की ड्रेस खराब हो जाती है और वह उसमें फिसलकर गिर जाते हैं। ज्ञात हो इसी गड्ढे के पडोस में 4 जनसेवा केंद्र,बडी मस्जिद व मौजूदा चेयरमैन नफीस खान का आवास भी है फिर भी नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इस टूटे पत्थर को सही कराने की जहमत नहीं उठाई।

लेकिन उनको भी मेन सडक के यह बीचोंबीच मौजूद गड्ढा दिखाई नहीं दे रहा है और नगर प्रशासन भी इस ओर से मुंह मोड़े हुए है। इस मामले में नगर पंचायत धौरहरा के अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह ने बताया कि हमें पता नहीं है,दिखवाता हूं।

किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को दिया समस्याओं का ज्ञापन

लोक मित्र संवाद

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी के साथ पंचायत कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया।

गुरुवार को तहसील मुख्यालय बीघापुर के राव राम बक्स सिंह सभागार में उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह की अध्यक्षता में किसान पंचायत किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष किरण पटेल व अन्य पदाधिकारियो के साथ हुई। जिसमें बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रताखेड़ा में 2 फरवरी को लगी आग के मामले में पीड़िता द्वारा नामजद लोगों के विरुद्ध थाना प्रभारी द्वारा मुकदमा न पंजीकृत किए जाने पर विरोध किया। उन्नाव रायबरेली बंद पैसेंजर ट्रेन को चलाए जाने एवं इंटरसिटी ट्रेन का तकिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग की। बिजली विभाग द्वारा किसानों को फर्जी बिलों के माध्यम से परेशान किए जाने को लेकर हो रही समस्या से अवगत कराया। गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदारों द्वारा मानक से अधिक मिट्टी की खुदाई, अन्ना जानवरों की समस्या की समस्या, बिहार मौरावा रोड पर ओवर लोड चल रहे वाहनों को तत्काल प्रभाव से रोके जाने एवं साधन सहकारी समिति द्वारा डीएपी व यूरिया खाद की कालाबाजारी बंद करने व सचिवों द्वारा अधिक दाम लेकर खाद दिए जाने, लेखपालों के बैठने का दिन निर्धारित करने एवं उपनिबंधक कार्यालय में अतिरिक्त वसूली की जांच कराए जाने, नहरों मे पानी आदि की का ज्ञापन दिया। यूनियन के प्रदेश युवा अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, जिला युवा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह को दिया।

5 गुना बढ़ा गठिया रोग: डॉ एके अग्रवाल की अगुवाई लखनऊ के विशेषज्ञ डॉक्टर पटेल लगाएंगे कानपुर के सत्या में कैंप

सुनील बाजपेई

कानपुर। अपंग होने की हद तक घुटनों और जोड़ों में दर्द यानी गठिया आदि की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह बीते 10 सालों में पांच गुना बड़ी है ,जिसको लेकर चिकित्सक समुदाय भी बहुत चिंतित है। लगातार बढ़ती जा रही गठिया की समस्या से निजात दिलाने के इरादे से ही आगामी 01और 15 मार्च 2025 यानी ओपीडी महीने के पहले एवं तीसरे शनिवार को जाने माने अस्थि रोग विशेषज्ञ सुविख्यात डॉक्टर ए के अग्रवाल की अगुवाई में यहां के बर्रा 6 स्थित सत्या हॉस्पिटल में शाम 04 से 06 बजे तक लखनऊ के गठिया रोग विशेषज्ञ टीम डॉक्टर डॉ ए जी पटेल द्वारा लगाए जाने वाले कैंप में आने वाले मरीजों को जोड़ों, मांसपेशियों में दर्द, सूजन एवं जकड़न से भी निजात दिलाई जाएगी। इसके लिए आयुष्मान भारत समेत सभी कैशलेस कार्ड भी मान्य होंगे।

लगभग 5000 से ज्यादा घुटना, गठिया के मरीजों को ऑपरेशन के बगैर दवाओं, इंजेक्शन के बल पर अपने सत्या हॉस्पिटल बर्रा में ठीक कर चुके देश के जाने-माने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के अग्रवाल ने दावा किया कि चिकित्सा जगत ने जिस तरह की प्रगति की है उसके तहत बगैर ऑपरेशन के भी घुटनों और गठिया आदि की समस्या का समाधान किया जा सकता है। अपनी सफल चिकित्सा पद्धति से लोगों को रिकॉर्ड तोड़ संख्या में घुटनों की समस्या से निजात दिला चुके इस विधा के सर्वाधिक सफल चिकित्सकों में से एक ख्याति प्राप्त डॉक्टर ए के अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा अबतक विकसित पद्धतियों और दवाएं के प्रयोग से भी बगैर ऑपरेशन के ही घुटनों की समस्या से निजात दिलाई जा सकती है। घुटना प्रत्यारोपण में सफलता की अनेक नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले सुप्रसिद्ध डॉक्टर ए के अग्रवाल ने यह भी बताया कि बहुत सारे गठिया के रोगी ऐसे भी होते हैं, उनको दवाओं से ठीक किया जा सकता है। साथ ही एक विशेष प्रकार के इंजेक्शन और कुछ अन्य विधियों से भी घुटनों की गठिया से काफी लंबे समय तक निजात पाया जा सकता है।

आधुनिक सफल चिकित्सा पद्धतियों की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए और अब तक हजारों लोगों को अपंग होने से बचाते हुए उन्हें सामान्य दिनचर्या का हिस्सा बनाने में सफल हो चुके प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके अग्रवाल ने यह भी दावा किया कि प्रत्यारोपण के पहले अन्य छोटे ऑपरेशन से भी घुटने की गठिया को परमानेंटली ठीक किया जा सकता है। डॉक्टर ए के अग्रवाल इसके पहले नामी चिकित्सकों की टीम में शामिल होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, मोरार जी देसाई और जेके घराने के उद्योगपति विजय पत सिंघानिया समेत अनेक महत्वपूर्ण लोगों को भी सफल जोड़ प्रत्यारोपण का लाभ पहुंचा चुके हैं।

विहान एकादश ने जीती ट्राफी, प्रियांशु के शानदार शतक ने दिलाई जीत

लोक मित्र संवाद

शुक्लागंज, उन्नाव। रामकली स्टेडियम में 8 फरवरी से आयोजित मां ज्वालादेवी पचास हजार कैश क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में विहान एकादश ने शाइनिंग स्टार को 7 विकेट से करारी शिकस्त देकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मैच के बाद अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्राइज सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता और उपविजेता टीम के साथ-साथ टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए शाइनिंग स्टार ने 9 विकेट गंवाकर 20 ओवर में 224 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की तरफ से गुरूविंदर ने 78 और कामरान ने 58 रन की शानदार पारी खेली। विहान एकादश की गेंदबाजी में अतुल ने 4 और शाहरूख ने 3 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में विहान एकादश की ओर से प्रियांशु ने नाबाद 118 रन की शानदार शतकीय पारी खेलकर टीम को मात्र 21 ओवर में ही जीत दिला दी। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टीम की ओर से राहुल तिवारी ने भी 70 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। प्राइज सेरेमनी के दौरान शुक्लागंज क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय त्रिवेदी ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया।

उपविजेता टीम शाइनिंग स्टार को 20 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा, टूर्नामेंट के दौरान सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को 2500-2500 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में शुक्लागंज क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा अखिलेश निषाद, संजय वाजपेयी, परवेज अहमद, राजेश भारती, कमल दोसर, अजीत सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आयोजकों ने बताया कि इस तरह के टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस टूर्नामेंट ने न केवल क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच भी प्रदान किया।

विजेता टीम विहान एकादश के कप्तान ने कहा कि यह जीत टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है और आगे भी वे इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस प्रकार, मां ज्वालादेवी क्रिकेट टूर्नामेंट ने न केवल खेल के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ाया, बल्कि स्थानीय स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पालिका कर्मी दिनेश के आत्महत्या केस में तीन आरोपियों के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

जलेसर/एटा। बीते रविवार की सुबह नगर पालिका परिषद कर्मचारी दिनेश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुक़द्दमा दर्ज किया गया है। नगर पालिका परिषद कर्मचारी दिनेश कुमार की गत रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के ही मोहल्ला ब्रह्मनपुरी निवासी अशोक कुमार व मुरारीलाल पुत्रगण नौबतराम एवं रेखा पत्नी अशोक कुमार के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। साथ ही घटना के एक दिन पहले मृतक दिनेश द्वारा तीस हजार रूपये अपने बैंक खाते से निकाले गए वेतन के तीस हजार रुपये अशोक कुमार व उसकी पत्नी रेखा व भाई मुरारीलाल ने काफी दवाब बनाकर और धमकी देकर दिनेश से रूपये ले लिये थे।

परिवारों के विरोध के चलते प्रेमी युगल फाँसी पर झूले

▸▸ खेत में खडे पेड पर एक ही दुपट्टे से लगाई फाँसी

लोकमित्र संवाद

बांगरमऊ, उन्नाव।दोनों परिवार शादी के लिए रजामंद, नहीं हुए तो प्रेमी युगल ने एक साथ फांसी पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आज गुरुवार को सुबह प्रेमी युगल को फांसी के फंदे पर झूलता देखकर ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गईं। प्रेमी युगल अलग-अलग पड़ोसी गांवों के निवासी हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खार पुरवा निवासी रामसेवक की बेटी शोभना 19 वर्ष और पड़ोसी गांव हसनपुर सगौड़ा निवासी झब्बू के बेटे घनश्याम 22 वर्ष के बीच अरसे से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था और दोनों ने शादी करने का भी मन बना लिया था। किंतु युवक और युवती के परिजनों को यह रिस्ता मंजूर नहीं था। इसी लिए युवक और युवती दोनों करीब पांच दिनों पूर्व अपने-अपने घरों से भाग निकले थे। दोनों के परिजनों ने प्रेमी युगल की काफी खोज की थी। किंतु दोनों का कोई पता नहीं चल सका था। अंततः बीते 18 फरवरी को पिता रामसेवक ने युवक घनश्याम के खिलाफ युवती शोभना को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के तहत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। बताते हैं कि घनश्याम मुंबई स्थित एक कारखाने में मजदूरी करता था और वह करीब 15 दिनों पूर्व ही गांव आया था।

आज गुरुवार को सुबह ग्रामीणों ने ग्राम हसनपुर सगौड़ा और मोहन पुरवा के बीच स्थित एक खेत में खड़े पेड़ की डाल से दुपट्टे के सहारे प्रेमी युगल को फांसी के फंदे पर लटका देखा। खबर फैलते ही युवक और युवती दोनों के परिजन मौके पर जा पहुंचे और दोनों को फांसी के फंदे पर झूलता देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि प्रेमी युगल ने आत्महत्या की है। घटना की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

व्यावसायिक दक्षताओं में पाक कला का विशेष महत्व- महमूद उल हक

कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में पाककला गतिविधि मूल्यांकन कार्यक्रम संपन्न

बलरामपुर। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों में व्यावसायिक दक्षता एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रम को शामिल किया गया है।

पाक कला भी कौशल विकास का एक आयाम है जिसके माध्यम से लघु उद्योग के रूप में इसकी स्थापना की जा सकती है। बच्चों में इसी प्रकार अन्य व्यावसायिक दक्षताओं के विकास के लिए विद्यालयों में लर्निंग बाय डूइंग किट भी उपलब्ध कराई गई है। यह बातें कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में उच्च प्राथमिक स्तर की गृह विज्ञान प्रयोगात्मक गतिविधि मूल्यांकन के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं राज्य संदर्भ दाता समूह सदस्य महमूद उल हक में कहीं। इस कार्यक्रम में कौशल विकास के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाया गया।

जिसका मूल्यांकन कंपोजिट विद्यालय आदर्श नगर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलमा खान, कंपोजिट विद्यालय जेवनार की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शशि चौधरी के साथ शिक्षिकाओं डॉक्टर मीनाक्षी त्रिपाठी एवं नीलम गौतम के ने किया है। सभी मूल्यांकन कर्ता ने बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजनों खीर, कचालू, मोमोज, ब्रेड पकौड़ा, पानी पूड़ी आदि के स्वाद की प्रशंसा करते हुए उनके परोसने के तरीकों की भी सराहना की। बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि भोजन बनाते समय साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता होती है एवं परोसते समय भी सुंदर तरीके से साज सज्जा किए जाने पर व्यंजनों की सुंदरता बढ़ती है । यह एक प्रकार की कल के अंतर्गत आता है। बच्चों के इस प्रयास के लिए कंपोजिट विद्यालय आदर्श नगर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलमा खान ने सभी बच्चों को कॉपी और पेन देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय स्टाफ अनिल कुमार, अल्पना कुमारी, अंशु, अमित कुमार, नंदिनी शुक्ला, जितेंद्र और कदम वालंटियर माया यादव का सहयोग रहा।

परीक्षा 2025 सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में बैठक

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि हाईस्कूल/इण्टर) परीक्षा वर्ष-2025, 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2025 के मध्य में दो पालियों में (प्रथम पाली समय-प्रातः 8:30 बजे से 11.45 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2.00 बजे से 5.15 बजे तक) की अवधि में आयोजित होगी। कक्षा-10 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 74938, कक्षा-12 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 80164, वर्ष 2025 में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 155102 है। कुल 218 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट 06, सेक्टर मजिस्ट्रेट 23 एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट 218 तैनात किये गये हैं।

विद्यार्थी राष्ट्र के वर्तमान भविष्य- डॉ जेपी

एमएलकेपीजी कॉलेज में कला संकाय में मेधावी सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बलरामपुर। गुरुवार को एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में कला संकाय के तत्वावधान में मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफल मेधावी को प्राचार्य के हाथों सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। मेधावियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि सम्मान समारोह के आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। मेघावी छात्र सम्मान उसी का एक उदाहरण है। मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करके समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य का खाका तैयार कर सकता है।विद्यार्थी देश का वर्तमान व भविष्य है। इन्हें बेहतर शिक्षा के साथ साथ इन्हें उचित मंच देकर ही हम उन्नतिशील समाज का निर्माण कर सकते है। कला संकाय की संयोजक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि यह सम्मान समारोह उन प्रतिभाशाली प्रतिभागियों के लिए है जिन्होंने अपने अथक प्रयास व उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता में कला संकाय को लगातार तीसरे वर्ष विजयी बनाकर चल वैजयंती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। कला संकाय के सह संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व मणिका मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वदेश भट्ट ने किया। इस दौरान जहां प्रतिभागियों ने अपने गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उत्कृष्ट योगदान के लिए अर्चित शुक्ल, मोहित कश्यप, शताक्षी सेन व हर्षिता श्रीवास्तव को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात सभी शिक्षकों व प्रतिभागियों के लिए रात्रिभोज भी आयोजित की गई।समारोह का सफल आयोजन में प्रो0 तबस्सुम फरखी,प्रो0 प्रकाश चन्द्र गिरी,प्रो0 विमल प्रकाश वर्मा, डॉ तारिक कबीर,डॉ दिनेश कुमार मौर्य,डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ अभयनाथ ठाकुर, डॉ प्रमोद,डॉ संदीप,डॉ अनुज सिंह, डॉ कृतिका तिवारी,डॉ विनीत कुमार, डॉ अवनीन्द्र दीक्षित, डॉ जितेन्द्र कुमार,डॉ ओमप्रकाश, डॉ सुनील कुमार शुक्ल, डॉ वंदना सिंह,प्रतीची सिंह,सीमा पाण्डेय,श्रीनारायण, विशाल गुप्त सहित कई लोग मौजूद रहे हैं।

एसडीएम तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का किया समापन

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत संचालित एस डी शिक्षण संस्थान इसौली रोड पारा आलियाबाद में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन बृहस्पतिवार को एसडीएम गामिनी सिंगला(आईएएस) के द्वारा 110 बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ एसडीएम गामिनी सिंगला व शिक्षण संस्थान उप प्रधानाचार्य अर्पणा के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात शिक्षण संस्थान व पत्रकार एकता संघ/मानवाधिकार संरक्षण टीम के द्वारा एसडीएम गामिनी सिंगला को प्राकृतिक सीनरी देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बच्चों द्वारा तैयार कैम्प व बिना बर्तन तैयार भोजन का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन कर आवश्यक सुझाव दिया गया। प्रशिक्षक वीर विक्रम सिंह व सहायक प्रशिक्षक निखिल पाल के द्वारा प्रशिक्षण के कुछ क्रियाकलाप बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि एसडीएम गामिनी सिंगला(आईएएस) के सामने प्रस्तुत कराया गया। एसडीएम गामिनी सिंगला ने अपने संबोधन में बच्चों को टिप्स देते हुए कहा कि व्यवस्थित जीवन शैली में स्काउट गाइड प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी है। पत्रकार एकता संघ व मानवाधिकार संरक्षण वरिष्ठ जिला महामंत्री राजदेव यादव ने कहां कि इस प्रशिक्षण से बच्चे अनुशासित होते हैं ।तहसील अध्यक्ष पवन कुमार व पत्रकार बब्बन वर्मा ने बच्चों की इस कला की प्रशंसा की। इस मौके पर अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल, प्रबंधक संदीप द्विवेदी, प्रधानाचार्य कमाल अख्तर, संस्थापक एच एम द्विवेदी, लिपिक मुकेश पाठक, राजेश मिश्रा, शशी, आस्मा, निधि, गुल्फ़म, सुषमा खुशनुमा, आसमा, साहिदा सहित समस्त स्टाफ व अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित रहे ।

अंतरराष्ट्रीय आनलाइन दक्षता परीक्षा में मेधावियों ने दिखाई प्रतिभा

छात्रों ने विभिन्न विषयों में दिखाई क्षमता, पदक पाकर खिले चेहरे

बलरामपुर। जिला मुख्यालय पर संचालित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आनलाइन आयोजित गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कंप्यूटर व वाणिज्य विषय की दक्षता प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड फाउंडेशन एवं इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरी आफ इंडिया की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने कई पदक झटके। मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मो आसिम रूमी ने कहा कि बीते नवंबर व दिसंबर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इसमें कक्षा तीन के छात्र लहर अग्रवाल ने कंप्यूटर विषय में 87.88 प्रतिशत अंकों के साथ मंडल स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया।

इनके साथ कक्षा पांच के अयान मकंदर भी मंडल स्तर पर कंप्यूटर विषय के साथ विजेता घोषित किए गए। इसी तरह कक्षा दो की छात्रा यशस्वती दुबे, आश्वी समृद्धि, ओजल अग्रवाल, साक्षी चौहान, युवान कश्यप ने कंप्यूटर विषय में द्वितीय स्थान पर रहते हुए रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा पांच की लवलीन कौर ने अंग्रेजी विषय में द्वितीय स्थान पर रहकर रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा तीन की अनाया अरुण, अरीना अंसारी, जहरा खान व तेजस झा ने गणित विषय में प्रतिभाग कर कांस्य पदक झटके।

गणित में ही कक्षा सात की सैय्यदा मुबस्सरा ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया। विज्ञान विषय में कक्षा एक से अहमद हुसैन, अन्वी सोनी, अजिंक्य सोनी, कक्ष दो के अनुराग पांडेय, कक्षा चार के आद्विक श्रीवास्तव, अक्षिता श्रीवास्तव ने भी कांस्य पदक हासिल किया। बच्चों की तैयारी में कंप्यूटर शिक्षक अंशुल पाल व रश्मि तिवारी का विशेष योगदान रहा। प्रबंधक सुयश कुमार मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है।प्रधानाचार्य समेत विद्यालय समन्वयक राजेश जायसवाल, आफाक हुसैन व संगीता सरकार ने बच्चों को ट्राफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है।

गरीबो की आंखों का निशुल्क आपरेशन

जौनपुर। अब जौनपुर व आसपास के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भी आंखों की निशुल्क जांच व आपरेशन विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शंकरा आई हास्पिटल मे होगी। इसके लिए लायन्स क्लब और आरजे शंकर आई हास्पिटल मिलकर कार्य करने जा रहे हैं, इस सम्बन्ध में लायन्स क्लब का एक प्रतिनिधिमण्डल जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा के नेतृत्व में शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी गया और वहाँ सभी सुविधाओं का अवलोकन किया। तथा शंकरा आई हास्पिटल की एक टीम जौनपुर आयी, मीटिंग मे ये निर्धारित हुआ कि यहाँ आसपास कैप लगाकर मरीजों की आंखों की जांच होगी और मरीजों को चिन्हित कर वाराणसी स्थित शंकरा आई हास्पिटल मे सर्जरी कराई जायेगी और दवा व चश्मा भी प्रदान किया जायेगा।

पटैला दरगाह पर दो दिवसीय उर्स संपन्न

कव्वालों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील के पटैला दरगाह पर बाबा मीर शाह ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय उर्स का समापन शानदार अंदाज में हुआ। इस मौके पर आयोजित महफ़िल-ए-शमा में कव्वालों ने अपनी सूफ़ियाना प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।उन्नाव से आए मशहूर कव्वाल मोइन ताज चिश्ती ने अपने कलाम ।

÷ऐसे नारे पर हमारी कुर्बान सारी जिंदगी।÷

÷पांच नारा पंजतन के, एक नारा हैदरी।÷

पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं,कव्वाल महबूब ताज ने अपने कलाम।

÷मुसीबतों में यकीनन संभाल सकता है,
वो खाली कासे में दरिया को डाल सकता है।

पढ़कर महफ़िल को सूफ़ियाना रंग में डुबो दिया। उर्स के समापन के अवसर पर दरगाह पर चादरपोशी की गई, जिसके बाद सूफ़ियाना महफ़िल की शुरुआत हुई। यह आयोजन बाबा मीर शाह ट्रस्ट द्वारा हर साल आयोजित किया जाता है। इस साल भी इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लखनऊ, दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न जिलों और राज्यों से अकीदतमंदों ने आकर अपनी हाजिरी लगाई।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दरगाह सैकड़ों वर्षों से श्रद्धा का केंद्र रही है। विशेष रूप से हर गुरुवार को यहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं और अपनी मुरादें मांगते हैं। कहा जाता है कि दरगाह का संबंध जायस स्थित मदारी शाह की दरगाह से भी रहा है। इस कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दरगाह के खादिम इरशाद बाबा ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से हर साल की तरह इस साल भी उर्स का आयोजन सफ्ल रहा।इस मौके पर सपा जिला सचिव मुस्तकीम खान, कारी हलीम, अनीस खान, अय्यूब अहमद, मोइन भाई, ननकू नेता (मोहर्रम अली), मेराज अहमद, सरवर भाई, मोहम्मद असलम, रहमान सिद्दीकी, मुसफीक अहमद सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नशे में युवक कुर्सी से गिरा हेडरंजरी से मौत

बांदा। चचेरी बहन की शादी में शामिल होने गया युवक नशे की हालत में कुर्सी से नीचे गिर गया। जिससे उसके सिंर पर गंभीर चोटे आई। उसे कानपुर ले जाया जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सातर गांव निवासी 25 वर्षीय राकेश पुत्र वंश गोपाल अपनी चचेरी बहन की शादी मे शामिल होने अतर्रा के भग्गू पुरवा गांव गया था। बुधवार की रात नशे में घर के बाहर कुर्सी में बैठा नौटंकी देख रहा था। तभी अचानक चक्कर आ जाने से वह कुर्सी से नीचे गिर गया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटे आ गई। उसे हेड इंजरी हो गई थी। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

एबीवीपी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा

उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा हो नकल विहीन–अभाविप कुशभवनपुर

सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर जिला संयोजक तेजस्व पांडेय के नेतृत्व में छः सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिले में संपन्न होने जा रही उत्तर प्रदेश परीक्षा 2025 को सूचितापूर्ण एवं पारदर्शी कराने के संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई। जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा कि सुलतानपुर शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र रहा है। सुलतानपुर जिले के विद्यार्थी देश भर में अपना परचम लहरा रहे हैं ऐसे में उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 नकल विहीन, पारदर्शी, एवं सूचितापूर्ण हो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। परीक्षा में यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा गड़बड़ी पाई जाती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभगवनपुर आंदोलन के लिए बाध्य होगा । नगर मंत्री आदर्श शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर से ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं को बताते हुए आश्वाशन दिया कि उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए परिषद के सम्पूर्ण कार्यकर्ता जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग में रहेंगे । उक्त अवसर पर विभाग संयोजक शिवम , प्रांत कार्यकारणी सदस्य सत्यम एवं अमन, नगर मंत्री आदर्श एवं शिखर उपस्थित रहे।

गोलाघाट से टेढुई सड़क चौड़ीकरण परियोजना का हुआ शुभारंभ

सुल्तानपुर। जिले में प्रयाग-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोलाघाट से टेढुई के बीच सड़क चौड़ीकरण परियोजना का शुभारंभ किया गया। विधायक विनोद सिंह ने 68 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना की आधारशिला रखी और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरुण कुमार, प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह और राजेश पांडे की मौजूदगी में भूमि पूजन संपन्न हुआ। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि इस सड़क चौड़ीकरण का सपना उन्होंने बचपन से देखा था,जो वन विभाग और केंद्र सरकार के सहयोग से अब साकार हो रहा है। परियोजना के तहत अगले छह महीनों में यह सड़क फोरलेन जैसी चौड़ी हो जाएगी, जिससे यातायात सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

योगी सरकार ने 6 करोड़ लोगों को निकाला गरीबी रेखा से बाहर

आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने वाला बजट : सुशील त्रिपाठी

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 9 वां बजट गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी सरकार के इतिहास का सबसे बड़ा आठ लाख,आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। बजट की प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा यह बजट सनातन संस्कृति की 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है।यह बजट यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाएगा।उन्होंने कहा पिछले 8 वर्षों में योगी सरकार ने 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। पूर्व जिलाध्यक्ष,भूमि विकास बैंक के चैयरमेन गिरीश नारायन सिंह ने कहा इस बजट में सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग व हर क्षेत्र पर फोकस किया गया है। काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट प्रदेश के समग्र विकास को समर्पित है।आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने यूपी बजट की सराहना करते हुए कहा बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर फोकस किया है। वही कलेक्ट्रेट के सामने यूपी बजट पर चर्चा करते हुए सहकारी बैंक के डायरेक्टर अजय सिंह लीडर व किन्नू तिवारी, रमेश उपाध्याय, देवेन्द्र प्रताप सिंह व श्याम बहादुर सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट यूपी के चौतरफा विकास की गारंटी है। बजट में युवाओं को 92 हजार नई नौकरी, व्याज मुक्त लोन आदि से प्रदेश का युवा सशक्त व आत्मनिर्भर होगा। लोगों ने कहा प्रदेश में 58 जिलों में 400 करोड़ से स्मार्ट शहर विकसित किए जाएंगे। इसी के साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक 'उत्सव भवन' बनाया जाएगा।

तीन माह में राशन कार्ड धारक जरूर करा लें ई केवाईसी-डीएसओ

शासन ने ई केवाईसी के लिए अग्रिम तीन माह की अवधी

सुलतानपुर। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. के निर्देशानुसार राशन कार्ड लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराई जानी है। शासन के अनुसार ई-केवाईसी अभियान की निर्धारित समयावधि को अग्रिम 03 माह हेतु विस्तारित किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में समस्त राशन कार्ड धारक/लाभार्थी अपने परिवार के समस्त सदस्यों/यूनिटों की ई केवाईसी अग्रिम 03 माहों के भीतर उचित दर दुकान पर पहुँच कर ई-पॉश मशीन के माध्यम से अनिवार्य रुप से करा लें। जिससे भविष्य में राशन कार्ड धारक को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अपनी -अपनी उचित दर दुकान प्रत्येक समय खोलकर दुकान से सम्बद्ध समस्त अवशेष राशन कार्ड धारको/लाभार्थियो की समस्त यूनिटो/धारको का अनिवार्य रुप से अतिशीघ्र ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। विभागीय आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। समस्त लाभार्थी नवीन समयावधि में अवश्य ई केवाईसी करा ले।



जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी पर्वो को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ की गई पीस कमेटी की बैठक

जिलाधिकारी ने साफ-सफ़ाई, विद्युत एवं पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में आगामी पर्व-महाशिवरात्रि, होली एवं रमजान आदि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद स्तरीय शान्ति समिति पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से महाशिवरात्रि, होली एवं रमजान आदि त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक, पाबन्द की कार्यवाही व होलिका दहन स्थलां का भ्रमण आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक कराने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दियें। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से उनकी समस्याओं, सुझावों को प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि, होली एवं रमजान त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी।

जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियां से कहा कि होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि सम्वेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व पर सभी शिवालयों में साफ-सफाई, विद्युत एवं पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश सभी ई0ओ0 एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को दियें। इसके साथ ही उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा में डॉक्टरों की टीम को अवश्य तैनात किया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें तत्काल अवगत करायें। उन्हांने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियां को त्यौहार रजिस्टर का अध्ययन करने एवं त्यौहार के दिन एलर्ट रहने तथा भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण एवं सभी क्षेत्राधिकारीगण सहित सम्बन्धित अधिकारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण प्रेम चौधरी एवं नूरूल इस्लाम आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

अपार आईडी का कार्य पूरा न करने वाले 15 विद्यालयो की मान्यता समाप्त करने की दी संतुति

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह ने बृहस्पतिवार को विकास खंड सिराथू में संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालय के मानक एवं मान्यता से संबंधित अभिलेखों की जांच पड़ताल किया।

खंड शिक्षा अधिकारी डॉ0 प्रज्ञा सिंह ने सिराथू के मैदहाई में संचालित श्री जेपी सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची जहां निरीक्षण के दौरान एबीएसए को कक्षा एक से पांच तक विद्यालय संचालित मिला लेकिन विद्यालय की मान्यता नहीं थी , विद्यालय में नामांकन रजिस्टर एवं किसी भी प्रकार के कोई रजिस्टर व अभिलेख नहीं पाए गए। इस दौरान एबीएसए डॉ प्रज्ञा सिंह ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को कड़ी चेतावनी देते हुए विद्यालय को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। वहीं हकीमपुर अनेठा में संचालित श्री रामसिंह राम रानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान यू डायस के अंतर्गत छात्रों की प्रगति का विवरण एवं अपार आईडी सृजन से संबंधित जानकारी न मिलने एवं मान्यता आदि के अभिलेख न मिलने पर विधिक कार्यवाही हेतु चेतावनी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त विद्यालयों का निरीक्षण कर मान्यता संबंधित पत्रावलियों को देखा जाएगा कमी पाए जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी । साथ ही यू डायस के अंतर्गत अपार आईडी का कार्य पूरा न करने वाले 15 विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता समाप्त करने हेतु बीएसए को पत्राचार किया गया है।

कपड़ा बेचने जा रहा है व्यापारी हुआ घायल

लोकमित्र ब्यूरो

टेवां, कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्र के भक्तों का पूर्वक निवासी कमलाकांत 22 वर्ष पुत्र केसनलाल कपड़ा तेरी करके बेचने जा रहा था तभी जाते समय टेवां पावर हाउस पॉलिटेक्निक कॉलेज के बगल से देवी दयाल पूर्व जाने वाली रोड के पास ट्रक से टक्कर लग जाने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

दारू पीकर पानी टंकी में चढ़ रहे युवक की हुई मौत

कौशाम्बी। कालाघाट क्षेत्र के ऊपरी घाट कला निवासी मालू 30 वर्ष पुत्र गुलाब दारू पीकर पानी की टंकी में चल रहा था जिससे गिरकर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

बांदा। पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जिनमें थाना नरैनी पुलिस द्वारा तीन व थाना मटौंध पुलिस द्वारा दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।नरैनी कोतवाली पुलिस ने पप्पू उर्फ पुष्पेन्द्र पुत्र शिवप्रसाद निवासी दानी का पुरवा अंश खोरा थाना धरमपुर जनपद पन्ना मध्य प्रदेश, विजय कुमार उर्फ लड़का पुत्र स्वामीदीन निवासी दानी का पुरवा अंश खोरा थाना धरमपुर जनपद पन्ना मध्य प्रदेश, रमेश पुत्र शिवप्रसाद समस्त निवासी दानी का पुरवा अंश खोरा थाना धरमपुर जनपद पन्ना मध्य प्रदेश और मटौंध थाना पुलिस ने कपिल तिवारी पुत्र मुन्ना तिवारी निवासी त्रिवेणी थाना मटौंध और सोनीलाल पुत्र भवानीदीन निवासी कस्बा मटौंध शामिल हैं।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बैगवां में जाकर, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम बैरागीपुर में जाकर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा तिल्हापुर मोड़ में जाकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं, बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्वैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

सामाजिक न्याय और जातीय जनगड़ना कराना कांग्रेस पार्टी का वचन है- तमजीद अहमद

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न प्रदेश के प्रदेश प्रभारियों कि नियुक्ति बेहद चर्चा का विषय है, पार्टी ने राहुल गाँधी कि सोंच के अनुरूप लिस्ट में दलित पिछड़े, आदिवासी और मुस्लिम को प्रमुख स्थान दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मेंबर तमजीद अहमद ने कहा कि राहुल गाँधी ने कहा है कि सामाजिक समानता और जातीय जनगड़ना कांग्रेस पार्टी का वचन है। राहुल गाँधी जो कहते हैं वह करते हैं तो और वह पार्टी के अंदर हो रहे बदलाव में साफ नजर आयेगा। यहाँ तक कि कांग्रेस पार्टी कि सरकार ने जातीय जंगड़ना कराया और अब उसी रिपोर्ट के आधार पर सरकार सभी वर्गो के लिए विकास का कार्य करेगी। महत्वपूर्ण नियुक्तियों में दलित, पिछड़े, आदिवासियों, मुस्लिमों और संघर्षशील लोगों को स्थान मिलना इसी बदलाव का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है कि राहुल गाँधी कि कही बात को जनता तक ले जाने के लिए एक ऐसा संगठन तैयार किया जायेगा जिसमें पार्टी के सभी नेता एक ताकत बनकर पार्टी कि विचार और विचारधारा को जनता तक ले जाएँ। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कौशांबी में कांग्रेस का कार्यकर्ता इन नियुक्तियों से बेहद प्रफुल्लित और आशावान है कि आगे कि लड़ाई समाजवाद और समानतावाद के रास्ते लड़ी जायेगी जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पे मुख्य रूप से वरिस्ट नेता मो शाहिद सिद्दीकी, अल्पसंख्यक चेयरमैन सरवर आलम, श्रवण जयसवाल, अमित साहू, नदीम अहमद, सत्यवंत पटेल, नजमुल हसन रिजवी, कैसर अब्बास नकवी, वसीम तुर्क, मस्तूर अहमद, राम सागर मिश्रा, रवि प्रजापति, कैलाश सरोज, भुवनेश सरोज आदि लोगों ने खुशी व्यक्त किया।

देव प्रतिमाओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा, भंडारा आज

– सिद्धेश्वर मंदिर में परिवार के साथ विराजे महादेव

बांदा। इंदिरा नगर और दीपशिखा कालोनी के तत्वाधान में गुरुवार को जहां भगवान भोलेनाथ अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान हो गए, वहीं मंदिर प्रांगण में वीर बजरंगबली और जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित कराई गईं। रविवार से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य पुरोहित आचार्य गंगासागर शुक्ला और यजमान सीता तिवारी व चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने विधिविधान व वैदिक परंपराओं के बीच भगवान की पूजा कर हवन यज्ञ में आहुतियां दीं। शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

गुरुवार को महर्षि वामदेव वेलफेयर सोसायटी के संयोजन में नवनिर्मित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के साथ माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। वहीं मंदिर में परिसर में ही हनुमान और मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी स्थापित कराई गईं। सोसायटी के अध्यक्ष डा.अनिल त्रिपाठी ने बताया कि भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर के कपाट जनमानस के लिए खोल दिए गए हैं। गुरुवार को मुख्य यजमान सीता तिवारी व चंद्रिका प्रसाद तिवारी के साथ ही सोसायटी के पदाधिकारियों और मोहल्ले के लोगों ने हवन में आहुतियां दीं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन अवसर पर सीपी तिवारी ने मुख्य पुरोहित गंगासागर शुक्ला समेत विद्वान पंडितों की पूरी टीम को अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें विदाई देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पहले बुधवार को भगवान भोलेनाथ भव्य बारात निकाली गई और ढोल नगाड़ों व डीजे की धुन के बीच शोभायात्रा का नगर भ्रमण किया गया। सोसायटी के महासचिव मनोज त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, वार्ड नंबर 31 के सभासद राममिलन तिवारी, सोसायटी के संरक्षक प्रमोद त्रिवेदी, जगदीश गुप्ता, शिवकिशोर सिंह राठौर, राजेश जैन, रामू तिवारी, गुरुप्रसाद मिश्रा, संतोष द्विवेदी समेत मोहल्ले के तमाम महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

आई0जी0आर0एस0 सेल द्वारा 14 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य कुल 90 निस्तारित संदर्भो के विषय में शिकायतकर्ताओं से प्राप्त किया गया फीडबैक

लोकमित्र ब्यूरनो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में जनपद स्तर पर आई0जी0आर0एस0 संदर्भो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अनुश्रवण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में आई0जी0आर0एस0 सेल का गठन किया गया, जो लगातार निस्तारित सदर्भो के विषय में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त करता हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रहीं है।

जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी लगातार स्वयं निस्तारित आई0जी0आर0एस0 का सत्यापन स्वयं मौके पर जाकर किया जा रहा हैं। गठित आई0जी0आर0एस0 सेल द्वारा दिनांक 14.02.2025 से दिनांक 20.02.2025 के मध्य कुल 90 निस्तारित संदर्भो के विषय में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त किये गये, जिसमें से 34 शिकायतकर्ताओं द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दिया गया। उपजिलाधिकारी सिराथू के 06, उपजिलाधिकारी चायल के 03, जिला दिव्यांग अधिकारी के 02, अधिशासी अभियंता विद्युत के 01, जिला पंचायतराज अधिकारी के 03, प्रभारी अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशा0 के 01, उपखण्ड अधिकारी मंझनपुर विद्युत के 02, उपखण्ड अधिकारी चायल के 02, विद्युत अधिशासी अधिकारी मंझनपुर के 02, अधिशासी अधिकारी चायल के 01, अधिशासी अधिकारी चरवा के 02, अधिशासी अधिकारी भरवारी 01, सी0एम0ओ0 के 02, खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज के 01 थानाध्यक्ष महेवाधाट के 01, थानाध्यक्ष कारारी के 01 थानाध्याक्ष कड़ा धाम के 01, थानाध्याक्ष चरवॉ के 01 एवं थानाध्याक्ष संदीपन घाट के 01 संदर्भो में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागध्कार्यालय से स्पष्टीकरण मांगा गया। यह भी निर्देशित किया गया कि बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किये एवं बिना स्पॉट मेमो के आई0जी0आर0एस0 का निस्तारण कदापि न किया जाय। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा आई0जी0आर0एस0 सम्बन्धी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है, इससे जनपद आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में अग्रणी जनपद बनने की ओर अग्रसर हैं।

फिल्म दिखाकर कानून और न्याय पर चर्चा

नरैनी स्थित कस्तूरबा गाँधी विद्यालय में हुआ आयोजन

विश्व सामाजिक न्याय दिवस

बांदा। वनांगना संस्था की ओर से चलाये जा रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत नरैनी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया गया। फिल्म दिखाकर कानून और न्याय पर चर्चा की गई। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शोभा देवी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 20 फरवरी को मनाया जाता हैद्य इसका मकसद समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना, लिंग, नस्ल, असमानता, धार्मिक भेदभाव से संबंधित बढ़ाओ को दूर करना है। यह दुनिया भर में किए गए अअन्याय पर भी प्रकाश डालता है और समाधानों व सुधारों पर ध्यान देता है। बोल बसंतो फ़िल्म दिखाकर कानून और न्याय पर लड़कियों के साथ बातचीत की गई। छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि फिल्म में विधवा महिला ने हार नहीं मानी। अपना हक ले कर रही और कानून से न्याय भी मिला। इसी तरह महिलाओं को कभी हार नहीं माननी चाहिए चाहे उसे कितनी भी मुश्किलों का सामना करना पड़े। विद्यालय टीचर दीप्ति राजपूत ने कहा कि वनांगना संस्था द्वारा काफी अच्छी जानकारी दी जा रही है जो लड़कियों के लिए बहुत जरूरी है। कहा कि न्याय मिलने में समय लगता है, हमें लम्बी लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में वार्डन अर्चना सिंह, टीचर्स संगीता, दिव्या, अरविंद शामिल रहे। संस्था कार्यकर्ता फरजान खान द्वारा सभी का आभार करते हुए समापन किया गया।

महाविद्यालय परिसर को किया साफ, क्यारियों में की गुड़ाई

राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई के सामान्य कार्यक्रम के तहत गुरुवार को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर को प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सबीहा रहमानी, डॉक्टर जयंती सिंह, डॉक्टर नीतू सिंह के द्वारा आयोजित हुआ। सामान्य शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवी छात्राओं महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता और क्यारियों की गुड़ाई की। दूसरे सत्र में संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता द्वारा की गई।

मुख्य वक्ता के रुप में पूजा मंडलाध्यक्ष आकांक्षा समिति व पत्नी आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल रहीं। उन्होंने आकांक्षा समिति को पुनः आकार देकर महिला व बालिका विकास की दिशा सकारात्मक कार्य योजना के साथ कार्य कर रहीं हैं। विशिष्ट वक्ता के रूप में आकांक्षा समिति की कोषाध्यक्ष स्वाति सिंह उपस्थित रहीं। स्वाति सिंह ने छात्राओं के करियर एडवांसमेंट के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आकांक्षा समिति की आगामी सत्र 2025 में दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि हमें अपना भय निकाल कर अभ्यास के द्वारा शिक्षा और अपने गुणों के द्वारा विकास कर सकती हैं। संगोष्ठी को डॉक्टर जयंती सिंह, डॉक्टर नीतू सिंह ने भी संचालित किया। इस अवसर पर डॉक्टर आदित्य प्रताप सिंह, डॉक्टर सचिन मिश्रा उपस्थित रहे।

बोरा गोदाम में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के रीवा रोड चाका ब्लाक के सामने पटेल मार्केट स्थित बोरा के गोदाम में बुधवार की शाम एकाएक आग लग गई। जिसमें हजारों रुपए कीमती बोरा जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची, कई घंटे लगातार मशक्कत करने के बाद आग को बुझाया गया।मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को रीवा रोड चाका ब्लाक के सामने पटेल मार्केट स्थित बोरा गोदाम में एकाएक आग लग गई। आग की लपटे काफी ऊंचाई को चूमने लगी। इसी दौरान किसी ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई घंटे लगातार काफी मशक्कत करने के बाद आग को बुझाया गया। आग लगने से हजारों रुपए कीमती बोरा जलकर राख हो गया।

सम्मान निधि लाभार्थी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

बांदा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर फॉर एगीकल्चर) के तहत जिले के किसानों की फार्मर रजिट्री तैयार की जा रही है। पीएम किसान योजनान्तर्गत अग्रेतर मिलने वाली किस्त के लिए कृषक की फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। जिससे कृषि उत्पादों के विपणन, कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं फसल बीमा आदि का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी। उप कृषि निदेशक ने सभी कृषकों को सूचित करते हुए बताया है कि भारत सरकार द्वारा निरूपित उक्त मोबाइल एप अथवा वेब पोर्टल के माध्यम से स्वंय या स्थानीय जन सुविधा केन्द्र में अभिलेखों (आधार कार्ड, खतौनी व आधार लिंक्ड मोबाइल नम्बर) के साथ पहुंचकर 31 मार्च के पहले फार्मर रजिस्ट्री कराएं।

रास्ते में रोककर छात्रा से छेड़खानी पर चार वर्ष की सजा, अदालत ने चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। कक्षा 10 की छात्रा को रास्ते में रोककर उसके साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो को हेमंत कुमार की अदालत ने चार वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनायी। साथ ही चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी का सजायावी वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति प्रतिकर के रूप में अदा की जाएगी।विशेष लोक अभियोजक कमल सिंह गौतम ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र की एक गांव निवासिनी पीड़िता कक्षा-10 की छात्रा है। वह रोहन इंटर कालेज में पढ़ रही है। उसी के गांव का लड़का रामजी निषाद पुत्र रामनाथ 23 अक्टूबर 2017 को जब वह स्कूल जा रही थी तो स्कूल के पहले पुलिया के पास पहुंचते ही रामजी निषाद अपनी मोटरसाइकिल से आया और उसके पास खड़ा हो गया। कहा कि तुम्हारी साइकिल पंचर हो गयी है। मेरी मोटरसाइकिल में बैठ जाओ। बैठने से मना किया तो उसने मोटरसाइकिल से उतरकर पास में पेड़ के पास ले जाकर अश्लील हरकतें करने लगा। जबरदस्ती उसके हाथ में कंगन-चूड़ी, पैर में बिछिया पहनाई। साथ ही अश्लील हरकत करने लगा। चिल्लाने पर सड़क से गुजर रहे बच्चों ने स्कूल में जाकर क्लासटीचर व अन्य से बताया। जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो सबको देखकर भाग निकला। इस मामले का आरोप पत्र अदालत में पेश किया गया। दोषी के खिलाफ 29 मई 2018 को आरोप बनाया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने रामजी निषाद को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

गुम हुई दो बच्चियों को पुलिस ने किया बरामद, परिजनों को सौंपा

बांदा। तिंदवारी थाना पुलिस ने गुम हुई दो बच्चियों का आधे घंटे के अंदर पता लगाकर उन्हें बरामद कर लिया। इसके बाद उनके परिजनों को बुलाया और बच्चियों को सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस कार्यप्रणाली की सराहना की है।ऑपरेशन मुस्कान तहत गुरुवार को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गुम हुई दो बच्चियों के परिजनों का पता लगाकर आधे घण्टे के भीतर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि गुरुवार को पीआरवी 4346 को सूचना प्राप्त मिली कि बांदा-तिन्दवारी मार्ग पर दो बच्चियां रोती हुई मिली हैं, जो अपना नाम पता नही बता पा रही हैं । सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची और दोनो बच्चियों को थाने ले आई। थाना तिन्दवारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा तिन्दवारी व आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए आधे घण्टे के भीतर उनके परिजनों का पता लगाकर उनके पिता सत्येंद्र पुत्र जगतपाल यादव निवासी शंकर नगर थाना तिन्दवारी को उनकी दोनो बच्चियों को सकुशल सुपुर्द किया। परिजन द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए आभार जताया। पुलिस टीम में तिंदवारी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद राजावत, उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, कांस्टेबल अमन कोष्ठा, महिला कांस्टेबल प्रियंका पांडेय शामिल रहे।